खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :20°C


हल्द्वानी, शुक्रवार 15 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 258 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 27 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी: राजनाथ सिंह पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचे विराट कोहली खेल टाइम्स



सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार सम्पादकीय



ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी पेज 12

# वैश्विक संकट के बीच भारत का ब्रिक्स एकजुटता का आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और कमजोर होती बहुपक्षीय संस्थाएं वैश्विक व्यवस्था को अधिक नाजुक बना रही हैं और ब्रिक्स देशों को स्थिरता तथा वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार के लिए एकजुट होकर कदम उठाने चाहिए।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां हुए ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और



संस्थागत सुधारों पर केंद्रित संबोधन में कहा कि दुनिया अभूतपूर्व भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रही है। इसके पीछे सशस्त्र संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि ये संकट अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि

**■ विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में प्रतिबंधों और आतंकवाद पर जताई चिंता**

वैश्विक चुनौतियों का ऐसा संगम हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और जिनका सबसे अधिक असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिरता, सतत विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिक्स देशों को केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रभावी और समन्वित समाधान विकसित करने चाहिए। डा. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की बुनियाद रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवाद और कूटनीति ही संघर्षों के समाधान के टिकाऊ उपाय हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ईंधन बचाने के मद्देनजर अपने कर्मचारियों के लिए सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने का फैसला लिया है और कुछ उपायों की घोषणा की है। सरकार ने दिल्ली में ईंधन बचत, प्रदूषण कम करने और 'मेड इन इंडिया' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा भारत, मेरा योगदान अभियान के तहत व्यापक दिल्ली 'एक्शन प्लान' जारी किया है। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए घर से काम करने, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की गई है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र को भी कर्मचारियों के सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। सरकारी कार्यालयों का समय अलग-अलग करने और सोमवार को मेट्रो डे मनाने की बात कही गई है, ताकि लोग अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

### ईरान ने यूएई तट के पास एक जहाज को किया जब्त

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट के पास लंगर डाले एक जहाज को अज्ञात लोगों द्वारा जब्त कर ईरान की दिशा में ले जाने की खबर सामने आई है। इस घटना की पुष्टि ब्रिटिश सैन्य संगठन यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने की है। घटना के बाद पूरे होर्मुज स्ट्रेट क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। यह जहाज फुजैरा बंदरगाह से लगभग 38 समुद्री मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में लंगर डाले था, जब उस पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया।

### सबरीमाला मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं की एंट्री और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई गुरुवार को पूरी कर ली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता में 9 जजों वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने 16 दिन तक केंद्र, धार्मिक संगठनों और याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं। कोर्ट धार्मिक स्वतंत्रता, अनुच्छेद 25 और 26 के दायरे, संवैधानिक नैतिकता और धार्मिक प्रथाओं में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा जैसे कई अहम संवैधानिक सवालों पर फैसला देगी। इनमें सबसे अहम मासिक धर्म के उम्र वाली 10 से 50 साल की महिलाओं की सबरीमाला मंदिर में एंट्री का विवाद है।

# 16 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR की घोषणा

## चुनाव आयोग ने तीसरे चरण का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है।

आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसम्बर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितम्बर से दिसम्बर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी। आयोग ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर -शेष पृष्ठ दो पर

**■ 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर जाकर करेंगे सर्वेक्षण**




### सीईसी ने की एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील की है। श्री कुमार ने गुरुवार को 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तीसरे चरण के शुभारंभ के कार्यक्रम की घोषणा पर कहा कि मैं सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण में उत्साहपूर्वक भाग लेने और अपने मतदाता-गणना प्रपत्र भरने की अपील करता हूं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि एसआईआर का संचालन यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं के नाम शामिल हों।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग में नियुक्तियों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार को ही फैसला करना है, तो सिलेक्शन कमेटी में विपक्ष के नेता (एलओपी) को रखकर स्वतंत्रता का दिखावा करने की जरूरत क्या है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर की सिलेक्शन कमेटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली

**■ कहा: सरकार को ही फैसला लेना है, तो कमेटी में नेता विपक्ष को रखने का दिखावा क्यों**

समिति में कोई स्वतंत्र सदस्य नहीं रखा गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मौजूदा कमेटी में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल हैं। इनमें बहुमत के आधार पर एक नाम का चयन होता है। अभी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं। पूरा मामला मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं से जुड़ा है। इस पर कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नई चयन प्रक्रिया में केंद्र को ज्यादा अधिकार दिए गए हैं, जिससे आयोग की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। यह चुनौती सुप्रीम कोर्ट की 2023 के फैसले 'अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ' के बाद सामने आई है। उस फैसले में कहा गया था कि जब तक संसद कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयोग में नियुक्तियां प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई वाली समिति के जरिए की जाएंगी।

# दिल्ली में चलती स्लीपर बस में गैंगरेप

**नई दिल्ली।** एक भयावह घटना ने राष्ट्रीय राजधानी को एक बार फिर झकझोर दिया है। सोमवार देर रात दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक चलती स्लीपर बस के अंदर 30 वर्षीय महिला का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया।

पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई बस को जब्त कर लिया है और पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीतमपुरा की एक झुग्गी बस्ती

**■ समय पूछने पर महिला को चलती बस में खींचा**

निवासी पीड़िता मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। रात की शिफ्ट खत्म करने के बाद वह घर जा रही थी, जब वह सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड पर पहुंची। वहां एक स्लीपर बस खड़ी थी। जब उसने बस के दरवाजे पर खड़े एक युवक -शेष पृष्ठ दो पर

### वीडी सतीशन केरलम के सीएम होंगे

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन पारावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम सीएम वीडी सतीशन होंगे। नाम का ऐलान होने के बाद सतीशन ने कहा कि मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं।

## पश्चिम एशिया संकट का असर: कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से दबाव

# अप्रैल में 8.30 % पर पहुंची थोक महंगाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है।

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भारी

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा**

उछाल दर्ज किया गया है। मार्च महीने में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर थी, जो अप्रैल में तेजी से बढ़कर 8.30 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इस जबरदस्त वृद्धि के पीछे मुख्य कारण ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में आई बेतहाशा तेजी है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, अप्रैल 2026 में महंगाई की दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक महंगाई में आया यह तेज उछाल सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को दर्शाता है। इसके साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट की प्रभावी नाकेबंदी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। यह जलमार्ग भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत अपने आयातित कच्चे तेल का अधिकांश हिस्सा इसी मार्ग से प्राप्त करता है।

Heartiest Congratulations!
To All Passouts of 12th CBSE Board

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & Maa Shakumbhari University, Saharanpur, SCERT Prayagraj & Approved by AICTE, NCTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]

Register Now! for session 2026-27
SUNDAY OPEN

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.)
BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004 / 06 / 07 / 08 / 14
9027670028 / 8077371392

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(CBZ)
B.COM B.Sc(Home Sc.) B.Sc(Microbiology)
B.A. B.Sc(PCM) with Computer Science
8937095005/13/15/17

S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27

S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998

Our Partners
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan

REGISTER ONLINE @ www.sdgroupofcolleges.edu.in

आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM

Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

## संक्षिप्त समाचार

### ईंधन बचाने की पहल विधान परिषद की संसदीय समितियों के भ्रमण कार्यक्रम स्थगित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फ्लीट 50 प्रतिशत कम करने के फैसले के बाद अब उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने भी बड़ा कदम उठाया है। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण के सभी कार्यक्रमों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा. राजेश सिंह ने बताया कि अब संसदीय समितियों की बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारी अग्रिम आदेशों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे। इससे अधिकारियों का जिलों में आना-जाना कम होगा और ईंधन की बचत होगी।

### केरल में सतीशन कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए

**नई दिल्ली।** केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीडी सतीशन को पार्टी विधायक दल का नेता घोषित किया गया है। कांग्रेस की केरल प्रदेश प्रभारी दीपादास मुंशी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में में बताया कि सतीशन को केरल में पार्टी विधायक दल का नेता बनाया गया है। इस मौके पर उनके साथ केरल के लिए नियुक्त किए गए केन्द्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक भी मौजूद थे। श्रीमती दास मुंशी ने बताया कि गत सात मई को तिरुवनंतपुरम में पार्टी विधायक दल की बैठक में नेता चुनने का अधिकार पार्टी हाईकमान को दे दिया गया था। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोस में पार्टी के नेता राहुल गांधी, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों तथा केरल के पार्टी सांसदों और अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श किया।

## कई जिलों में आंधी से सैकड़ों पेड़ धराशाई, बिजली के खंभे उखड़े

# उप्र में चक्रवाती तूफान व बारिश से 104 मरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को चक्रवाती तूफान और बारिश ने जम कर कहर बरपाया। मौसम जनित हाद.सों में पूरे राज्य में 104 से अधिक लोग अकाल मृत्यु का शिकार हुए। प्रयागराज, भदोही, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सीतापुर और बहराइच समेत कई जिलों में आंधी से सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए, जबकि बिजली के खंभे उखड़ने से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई और कई इलाके अंध.ेरे में डूब गए।

आंधी बारिश से दर्जनों कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा। आंधी-पानी की चपेट में आने से



■ सीएम ने 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने का दिया निर्देश, बांदा रहा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म

अलग-अलग जिलों में 104 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान और टीन शेड उड़ गए, वहीं फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश और धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मरने वालों में भदोही में 18, मिर्जापुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6, सीता.पुर, रायबरेली, चंदौली, कानपुर देहात, हरदोई और संभल में दो-दो, कौशांबी, शाहजहांपुर, सोनभद्र और लखीमपुरखीरी में एक-एक लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर रात बैठक कर आंधी, बेमौसम बारिश, आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं की समीक्षा की और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए। योगी ने प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर जाने के लिए कहा। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

### आंधी में उड़ा व्यक्ति दूर जाकर खेत में गिरा

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के भमोरा थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान एक हैरान कर देने वाला हादसा सामने आया, जिसमें बारातघर की उड़ती टीननुमा चादर को पकड़ने का प्रयास कर रहा एक व्यक्ति हवा में उड़कर दूर खेत में जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर में कई फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं। ग्राम बबियाना निवासी नन्हे (50) गांव में बने बारातघर के पास खड़े थे। अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवाओं के कारण बारातघर की टीन की चादर उड़ने लगी। इसी दौरान नन्हे उसे संभालने के लिए उससे जुड़े लोहे के पाइप को पकड़ लिया, लेकिन हवा का दबाव इतना तेज था कि वह खुद भी चादर के साथ कई फीट ऊपर उठ गए।

# आंधी-तूफान से हुई 104 मौतों पर अखिलेश ने जताया दुख

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में आए भीषण आंधी-तूफान से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भदोही, फतेहपुर, सोनभद्र, बदायूं समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई, जबकि घर, पेड़ और दीवारें गिरने से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

सपा अध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के लिए बेहतर और मुफ्त इलाज की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा प्रभावित इलाकों में शीघ्र खाना-पानी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं,



उनके लिए अस्थाई रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। यादव ने कहा कि मृतकों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जाए और आपदा में हुए जानमाल, फसल तथा वाहनों के नुकसान का जल्द आकलन कर प्रभावित परिवारों को बीमा राशि और उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सपा के कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि जो लोग इस आपदा से अप्रभावित हैं, वे पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता के लिए आगे आएं। सपा प्रमुख ने मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# दिल्ली में फिर चलती बस में दुष्कर्म समाज के लिए कलंक: आप

नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दिल्ली की सड़कों पर चलती बस के अंदर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म ने एक बार फिर निर्भया कांड की यादें ताजा कर दी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली में एक बार फिर चलती बस में दुष्कर्म हुआ। हमने निर्भया से कुछ नहीं सीखा। यह हादसा पूरे समाज के लिए कलंक है।

आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि दिल्ली में निर्भया कांड दोहराया गया है। 30 साल की एक महिला को रात में बस में समय पूछने के बहाने अगवा कर लिया गया और इसके बाद चलती बस में करीब दो घंटे



■ निर्भया कांड की यादें ताजा हुई, केजरीवाल और सौरभ ने उठाए सवाल

तक कई लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। यह बस दिल्ली के रानी बाग इलाके में सात किमी तक घूमती रही। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस से और क्या उम्मीद की जा सकती है, जिसके मुखिया उपराज्यपाल चाहते हैं कि दिल्लीवासी उनकी रील देखें, जिनमें वे छोले-भटूरे और जलेबी खा रहे हैं। श्री भारद्वाज ने कहा कि चलती बस में ड्राइवर और कंडक्टर ने महिला का सामूहिक दुष्कर्म किया। यह जानकारी दिल्ली पुलिस ने मीडिया को देर से क्यों दी। इसके पीछे क्या कारण था? क्या पुलिस दुष्कर्म की घटना को दबाना चाहती थी? क्या पुलिस पीड्तिा पर दबाव बनाना चाहती थी, मामले को दबाने की कोशिश कर रही थी या फिर आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मीडिया को बताना चाहती थी कि ऐसा हुआ था, मगर पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार रीव्स पर चलती है। हमारी आपत्ति रील्स बनाने पर नहीं है, बल्कि उन्हें अपने हिंसाब से एडिट और पेश करने पर है। दिल्लीवाले सरकार के ऑडियंस नहीं हैं, लेकिन आज भाजपा ने दिल्ली के नागरिकों और मतदाताओं को महज एक ऑडियंस बना दिया है।

# रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी:राजनाथ

नई दिल्ली, वार्ता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया है और कहा है कि तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकती।

सिंह ने गुरुवार को यहां प्रमुख रणनीतिक संवाद 'कलम और कवच' में अपने वर्चुअल संदेश में कहा कि इस मंच का नाम ही देश के भविष्य के सुरक्षा ढांचे की सशक्त दृष्टि को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कलम विचारों, तर्क और आगे की सोच रखने के साहस का प्रतीक है। कवच शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा करने की क्षमता का प्रतीक है। जो देश स्पष्ट रूप से सोच सकता है और मजबूती से अपनी रक्षा कर सकता है, वही दुनिया में ऊंचा खड़ा होता है। हम ऐसे ही भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं।

वैश्विक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर सिंह ने कहा कि दुनिया भर में रणनीतिक परिदृश्य लगातार अधिक अनिश्चित, प्रतिस्पर्धी और प्रौद्योगिकी- आधारित होता जा रहा है। उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव, संघर्ष, साइबर खतरे, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी और हाइब्रिड युद्ध के उभरते स्वरूपों को देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा पुराने आयामों पर आधारित नहीं रह सकती। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनी.तिक आत्मविश्वास आवश्यक है।ष रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि भारत के लिए रणनीतिक आवश्यकता



■ तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकते: रक्षा मंत्री

है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं के लिए अत्यधिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहता है, वह संकट के समय कमजोर बना रहता है। हमें अपने राष्ट्रीय तंत्र के भीतर ही प्रमुख प्रणालियों का डिजाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव और उन्नयन करना होगा। इसी तरह हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सुरक्षित रख पाएंगे।

रक्षा मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के बीच अधिक समन्व्य की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि आधुनिक युद्ध में कई क्षेत्रों के बीच निरंतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध पारंपरिक सीमाओं का सम्मान नहीं करता। सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम अपनी थल, जल, वायु, साइबर और अंतरिक्ष सेनाओं को कितनी दक्षता से एक साथ ला पाते हैं। यह इस पर भी निर्भर करेगा कि हमारी प्रयोगशालाएं, उद्योग, स्टार्टअप, नीति निर्माता और सैन्य संस्थान कितनी निकटता से मिलकर काम करते हैं। रक्षा तैयारियों में तेजी से नवाच.ार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में वही देश आगे रहेंगे, जो विचारों को तेजी से परिचालन क्षमता में बदल सकें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75398.72
निफ्टी 23689.60

सोना 152887 प्रति 10 ग्राम
चांदी 257055 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में तेजी जारी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत चढ़े

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग, धातु और फार्मा सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी देखी गई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 789.74 अंक (1.06 प्रतिशत) चढ़कर 75,398.72 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में तेजी रही है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक.ांक भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.17 प्रतिशत चढ़ा, जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। निफ्टी आईटी सूचकांक 1.99 प्रतिशत गिर गया। धातु, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत तक ऊपर रहे। बैंकिंग, वित्त, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने



अच्छा पैसा लगाया। सेंसेक्स में भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक सवा पांच फीसदी से ज्यादा की बढ़त में रहा। कंपनी के अच्छे तिमाही परिणाम के बाद यह तेजी देखी गई। इटरनल का शेयर सवा तीन प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का ढाई फीसदी और अडानी पोर्ट्स का दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयर एक से दो प्रतिशत तक चढ़े। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआई सीआई बैंक, टाटा स्टील, एलएंडटी, इंडिगो और बजाज फिनसर्व के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 4.37 लाख के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वाहनों की मांग में पिछले साल सितम्बर के बाद से जारी तेजी इस साल अप्रैल में भी बरकरार रही और घरेलू बाजार में यात्री वाहनों तथा तिपहिया वाहनों की रिकॉर्ड थोक बिक्री दर्ज की गई। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की बिक्री, जिनमें कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं, अप्रैल में सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल अप्रैल में देश में 3,48,847 यात्री वाहन बिके थे। तिपहिया की बिक्री में 32.8 प्रतिशत का उछाल आया और यह 65,668 इकाई के नए मासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

# गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में नरमी दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव स्थिर रहा। चावल के साथ चीनी की कीमतों में भी टिकाव रहा। गेहूं महंगा हुआ, जबकि खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,786 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे में भी टिकाव देखा गया। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 31 रुपये और तुअर दाल की 26 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल 14



रुपये और मसूर दाल 13 रुपये सस्ती हुई। चना दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 42 रिंगिट टूटकर 4,396 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73.31 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 107 रुपये और वनस्पति की 46 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 27 रुपये और सरसों तेल 18 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 17 रुपये और सोया तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया।

मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी की कीमत गत दिवस से स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7666.92 रुपये, मसूर काली 8094.74 रुपये, मूंग दाल 10172.90 रुपये, उड़द दाल 10824.16 रुपये, तुअर दाल 11243.65 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**16 राज्यों...** पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा। आयोग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदाता सूची के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसमें बर्फ से ढके क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखा जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के तीसरे चरण में दिल्ली को शामिल किया जाएगा, जहां 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण में 16 राज्य आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, कर्नाटक, तेलंगाना, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा और तीन केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन-दीव शामिल होंगे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का दूसरा चरण नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवम्बर 2025 से किया गया था। इस चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एसआईआर किया गया। इनमें से चुनावी राज्य तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। जबकि एसआईआर के पहले चरण में सिर्फ बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था।

**दिल्ली में...** से समय पूछा, तो आरोपियों ने जवाब देने के बजाय उसे जबरदस्ती बस के अंदर खींच लिया। पीड़िता के अनुसार, जैसे ही उसे बस में घसीटा गया, आरोपियों ने दरवाजा बंद कर दिया और चालक को बस चलाने का निर्देश दिया। चलती बस के अंदर, दो लोगों ने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया। यह त्रासद घटना लगभग 7 किलोमीटर तक नांगलोई मेट्रो स्टेशन तक जारी रही। लगभग दो घंटे तक यौन उत्पीड़न करने के बाद, आरोपियों ने उसे खून से लथपथ हालत में रात करीब 2 बजे सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गए। हमले के तुरंत बाद पीड़िता ने पुलिस को फोन किया। पहली कॉल नांगलोई पुलिस स्टेशन को गई, लेकिन चूंकि अपराध स्थल रानी बाग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता था, इसलिए मामला स्थानांतरित कर दिया गया। एक महिला सब-इंस्पेक्टर पीड़िता को बाबासाहेब अंबेडकर अस्पताल ले गईं, जहां चिकित्सा जांच में सामूहिक बलात्कार की पुष्टि हुई। डाक्टरों ने पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी, लेकिन उसने इन्कार कर दिया। उसने बताया कि उसके पति को टीबी है और वे घर पर ही रहते हैं। दंपति की तीन बेटियां हैं, जिनकी उम्र 8, 6 और 4 साल है। अस्पताल में भर्ती होने पर बच्चों का पेट कौन भरेगा, इस चिंता में उसने गंभीर चोटों के बावजूद घर पर ही इलाज कराने का विकल्प चुना। पुलिस ने बिहार रजिस्ट्रेशन नंबर वाली बस को जब्त कर लिया है। बस मालिक से संपर्क कर लिया गया है और चालक के साथ-साथ दो मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। बस के रूट और आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि बस के अंदर पर्दे लगे हुए थे, जिससे बाहर से कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। बस के अंदर से सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। बस को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# होसबले के पाक से बातचीत संबंधी बयान का किया स्वागत

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाले बयान का स्वागत किया है।

अब्दुल्ला ने कहा कि यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा। गौरतलब है कि होसबले ने हाल ही में कहा था कि भारत को सीमा पार आतंकवाद का कड़ाई से जवाब देना चाहिए, लेकिन साथ ही पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे भी खुले रखने चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ा कदम है। होसबले ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत होनी चाहिए और आज



■ नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला बोले- युद्ध कोई विकल्प नहीं है

पूर्व सेना प्रमुख ने भी उनके बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है। यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निक.ालना चाहिए। अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के दूसरे ऐसे बड़े राजनीतिक नेता बन गए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के साथ बात.चीत की वकालत करने वाले होसबले के बयान का स्वागत किया है। इससे पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में स्थाई शांति के लिए दोनों देशों के बीच लगातार संपर्क जरूरी है। होसबले की इस टिप्पणी ने वर्षों से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों, सीमा पर तनाव और औपचारिक द्विपक्षीय बात.चीत के निलंबन के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर राजनीतिक और रणनीतिक हलकों में एक नई बहस छेड़ दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि आज दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी। मुझे उम्मीद है कि ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा।ष बड़ी ताकतों से जुड़े चल रहे कूटनीतिक प्रयासों का जक्रि करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चीन में हैं। मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा, ताकि शांति बनी रहे। जब उनसे प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के काफिले के आकार में की गई कटौती के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है और इससे पता चलता है कि हमारे पास ईंधन की कमी है और जाहिर है, जब कमी है तो हमें उसे पूरा करना होगा। मुझे यकीन है कि हर कोई अपने काफिले का आकार कम करेगा।

### बाइस साल में 54 बार विदेश यात्रा पर गए राहुल: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने और वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है तथा सवाल किया है कि उनके विदेश दौरे का खर्च कौन उठाता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के विदेश दौरे का ब्योरा दिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए गांधी पिछले 22 वर्ष में 54 बार विदेश यात्रा पर गए और इन दौर पर 64 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आया, जो एक बड़ी जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि गांधी ने जिन देशों के दौरे किए, उनमें इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल है।

# सीएम के हाथों 307 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को कुल 307 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिसमें 243 चिकित्सा अधिकारियों, 42 फार्मासिस्ट, उद्यान विभाग के अन्तर्गत 22 प्रयोगशाला सहायकों एवं मशरूम पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल रोजगार का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की सवा करोड़ जनता की सेवा का संकल्प पत्र है।

मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण राज्य में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों में संकट की घड़ी में जनता की पहली उम्मीद स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्मिक ही होते हैं। उन्होंने नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि वे संवेदनशीलता, समर्पण और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

आयुष्मान योजना के माध्यम से लाखों परिवारों को उपचार का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में अब तक 62 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं तथा लगभग 12 लाख मरीजों का 2200 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और संचालन तेजी से किया जा रहा है।

वर्तमान में प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि 2 निर्माणाधीन हैं। इसके साथ ही 9 नर्सिंग कॉलेज और 3 नर्सिंग स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा हल्द्वानी में आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण प्रगति पर है। दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन एवं हेली एंबुलेंस सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, विधायक उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, सचिव सचिन कुर्वे, डॉ. एस. एन. पाण्डेय एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



■ कहा, नियुक्ति पत्र नहीं, यह है जनसेवा का संकल्प पत्र

■ साढ़े चार वर्षों में राज्य में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी

### राज्य सरकार कृषि एवं उद्यानिकी को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्धः धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि एवं उद्यानिकी को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कीवी, ड्रैगन फ्रूट, हाई डेंसिटी एप्पल, मशरूम उत्पादन तथा मधुमक्खी पालन जैसी उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव नियुक्त युवा प्रदेश को कृषि नवाचार और आधुनिक उद्यानिकी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सभी भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता से हो रही है। प्रदेश में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इसका परिणाम है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं।

### उत्तराखंड में मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाएं : जोशी

कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा अतिसघन सेब बागवानी, कीवी मिशन, ड्रैगन फ्रूट मिशन, मधुमक्खी पालन नीति तथा जाइका परियोजना जैसी विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत के रूप में उभर सकता है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उनके सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा।

### राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी : सुबोध

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि नये चिकित्सकों और फार्मासिस्ट की नियुक्ति होने से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों तक चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता हो और लोगों को अपने निकटतम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चिकित्सक पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ जन सेवा के प्रति समर्पित रहेंगे।

# केदारनाथ यात्रा में हेली टिकट के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी करने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों द्वारा यात्रियों की आस्था और जल्द दर्शन की मजबूरी का फायदा उठाते हुए लाखों की धोखाधड़ी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामले में कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नैनीताल निवासी तारादत्त ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी एवं अन्य परिजनों के लिए केदारनाथ धाम की हेलीकॉप्टर टिकट बुक कराने को लेकर अनिल नौटियाल नामक व्यक्ति से संपर्क किया था। आरोपी ने खुद को टिकट बुकिंग कराने में सक्षम बताते हुए विश्वास में लिया और अलग-अलग किश्तों में कुल 41,600 ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए।

पीड़ित के अनुसार आरोपी ने पहले 27,000 और बाद में 14,600 की अतिरिक्त रकम मांगी, जिसे उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से भेज दिया। लेकिन जब 1 मई 2026 को वे फाटा हेलीपैड पहुंचे तो उन्हें कोई टिकट उपलब्ध नहीं कराया गया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने

■ साइबर जालसाज सक्रिय, 41 हजार रुपये ऐंठकर आरोपी फरार

फोन उठाना बंद कर दिया और बाद में मोबाइल भी स्विच ऑफ कर लिया। काफी इंतजार और संपर्क के प्रयासों के बाद पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने आरोपी अनिल नौटियाल पुत्र घनश्याम नौटियाल निवासी मुनिक. रेती, टिहरी गढ़वाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 318 (4) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस द्वारा एफआईआर संख्या 0016/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर टिकट केवल अधिकृत और सरकारी वेबसाइट के माध्यम से ही बुक करें। किसी भी अनजान व्यक्ति, सोशल मीडिया एजेंट या फर्जी दलाल के झांसे में आकर ऑनलाइन भुगतान न करें। यात्रा सीजन में बढ़ती भीड़ के बीच साइबर ठग सक्रिय हो चुके हैं, ऐसे में श्रद्धालुओं को सावधानी और सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है।

# आम लोगों की मेहनत की कमाई लूटने वालों को नहीं बख्शा जायेगा: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बहुचर्चित एलयूसीसी चिटफंड घोटाले में सीबीआई द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि गरीब व मेहनतकश जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वालों की अब खैर नहीं है। उन्होंने कहा कि चिटफंड योजनाओं के नाम पर लोगों को ठगने वाले घोटालेबाजों पर अब कानून का शिकंजा कस चुका है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

डॉ. रावत ने कहा कि एलयूसीसी ने पहाड़ के भोले-भाले एवं मेहनतकश लोगों को अनियमित जमा योजनाओं में अधिक लाभ का लालच देकर अवैध तरीके से करोड़ों रुपये की ठगी की है। इस प्रकरण में सीबीआई ने ठोस कार्रवाई करते हुये पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हजारों निवेशकों ने राहत की सांस ली है। डॉ. रावत ने विश्वास जताया कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से जांच कर सभी दोषियों को कानून के तहत कठोर दंड दिलाएंगी। डॉ. रावत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार आर्थिक अपराधों और भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित निवेशकों के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भविष्य में इस प्रकार के चिटफंड घोटालों और वित्तीय अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। डॉ. रावत ने कहा कि कुछ विपक्षी नेता पीड़ित लोगों को गुमराह कर उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं।



■ एलयूसीसी घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई से निवेशकों ने ली राहत की सांस

■ कहा, सरकार आम जनता के साथ, आरोपियों के खिलाफ होगी ठोस कार्रवाई

# उत्तराखण्ड सहित 19 राज्यों में 29 मई से शुरु होगा एसआईआर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने गुरुवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कान्फ्रेंस कर आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण में 19 राज्यों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की घोषणा कर दी है। उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम के निर्देशन में एसआईआर की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड में 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग, कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य सम्पादित किए जाएंगे। 8 जून से 7 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन करेंगे। उत्तराखण्ड में 14 जुलाई को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा। इसी क्रम में 14 जुलाई से 13 अगस्त के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 10 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में 11733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनैतिक दलों द्वारा 21 हजार 808 बीएलए की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आगामी अप्रैल माह से प्रदेश में और भी सघन डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कम मैपिंग वाले बूथ पर स्पेशल फोकस करते हुए मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में प्रत्येक बूथ पर एब्सेंट, शिफ्टेड और डेथ सूची तैयार की जा रही है, ताकि मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य और गहनता से किया जा सके। इस अवसर पर एसीईओ मस्तू दास, मीडिया नोडल अधिकारी रवि विजारनियां मौजूद रहे।



### एक क्लिक पर अपने बीएलओ के लिए बुक करा सकते हैं फोनकॉल

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ष्बुक ए कॉल विद बीएलओष के फीचर से मतदाता एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करके या ईसीआई व एनईजी मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 11733 पोलिंग बूथों के सापेक्ष सभी दलों द्वारा 21808 बीएलए की ही नियुक्ति हुई है।

■ 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग

■ कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य होंगे सम्पादित

■ 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ करेंगे घर-घर सर्वे

# प्रत्येक विकासखण्ड में विकसित होंगे आदर्श कृषि व उद्यान गांव: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड से एक-एक गांव का चयन कर उसे कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाए, ताकि स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके।

गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, जलवायु, भूमि की गुणवत्ता और स्थानीय आवश्यकताओं का अध्ययन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किस क्षेत्र में कौन-से फल, सब्जियां अथवा अन्य कृषि उत्पाद अधिक बेहतर ढंग से विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष की विशेषताओं के अनुरूप योजनाबद्ध कार्य कर राज्य को कृषि और बागवानी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड को आगामी तीन वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं में किसानों के हित सर्वोपरि होने चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पन्त, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से प्रदेशभर में किसानों के लिए बड़े स्तर पर कृषि गोष्ठियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बेहतर खेती के तरीकों तथा उच्च गुणवत्ता वाले पौध, बीज और खाद उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से तिलहनी फसलों जैसे सरसों, तिल, सूरजमुखी, सोयाबीन के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को इन फसलों के प्रति जागरूक किया जाए, जिससे कृषि विविधीकरण को बढ़ावा मिले और किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त हो।

मुख्यमंत्री ने बायो गैस संयंत्र और सौर ऊर्जा संचालित पंपों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उत्तराखण्ड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार डब्बू, सचिव डॉ. एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव बंशीधर तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

■ किसानों की आय बढ़ाने, जैविक खेती, वैज्ञानिक तकनीक और विपणन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तीन वर्षीय कार्ययोजना बनाने के मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश



### पूर्व सैनिक से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ऋषिकेश।** कोतवाली ऋषिकेश पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत कार्रवाई करते हुए एक पूर्व सैनिक और उनकी पत्नी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। 10 मई को ओम विहार कॉलोनी, गुमानीवाला निवासी पूर्व सैनिक राय सिंह बिष्ट ने तहरीर दी थी कि आरोपी मनीष ने रात के समय उनके घर की दीवार फांदकर जबरन प्रवेश किया और उनके व उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन फेंक दिया।

एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर गुरुवार को अभियुक्त मनीष पुत्र देवेन्द्र शर्मा को गुमानीवाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुमित चौधरी और कांस्टेबल शेखर सैनी शामिल रहे।

# महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में एडमिशन का एक मौका और मिलेगा: रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट में एडमिशन के लिए प्रतिभाशाली छात्राओं को एक अवसर और दिया जाएगा। समीक्षा बैठक में खेल मंत्री ने अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं।

सचिवालय के एफआरडीसी सभागार में आयोजित बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अभी तक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट में एडमिशन के लिए 1000 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। लेकिन जानकारी का अभाव होने के चलते अगर कुछ मेधावी बालिकाएं आवेदन नहीं कर सकी है तो उनका स्पाट ट्रायल के जरिए एडमिशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 16 पद सृजित कर दिए गए हैं और इन्हें जल्द से जल्द भरा जाएगा। 1 जुलाई से पहला सत्र शुरू किया जाएगा। बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने निर्देश दिया कि हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय की कक्षाएं भी इसी सत्र से शुरू होनी है और इसकी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को 38 वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जॉब देने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इसी साल इसकी विज्ञप्ति जारी करनी है और इस प्रक्रिया को गति देने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से बैठक का समय मांगने के लिए पत्र भेजा है।



■ आवेदन का समय आज खत्म, स्पाट ट्रायल के जरिए अवसर देने के निर्देश

### वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट की पॉलिसी तय

बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार उत्तराखंड में विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट की नीति तय कर दी गई है। इसके तहत सभी 13 जनपदों के लिए एक-एक खेल का चयन किया गया है।

# पुलिस सेटिंग के नाम पर रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस के 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत ऋषिकेश पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक स्थानीय कारोबारी को झूठे मुकदमों में फंसाने का डर दिखाकर 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले गिरोह के तीन और सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत तीन आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं।

गंगानगर, ऋषिकेश निवासी कारोबारी अतुल गुप्ता ने 10 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि अनुज गोयल और उसके साथियों ने उन्हें हत्या के प्रयास और लूट के झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। आरोपियों ने श्पुलिस सेटिंगश का झांसा देकर मामले को रफा-दफा करने के बदले 25 लाख रुपये की मांग की और डरा-धमकाकर 02 लाख रुपये वसूल लिए। एसएसपी देहरादून के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 मई को मुख्य आरोपी अनुज गोयल, आदित्य लोधी और शुभम चौहान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1,83,500 रुपये बरामद किए थे।

पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान इस षड्यंत्र में शामिल तीन अन्य साथियों के नाम सामने आए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 13 मई की देर रात देहरादून रोड फ्लाईओवर क्षेत्र से अंशुल, विवेक कुमार और आदित्य कुमार को दबोच लिया। इनके कब्जे से रंगदारी के हिस्से की नकद राशि और घटना में प्रयुक्त 3 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अंशुल (28 वर्ष), विवेक कुमार (25 वर्ष) और आदित्य कुमार (19 वर्ष) शामिल हैं।

ये सभी ऋषिकेश के वाल्मीकि नगर और मालवीय नगर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने अंशुल से 5 हजार रुपये तथा विवेक और आदित्य से 2,हजार-2,हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

■ झूठे मुकदमों में फंसाने का डर दिखाकर मांगें थे 25 लाख

# उत्तराखंड में जनगणना कार्य की प्रगति संतोषजनक: नारायण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत के महा रजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने उत्तराखंड में जनगणना कार्य की प्रगति पर संतोष प्रकट किया है। उन्होंने गुरुवार को देहराखास इलाके के कुछ घरों में पहुंचकर जनगणना कार्य की प्रक्रिया को करीब से देखा और फील्ड स्टॉफ से जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में जनगणना कार्य को लेकर लोग जिस तरह से उत्साह दिखा रहे हैं, वह उल्लेखनीय है।

**चुनौतीपूर्ण, लेकिन जल्द नतीजे निकलने की उम्मीद:** महा रजिस्ट्रार एवं आयुक्त जनगणना मृत्युंजय कुमार नारायण ने एक सवाल के जवाब में कहा कि डिजिटल माध्यम से जनगणना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके बावजूद, इस अभियान में सभी लोग उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन डाटा एकत्रित करने का विकल्प भी फील्ड स्टॉफ के पास है, लेकिन इसे अनिवार्य रूप से डिजिटल फार्मेट में लाया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी कानून-व्यवस्था या फिर तकनीकी वजह से जनगणना कार्य में दिक्कत आने की कोई सूचना नहीं है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से जनगणना के चलते इसके परिणाम जल्द निकलने की उम्मीद की जा सकती है।

**कोई दिक्कत तो नहीं, अच्छे से समझा रहे हो ना!:** देहराखास में जनगणना कार्य में व्यस्त सुपरवाइजर भूपेंद्र सिंह बिष्ट और प्रगणक हसीना जैदी से महा रजिस्ट्रार ने पूछा-कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। लोगों को अच्छे से समझा रहे हो कि उनकी सूचनाओं को गोपनीय रखा जाएगा। फील्ड स्टॉफ ने उन्हें सब कुछ सुचारू ढंग से चलने की जानकारी ही। महा रजिस्ट्रार ने आज देहराखास में जनगणना के कार्य को नजदीक से देखा।

स्थानीय निवासी हर्षिता तिवारी और अर्पणा शुक्ला ने कहा कि जनगणना कार्य में सहयोग जरूरी है। यह देश हित का मामला है।

**जनगणना के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन:** महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने देहराखास में जनगणना कार्य निदेशालय के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। अभी तक जनगणना निदेशालय का कार्य मातावाला बाग स्थित किराये के भवन से चल रहा था। इस मौके पर जनगणना कार्य सचिव दीपक कुमार, निदेशक ईवा आशीष श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक शैलेंद्र सिंह नीं, उपनिदेशक तान्या सेठ, प्रवीण कुमार, आरके बनवारी, सहायक निदेशक संजीव कुमार व अरविंद कुमार सिंह उपस्थित थे।



■ देहराखास के कुछ घरों में पहुंचकर करीब से देखी जनगणना प्रक्रिया

■ महा रजिस्ट्रार/जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने की जनगणना कार्य की समीक्षा

### जनगणना के कार्य में पहली बार डिजिटल प्रयोग

मीडिया से बातचीत में महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि जनगणना की प्रक्रिया को डिजिटल फार्मेट पर लाया जा रहा है। इससे आंकड़ों की गुणवत्ता बेहतर रहेगी और गलतियों को आसानी से सुधारा जा सकेगा। उन्होने कहा कि पहली बार स्वगणना का विकल्प दिया गया है। पूरे देश में स्वगणना के विकल्प का इस्तेमाल करने वालों की संख्या का करोड़ में पहुंचना बताता है कि नए प्रयोग को लोग स्वीकार रहे हैं। भविष्य में उम्मीद की जा सकती है कि जनगणना के कार्य में स्वगणना और मजबूत भूमिका निभाएगी।

# पांच लोगों ने शुरू किया पुनर्वास

## अल्मोड़ा में नशा मुक्ति अभियान का सफल समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा नारकोटिक्स एनोनिमस तथा अल्कोहल एनोनिमस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जनजागरूकता एवं पुनर्वास अभियान का गुरुवार को पुलिस लाइन अल्मोड़ा में सफल समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान अल्मोड़ा पुलिस, एएनटीएफ एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा पुलिस कर्मियों तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े कुमाऊं रेंज के जवानों को नशे के दुष्प्रभाव, पुनर्वास प्रक्रिया और समाज में जागरूकता फैलाने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। एसएसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने पुलिस अधिका. रियों और जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।




उन्होंने सभी से अपने परिवार और समाज से नशामुक्ति अभियान की शुरुआत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नारकोटिक्स एनोनिमस एवं अल्कोहल एनोनिमस सोसाइटी के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे कभी नशे की गिरफ्त में थे, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार के सहयोग से उन्होंने नशे को छोड़कर नया जीवन शुरू किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर बना देता है। अल्मोड़ा पुलिस की इस पहल का सकारात्मक असर भी देखने को मिला। जनपद के पांच व्यक्तियों ने नारकोटिक्स एनोनि. मस एवं अल्कोहल एनोनिमस सोसाइटी से जुड़कर पुनर्वास प्रक्रिया शुरू की तथा नशामुक्त अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। वहीं रेड क्रॉस सोसाइटी अल्मोड़ा ने भी अभियान में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने वाले सोसाइटी के सदस्यों को अल्मोड़ा पुलिस द्वारा मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीओ अल्मोड़ा बलवंत सिंह रावत, प्रतिसार निरीक्षक रमेश चंद्र, प्रभारी एएनटीएफ व पीआरओ राहुल राठी, प्रभारी एसओजी सुनील धानिक समेत अन्य मौजूद रहे।

# कार खाई में गिरी, मासूम पूजा की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** निलेश्वर मंदिर के समीप गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार ध्यांगड़-आरे बाईपास रोड पर भगवती मंदिर के पास कार संख्या यूके 05-3762 अचानक अनियंत्रित होकर करीब 20 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। वाहन में 30 वर्षीय संदीप, जो कपकोट वन विभाग में वन आरक्षी के पद पर तैनात बताए जा रहे हैं, अपने भाई 28 वर्षीय राहुल कुमार तथा तीन वर्षीय पुत्री पूजा के साथ यात्रा कर रहे थे। हादसे में मासूम पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। वहीं संदीप और राहुल का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि घायल मूल रूप से पिथौरागढ़ के निवासी हैं और वर्तमान में बागेश्वर जिले के माजियाखेत में परिवार के साथ रह रहे हैं।



दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर मृतक पूजा का शव पीएम के लिए मोर्चरी में रखा गया है। जबकि घायलों का उपचार चल रहा है। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### युवक पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक पंद्रह वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। किशोरी की मां ने एक युवक पर उसको बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कटोराताल चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 10 मई की सुबह लगभग 5 बजे कहीं चली गयी। कहा कि उसकी पुत्री को अल्लेपुर टांडा बादली जिला रामपुर निवासी इकराम पुत्र बलिऐद बहला फुसलाकर भगा ले गया है और जल्दीबाजी में इकराम अपना मोबाइल उसके घर भूल गया। कहा कि उसकी पुत्री अपने साथ घर में रखे हुए 10 हजार रूपये, मोबाइल, चांदी की पाजेब और आधार कार्ड अपने साथ ले गयी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### प्रेमधाम के चतुर्थ वार्षिकोत्सव में हरिनाम संकीर्तन

**काशीपुर।** बूरा बताशा गली स्थित प्रेमधाम देवालय के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्री हरिनाम संकीर्तन में पधारे कथा व्यास कृष्णदास सारंग नागर ने बुधवार देर शाम तक श्रीकृष्ण के वात्सल्य समेत विभिन्न प्रसंगों की कथा सुनाते हुए राधेश्याम राधेश्याम, श्यामा श्याम हरि संकीर्तन के साथ सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर राधा कृष्ण भक्तों को मंत्रमुग्ध कर उन्हें झूमने पर मजबूर किया। वहीं गुरूवार को प्रेमधाम देवालय में कथा व्यास जी द्वारा हवन पूजन के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्तगणों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सुरेश गोयल, कौशलेश गुप्ता, पीयूष नागलिया, महेंद्र लोहिया, विकास कुमार लोहिया, के अग्रवाल, विमल गुड़िया, अकुंर गुप्ता, योगेश अरोरा, राजेन्द्र वर्मा, प्रदीप ओझा, शिखर अग्रवाल, पूजा गुप्ता, नेहा गुप्ता, श्रेया गुप्ता, पूनम अग्रवाल, राजरानी अरोरा, मोनिका गुप्ता, रेनू अग्रवाल, प्रेमलता शर्मा, विमला अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, मधु गुप्ता, सुभ्रा शर्मा, शिखा अग्रवाल, सुषमा गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### युवाओं के भविष्य से हो रहा खिलबाड़: अलका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अलका पाल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश में भर्ती परीक्षाओं और नौकरी के पेपर लगातार



लीक हो रहे हैं। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि उन संवैधानिक और वैधानिक संस्थाओं के राजनीतिक दुरुपयोग का परिणाम है, जिन पर युवाओं का भविष्य टिका है। अलका पाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं के भविष्य से निरंतर खिलवाड़ हो रहा है। देश और प्रदेश के मुखिया कान में रुई डाल कर बैठे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा और उसके नेताओं को केवल सत्ता हथियाने की भूख लगी है, देश के युवाओ के साथ हो रहा यह धोखा देश का भविष्य खराब कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। लगातार हो रहे पेपर लीक ने युवाओं का सरकार पर से विश्वास तोड़ा है और पूरी व्यवस्था पर एक सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब समय जवाबदेही और पारदर्शिता का है, न कि केवल खोखले दावों का।

### श्री गुरु नानक के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणामों में कुण्डेश्वरी रोड स्थित श्री गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कालेज के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिसमें प्रथम स्थान युवराज सिंह ने 95 प्रतिशत अंक लाकर हासिल किया, आस्था रावत 94.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहीं जबकि जशनदीप सिंह 94.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। इनके अलावा विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत के जादुई आंकड़े को पार कर अपनी प्रतिभा साबित की है, जिसमें शुभ कालरा 94.2 प्रतिशत, रद्धिमा तिवारी 92 प्रतिशत, तनिष्क सिरोही 91 प्रतिशत, किरणदीप कौर 90.4 प्रतिशत, गौरीशा मिश्रा 90 प्रतिशत व तनिष्का श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत अंक हांसिल किये। इस शानदार परिणाम के बाद कालेज में खुशी का माहौल है और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### प्रो. पंत बने उत्तराखंड चिकित्सा विवि के पहले डीन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** प्रो. महेंद्र कुमार पंत को हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड



चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के डीन पद की जिम्मेदारी दी गई। अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. पंत को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है जोकि विवि के पहले डीन होंगे। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग के उप सचिव की ओर से प्रो पंत की नियुक्ति के बुधवार को आदेश जारी हुए हैं। प्रो. पंत ने गुरुवार अपराह्न देहरादून में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। प्रो. पंत इससे पहले विवि के कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक रह चुके हैं। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा के निदेशालय में संयुक्त निदेशक व उप निदेशक का दायित्व भी संभाल चुके हैं। राजकीय दून मेडिकल कालेज में सेवा के बाद कुछ समय पहले उनका तबादला अल्मोड़ा मेडिकल कालेज के लिए हुआ था।

# भाजयुमो ने उदयनिधि स्टालिन का पुतला जलाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सनातन धर्म पर गलत टिप्पणी करने से नाराज भाजयुमो ने तमिलनाडु में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। कहा कि किसी भी धर्म या समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। गुरुवार अल्मोड़ा में भाजयुमो कार्यकर्ता यहां मालरोड स्थित चौघानपाटा में एकत्र हुए। जहां उन्होंने डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए आपत्ति. जनक बयान का विरोध करते हुए पुतला फूंका। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म हमारी संस्कृति है इस पर आघात बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से डीएमके के दोनों नेताओं उदय निधि स्टालिन और ए राजा के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कहा कि सनातन धर्म हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का आधार है। इसके खिलाफ गलत टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यहां पुतला फूंकने वालों में भाजयुमो नगर अध्यक्ष नीरज सांगा, भाजपा जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रदेश प्रवक्ता भाजयुमो नमन गुरुरानी, आशीष डोगरा, शुभम रौतेला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल, दिव्या जोशी, नगर अध्यक्ष भाजपा विनीत बिष्ट, पार्षद अमित साह मोनू, अभिषेक जोशी, देवेंद्र भट्ट, प्रकाश भट्ट समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार लोकतंत्र के मजबूत स्तम्भ: ध्रुव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड सरकार के मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला गुरुवार को अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान सर्किट हाउस में हुई पत्रकार वार्ता में उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मीडिया के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रेसवार्ता के दौरान उपाध्यक्ष रौतेला ने पत्रकारों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना और कहा कि पत्रकारों से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं के समाधान के लिए सरकार स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी।



उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं और उनके हितों तथा सुविधाओं का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है तथा मीडिया के माध्यम से आम जनता तक सही एवं तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार एवं मीडिया के बीच बेहतर समन्वय से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकेगा। यहां डीआईओ सत्यपाल सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। इसके अलावा ध्रुव रौतेला ने जिला सूचना कार्यालय का भी निरीक्षण किया। जिला सूचना अधिकारी सत्यपाल सिंह ने उनका स्वागत किया तथा विभागीय कार्यों, स्टाफ, जनपद के मीडिया प्रतिनिधियों तथा जनपद से प्रकाशित होने वाले पत्र पत्रिकाओं के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय स्टाफ से परिचय लेकर विभागीय कार्यों के संबंध में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने प्रचार सामग्री का वितरण, पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं तथा प्रचार प्रसार के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों का बेहतर और प्रभावी प्रचार प्रसार विभाग का दायित्व है।

# शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बागेश्वर जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की। गुरुवार को कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर लीक होना देश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रही परीक्षा अनियमितताओं से युवाओं का भरोसा टूट रहा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने कहा कि छात्र-छात्राएं वर्षो तक कठिन मेहनत और आर्थिक परेशानियों के बीच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत पर पानी फेर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में यह दूसरी बार ऐसा मामला सामने आया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पहले राज्य स्तर पर और अब केंद्र स्तर पर भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के लगभग 98 मामले सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद भाजपा की डबल इंजन सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं के सामने पहले ही सीमित अवसर हैं और ऐसे मामलों से उनमें निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर युवाओं के हित में सख्त कदम उठाने की मांग की। इस दौरान हरीश ऐठानी, लोकमणि पाठक, गोकुल परिहार, सुरेश खेतवाल, ललित गोस्वामी, विनोद पाठक और गौरव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खड़िया उद्योग को नई पहचान दिलाने वाले कमलेश श्रीवास्तव का निधन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले को खड़िया उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाले तथा जिले में खड़िया को उद्योग के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कमलेश श्रीवास्तव का बुधवार 13 मई को दिल्ली स्थित उनके आवास पर 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से खड़िया उद्योग से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। एनएस कर्पोरेशन के संस्थापक रहे श्रीवास्तव ने बागेश्वर जिले में खड़िया उद्योग को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने में अहम योगदान दिया। उनके प्रयासों से जिले को खड़िया उद्योग के क्षेत्र में



विशेष पहचान मिली और कई ग्रामीण परिवारों को आजीविका का साधन प्राप्त हुआ। उनके पुत्र देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 15 मई को नई दिल्ली स्थित ग्रीन पार्क श्मशान घाट में किया जाएगा। उनके निधन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल सहित इं. राजपाल लेघा, सुरेंद्र लाल श्रीवास्तव, सुमित पटवारी, मोहन पाल, ठाकुर सिंह गढ़िया, बलवंत सिंह बिष्ट, दिनेश गढ़िया, विजयंत जायसवाल, मनोज डागा, सुमित कुमार लोढ़ा, सुखजीत रंधावा, भोला केसरवानी, उमेश वार्ष्णेय, उमेश डालाकोटी, राजेंद्र सिंह दफौटी, उपेंद्र शुक्ला, अनूप कुमार सिंह तथा समस्त एनएस कार्पोरेशन परिवार ने उनके निधन को खड़िया उद्योग के लिए अपूरणीय हानि बताई। इसके अलावा ग्राम सभा सुरकाली गांव, किरौली, रीमा, काफली और उड्यूडा की जनता ने भी उनके निधन को क्षेत्र और उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।


## कार्यालय जिला पंचायत बागेश्वर

पत्रांक: 132/11-नि0अनु0/निविदा/2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक: 14/05/2026

जिला पंचायत बागेश्वर में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त वर्ष 2025-26 में स्वीकृत निम्न योजनाओं को सम्पादित किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक 28.05.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय से क्रय किये जा सकते है। जो दिनांक 29.05.2026 को पूर्वाहन 1.00 बजे तक कार्यालय में निविदा बॉक्स में डाले जायेंगे तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ रु0 100 (एक सौ रुपये) का स्टाम्प पेपर में निविदा की वैद्यता अंकित करते हुए रुपया 1/- के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | स्वी0 धनराशि | धरोहर धनराशि (FDR के रूप में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सभा मच्यूड़ा में इण्टरलॉक टाईल से रास्ते का निर्माण। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 2 | शान्ति बाजार में लखनी लिंक रोड में सी0सी0। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत सिमकूना में सिद्धनाथ मन्दिर सौन्दर्यीकरण। | 5.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 4 | ग्राम पंचायत चिड़ग से रा0इ0 कॉलेज तुपेड़ की ओर सड़क निर्माण। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 5 | रा0 जू0 हाई0 करुली फील्ड तक सड़क निर्माण। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 6 | ग्राम पंचायत बलना में पुल निर्माण। | 4.00 | 8000.00 | 90 दिन |
| 7 | हडबाड में बनने वाले पुल का अवशेष कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 8 | गौरी मैय्या मंदिर को जाने वाले रास्ते में टिनशेड। | 5.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 9 | आरे भगवती मंदिर में गेट। | 3.00 | 60000.00 | 90 दिन |
| 10 | ग्राम सभा भनार में देवी मन्दिर में स्थल चौड़ीकरण। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 11 | ग्राम सभा खडलेख (विचला दानपुर) में स्वागत द्वार निर्माण। | 4.00 | 8000.00 | 90 दिन |
| 12 | ग्राम सभा भनार के सुमाल गांव तोक में सी0सी0 मार्ग निर्माण। | 4.00 | 8000.00 | 90 दिन |
| 13 | ग्राम पंचायत पोथिग भकाना रयूडिया सी0सी0 सम्पर्क मार्ग। | 5.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 14 | ग्राम पंचायत पोथिंग में भगवती स्थल विकास व सौन्दर्यीकरण कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 90 दिन |
| 15 | ग्राम पंचायत वास्ती के शिखर मन्दिर में भवनता बूबू से शिखर तक खडण्जा मार्ग। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 16 | ग्राम सूपी दूणी तोक में मां कालिका परिसर में फील्ड निर्माण। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 17 | ग्राम सभा सिरौली के सिमखेत में गंगनाथ चिन्तन केन्द्र के पास टिनशैड व सौन्दर्यीकरण। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 18 | ग्राम सभा उतरौड़ा के छुरमल अध्यात्मिक केन्द्र में स्थल विकास व सौन्दर्यीकरण कार्य। | 3.00 | 6000.00 | 90 दिन |
| 19 | ग्राम पोथिंग पारीधार गधेरा में श्रीमती भगवती देवी के घर के सुरक्षा दीवारों का पुर्ननिर्माण। | 6.60 | 13200.00 | 90 दिन |
| 20 | ग्राम भदीरा भकाना घरों के पास सुरक्षा दीवारों का निर्माण। | 6.00 | 12000.00 | 90 दिन |
| 21 | लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कॉलेज सनेती में पेयजल और शौचालय। (15 वां) | 5.00 | 10000.00 | 90 दिन |

**निविदा की अन्य शर्तें:-**

1. कोटेशन में अंकित मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है जिसमें ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
2. किसी भी कोटेशन को स्वीकार अस्वीकार व निरस्त करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित होगा।
3. कार्यादेश के उपरान्त ही सम्बंधित ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल पर कार्य किया जायेगा।

**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत बागेश्वर।**


## ड्यूटी के दौरान आईटीबीपी के जवान कवीन्द्र का निधन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कपकोट तहसील के भनार गाँव निवासी 26 वर्षीय आईटीबीपी जवान कविंद्र राम पुत्र भीम राम का ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। जवान की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। कविंद्र राम वर्ष 2025 में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में भर्ती हुए थे। वह 58वीं बटालियन में कमांडो के पद पर तैनात थे और वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया गया कि गुरुवार को उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भनार पहुंचा, जहां अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। पिथौरागढ़ मिरथी से पहुंचे आईटीबीपी जवानों के दल ने सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैन्य सम्मान के साथ सरयू-गोमती संगम तट पर उन्हें अंतिम विदाई दी। 15 जवानों की टीम ने पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संपन्न कराई। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी समेत कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। परिजनों ने बताया कि कविंद्र राम की अभी शादी नहीं हुई थी। वह छह माह पहले ही प्रशिक्षण पूरा कर अरुणाचल प्रदेश में तैनात हुए थे।

# बच्चों के अधिकार के प्रति जागरूक रहें विभाग: अंजना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता ने कहा है कि बच्चों के अधिकार के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। प्रदेश की मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता गुरूवार को बागेश्वर पहुंची। उन्होंने नीलेश्वर स्थित वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया तथा वहां फल वितरित किए। इसके बाद राजकीय आश्रम पदध. ति विदयालय का निरीक्षण किया तथा वहां बच्चों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए तथा बच्चों के साथ भोजन किया। उन्होंने चाइल्ड लाइन कार्यालय का भी भ्रमण किया तथा जानक. ारी प्राप्त की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने डीसीपीयू व सीडब्लूसी कार्यालय का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि सभी विभाग बच्चों के विकास के लिए कार्य करें तथा सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को पहुंचाए। उन्होंने समिति में पेश हुए बच्चों का नियमित समय समय पर फालोअप लेने को कहा। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी हेम तिवारी, विधि परिवीक्षा अधिकारी संतोष जोशी, सीडब्लूसी अध्यक्ष कैलाश बोरा, चाइल्ड लाइन समन्वयक संतोष टम्टा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी शंकर नाथ व संजय उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# कोतवाली में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर एवं केवीआर हॉस्पिटल द्वारा पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कोतवाली परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक स्वरूप किशोर सिंह, काशीपुर सीओ प्रभारी प्रशांत कुमार, प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, एसएसआई नवीन कुमार बुधानी तथा क्लब पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया। पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी लिया। पुलिस अधीक्षक स्वरूप किशोर सिंह ने शिविर सराहना करते हुए स्वयं भी ब्लड और शुगर जांच कराई। इस दौरान क्लब की ओर से पुलिस अधिकारियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। इस



मौके पर लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर अध्यक्ष गौतम मेहरोत्रा, रीजन चेयरपर्सन अनुराग सोलंकी, विवेक पैगिया उर्फ निक्की, मनोज अग्रवाल, डॉ. तरुण सोलंकी मनीष गुप्ता, मयंक गुप्ता, रुपेश अग्रवाल, मनीष बिंदल, मोहित बोहरा, संजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, संतोष मेहरोत्रा, पंकज बिंदल, हरप्रीत सिंह सेठी, रमनदीप सिंह, धीरज अग्रवाल, मनीष गुप्ता, ट्रेजदार विपिन तोमर एवं अन्य क्लब के सदस्यों के अलावा केव. ीआर हॉस्पिटल की टीम में डॉ. तरुण सोलंकी, डॉ. सुमित चौहान, एमआर. मोहित वो. हरा, एमआर. अमित चौहान, एमआर. जशन, कलश, खुशनुमा, एमआर. शादाब, छाया, एमआर आरिफ, मोनी, एमआर.नौशाद, तन्या आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# बस अड्डे पर युवक की अचानक मौत

## अंबाला के एक होटल में था शैफ, लौट रहा था नथुवाखान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोडवेज बस अड्डे पर गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बस का इंतजार कर रहे एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। घटना से वहां मौजूद यात्रियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में लोगों द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मौत के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह मूलरूप से नथुवाखान सुयालगढ़ क्षेत्र के निवासी थे और परिवार के साथ यहां रह रहे थे। वह अंबाला के एक होटल में शेफ का



वीरेन्द्र सिंह का फाइल फोटो

काम करते थे। परिजनों ने बताया कि बुधवार को उन्होंने फोन कर घर लौटने की जानकारी दी थी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे उनसे दोबारा बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने हल्द्वानी पहुंचने की बात कही थी। बताया गया कि इसके करीब एक घंटे बाद परिजनों को फेसबुक के माध्यम से उनकी मौत की सूचना मिली। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को तत्काल अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि वीरेंद्र बुधवार रात से ही बस अड्ढे परिसर में घूमते हुए दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हल्द्वानी।** कोतवाली क्षेत्र के बृज विहार में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को युवक द्वारा फांसी लगाने की जानकारी दी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस को परिस्थितियां संदिग्ध लगीं। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार के गुरूवार की सुबह दिनेश कुमार अरोरा नाम के व्यक्ति ने कोतवाली पहुंच कर बताया कि उनके भतीजे बृज विहार निवासी राज अरोरा (28 वर्ष) पुत्र मनोज अरोरा ने फांसी लगाकर जान दे दी। यह वाक्या रात करीब साढ़े तीन बजे का है। पुलिस को परिजनों ने बताया कि राज ने कमरे में पंखे पर चुन्नी लगाकर फांसी लगाई है। परिजनों ने यह देखा तो आनन-फानन में शव को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे राज को मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी ने बताया कि सूचना के बाद जब पुलिस बृज विहार पहुंची तो राज का शव जमीन पर रखा था और आस-पास परिजन खड़े थे। पुलिस जांच में राज के गले में निशान मिले, जो पुलिस को संदिग्ध प्रतीत हुए। सीओ का कहना है कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। बताया यह भी जा रहा है कि राज कि करीब ढाई माह पहले ही शादी हुई थी और पारिवारिक कलह के कारण उसने आत्मघाती कदम उठाया।

# पानी के लिए होगा आंदोलन

## भगवानपुर तल्ला में पेयजल संकट पर लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भगवानपुर तल्ला क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। क्षेत्र में स्थापित नलकूप के एक बार फिर खराब हो जाने से हजारों लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मरम्मत के बाद भी नलकूप 15 दिन तक सुचारु रूप से नहीं चल पाता, जिससे बार-बार जल संकट की स्थिति बन रही है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार संबंधित नलकूप से घरेलू उपयोग के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी पानी की आपूर्ति की जाती है। लोगों का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र में कृषि भूमि सीमित रह गई है, इसलिए विभाग को वास्तविक कृषि भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर उसी के अनुसार सिंचाई के लिए पानी आवंटित करना चाहिए। आरोप लगाया गया कि कई स्थानों पर



गैर-कृषि भूमि और भूखंडों में भी खेती के नाम पर पानी का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। पेयजल समस्या को लेकर गुरुवार को भगवानपुर तल्ला में क्षेत्रीय जनता की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में लोगों ने प्रशासन और विभागीय कार्यशैली पर रोष जताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। बैठक के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही पेयजल समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। बैठक में गोविंद बड़ती, राज. ेंद्र फर्त्याल, सोबन सिंह भड़, चंदन बिष्ट, चारू पांडे, नंदन सिंह अधिक. ारी, हरीश पांडे, देवेंद्र बिष्ट, दान सिंह राणा, स्वर्ण सिंह मौनी, जगत मेहता, महेश कुनियाल, रमेश पांडे, जीवन बोरा, गणेश मेहरा और सुंदर नगरकोटि सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी फाइनल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-16 बालक वर्ग जिला क्रिकेट लीग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एचसीसी को 321 रन के विशाल अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कर लिया। पहला सेमीफाइलन मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और एचसीसी के मध्य खेला गया। टॉस जीतने के बाद कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 392 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए वैभव मेहरा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए। इसके अलावा कुनाल हलसी ने 50 रनों का योगदान दिया। जबकि 392 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी




एचसीसी की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई, और पूरी टीम 35वें ओवर में मात्र 71 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के गेंदबाजी में कृष रावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके। कार्तिक जोशी ने 2 विकेट लिए, जबकि हरमन, कुनाल, कनिष्क और उत्कर्ष ने 1-1 विकेट हासिल किया। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज वैभव मेहरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूमिका भूपेश शाही और विनोद पंतोला ने निभाई, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी निकित जोशी ने संभाली। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी, दिग्विजय कनवाल, करन बिष्ट, मनोज भट्ट सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मलाशय कैंसर के आधुनिक उपचार पर कार्यशाला

## एसटीएच में अब उपलब्ध है ईएलएपीआर तकनीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के जनरल सर्जरी विभाग द्वारा गुरुवार को मेडिकल कालेज के लेक्चर थिएटर में मलाशय एवं गुदा संबंधी कैंसर पर आधारित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीकों की जानकारी देना रहा। कार्यशाला में जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. राजीव सिंह ने लो रेक्टल कैंसर के उपचार में उपयोग होने वाली आधुनिक सर्जिकल तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एब्डोमिनो-पेरिनियल रिसेक्शन (एपीआर) और इसकी उन्नत तकनीक एक्स्ट्रा लेवेटर एब्डोमिनो पेरिनियल रिसेक्शन (ईएलएपीआर) की विशेषताओं को



समझाया। उन्होंने बताया कि एपीआर तकनीक लो रेक्टल कैंसर के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जबकि ईएलएपीआर इसका आधु. निक स्वरूप है, जिसमें लेप्रोस्कोपिक विधि से बिना बड़ा चीरा लगाए कैंसरग्रस्त हिस्से को हटाया जाता है। इस तकनीक से कैंसर दोबारा होने की संभावना कम होती है तथा मरीजों को अधिक सुरक्षित और बेहतर उपचार मिल पाता है। इस दौरान डा. चन्द्र प्रताप आर्य ने वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ईएलएपीआर तकनीक की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। डा. राजीव सिंह ने बताया कि अब तक यह अत्याधुनिक तकनीक केवल निजी अस्पतालों और बड़े चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध थी, लेकिन अब यह सुविधा डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भी शुरू हो चुकी है, जहां इस तकनीक से कई सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों से पीजी छात्र-छात्राओं को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों की जानकारी मिलती है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यशाला में डा. आरजी नौटियाल, डा. साधना अवस्थी, डा. ऊषा जोशी, डा. पंकज वर्मा, डा. हरिशंकर पांडे, डा. प्रतीक शाक्य, डा. वरुण, डा. नितेश और डा. रेनू सहित बड़ी संख्या में पीजी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विजय अध्यक्ष, महेश बने उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने अपनी सितारगंज इकाई का गठन करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश पदाधिकारियों की संस्तुति के



बाद वरिष्ठ व्यापारी विजय गोयल को सितारगंज इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महेश भट्ट को उपाध्यक्ष तथा पवन दीक्षित को संगठन का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ सितारगंज इकाई की पूर्ण कार्यकारिणी का गठन करें। साथ ही गठित कार्यकारिणी की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि नवगठित टीम व्यापारी हितों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सहभागिता निभाएगी। इस दौरान नियुक्ति के बाद नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं और हितों के लिए पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ कार्य करेंगे।

# कालाढूंगी में जल जीवन मिशन पर सवाल

## करोड़ों खर्च के बावजूद पेयजल संकट बरकरार, जनआंदोलन की चेतावन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** विधानसभा कालाढूंगी क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर बिछाई गई पेयजल लाइनों के बावजूद अभी तक पानी ना मिलने से आक्रोशित लोगों ने कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी के नेतृत्व में गुरूवार को जल संस्थान/जल जीवन मिशन के अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नीरज तिवारी कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर बिछाई गई पेयजल लाइनों के बावजूद कई गांवों और वार्डों में अब तक पानी नहीं आया है। उन्होंने कहा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं में पाइपलाइन तो बिछा दी गई,





लेकिन धरातल पर हालात यह हैं कि ग्रामीण आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। कई जगहों पर सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी सड़क से लेकर विभागीय कार्यालयों तक बड़े जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्राम प्रधान हेमू पड़लिया ने आरोप लगाया कि कुछ ठेकेदारों और संबंधित लोगों द्वारा अधूरी योजनाओं को भी पूरा दिखाने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि कई स्थानों पर न तो पानी पहुंचा है और न ही सड़कें ठीक की गई हैं। ज्ञापन देने वालों में उमेश बिनवाल, प्रद्युमन तिवारी, राकेश शर्मा, मोहन सनवाल, वसीम अली, दिनेश पालिवाल, आरडी तिवारी, मोहन शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# वट सावित्री व्रत कल, हैं दुर्लभ संयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इस वर्ष वट सावित्री पूजन व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष रूप से अत्यंत शुभ और फलदायक माना जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार वट सावित्री व्रत के दिन शनि जन्मोत्सव (शनि जयंती) और शनि अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो इस पर्व को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार इस वर्ष वट सावित्री पूजन 16 मई शनिवार को किया जाएगा। इस दिन शनि जयंती, शनि अमावस्या और शुभ शोभन योग का संयोग बन रहा है, जिसे अत्यंत फलदायक और पुण्यकारी माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विशेष दिन पर की गई पूजा-अर्चना, दान और पुण्य कार्य सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक फल देने वाले होंगे। उन्होंने बताया इस बार शनिवार को शनि जयंती और शनि अमावस्या का संयोग बनना अत्यंत दुर्लभ माना जा रहा है। साथ ही सौभाग्य योग और शोभन योग भी इस दिन बन रहे हैं, जो इसे और अधिक विशेष बनाते हैं। इस अवसर पर शनि देव मीन राशि में गोचर करते हुए अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाएंगे। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस दिन शनि पूजन और दान-पुण्य करने से जीवन में सुख, सौभाग्य और समृद्धि की वृद्धि होती है।

# आम्रपाली में गूंजा शास्त्रीय संगीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्पिक मैके की ओर से आम्रपाली विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शास्त्रीय गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति, शास्त्रीय संगीत और लोक परंपराओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में बनारस घराने के प्रख्यात शास्त्रीय गायक पंडित साजन मिश्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी संगत में पंडित स्वरांश मिश्रा ने गायन, चित्रांक पंत ने तबले तथा संदीप मोहन्ती ने हारमोनियम पर संगत दी। पंडित साजन मिश्रा ने शिव स्तुति, तराना और प्रसिद्ध भजन धन्य भाग सेवा का अवसर पाया की प्रस्तुति देकर पूरे सभागार को संगीतमय वातावरण से भर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए और भारतीय शास्त्रीय संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। बता दे कि पंडित साजन मिश्रा भारतीय शास्त्रीय संगीत के बनारस घराने के दिग्गज ख्याल गायक है। अपने दिवंगत भाई पंडित राजन मिश्रा के साथ उनकी राजन-साजन जोड़ी विश्वभर में प्रसिद्ध रही है। कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2007 में पद्म भूषण सम्मान से नवाजा जा चुका है। वर्ष 1985 की फिल्म सुर संगम में भी राजन-साजन की जोड़ी ने अपनी शास्त्रीय गायकी का जादू बिखेरा था। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय प्रबंधन और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सीईओ डा. संजय ढींगरा, सचिव बिन्दू चावला तथा प्रति कुलपति प्रो. एसके सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. श्वेता पाण्डे ने किया। कार्यक्रम संयोजक डा. एमके शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के डीन, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बस हादसे के बाद समझौते का दबाव बनाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड क्षेत्र में वोल्वो बस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति के परिजनों ने चालक और संबंधित लोगों पर समझौते का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड स्थित गन्ना सेंटर निवासी कुमकुम जोशी ने बताया कि बीती 1 मई की रात पंचायतघर के पास एक ट्रैवल्स कंपनी की वोल्वो बस ने उनके पिता प्रयाग जोशी को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद से प्रयाग जोशी की हालत गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर हैं। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने देवलचौड़ पुलिस चौकी को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराए, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उनके बड़े भाई के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें 20 हजार रुपये लेकर मामला खत्म करने की बात कही गई। कॉल करने वाले ने कथित तौर पर कहा कि पैसे ले लो या एफआईआर करा लो, मालिक यूरोप जा रहे हैं। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत जिला अधिकारी और मंडलायुक्त से भी की है। वहीं कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# यूओयू को मिले पांच नए पाठ्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को भारत सरकार के स्वयं प्लेटफार्म पर पांच नए ऑनलाइन मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज (एमओओसीएस) पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति मिली है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार ये पाठ्यक्रम जुलाई 2026 सत्र से शुरू होंगे। प्रत्येक चार क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 13.50 लाख रुपये की दर से विश्व. विद्यालय को कुल 67.50 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। स्वीकृत पाठ्यक्रमों में ऑपरेशनल मैनेजमेंट ऑफ होमस्टे स्टार्ट-अप्स, माइक्रो फाइनेंस, डेवलपमेंट स्टडीज इंट्रोडक्शन एंड थ्योरीज़, सीपीएस-3 असेसमेंट फॉर लर्निंग तथा बेसिक्स



ऑफ एनालिटिकल लेबोरेटरी टेक्नीक्स शामिल है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से कौशल विकास, उद्यमिता, माइक्रो फाइनेंस, शिक्षा, विकास अध्ययन और प्रयोगशाला तकनीक जैसे समकालीन विषयों को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय वर्तमान में स्वयं प्लेटफार्म पर 12 ऑनलाइन एमओओसीएस पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। वर्ष 2025-26 में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में 69,771 शिक्षार्थियों ने नामांकन कराया, जबकि अब तक कुल नामांकन संख्या 2,34,153 तक पहुंच चुकी है। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को अधिक से अधिक शिक्षार्थियों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं जैसे राष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय की बढ़ती उपस्थिति डिजिटल शिक्षा, आजीवन अधिगम और कौशल आधारित शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही भविष्य में रोजगारोन्मुख और समाजा. ेपयोगी ऑनलाइन पाठ्यक्रम विक. सित किए जाएंगे।

# कोतवाल प्रकरण की आइजी ने तलब की रिपोर्ट

## मिशन संवाद के तहत कराई जा रही काउंसलिंग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल कोतवाली से जुड़े चर्चित प्रकरण को लेकर पुलिस महकमे में हलचल बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आईजी कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल ने जनपद पुलिस से पूरे प्रकरण की विस्तृत आखया तलब की है। आईजी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए कुमाऊं परिक्षेत्र में कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोबल को मजबूत बनाए रखने के लिए संचा. लित मिशन संवाद के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत अनुभवी काउंसलरों के माध्यम से संबंधित अधिकारी एवं उनके परि. जनों से समन्वय स्थापित कर उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। बताया गया कि पुलिस कर्मियों पर बढ़ते मानसिक दबाव और तनाव को देखते हुए विभाग लगातार संवाद और काउंसलिंग की प्रक्रिया पर जोर दे रहा हैए ताकि कार्मिकों को मान. सिक रूप से सहयोग मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की परिस्थितियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि मामले में जनपद से विस्तृत जांच आख्या प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर अग्रिम आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल पूरे प्रकरण पर उच्च अधिकारियों की नजर बनी हुई है।

### टक्कर मारने वाले बोलेरो चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि साथ मौजूद बेटे को भी घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार रामकृष्णपुरम तल्ली बमौरी निवासी सुपर्णा दास ने पुलिस को तहरीर में कहा कि बीती 10 मई की सुबह उनके पति कार्तिक चन्द्र दास अपने बेटे सारस्वत को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान जगदम्बानगर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में कार्तिक चन्द्र दास गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई है और शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। घटना में उनके बेटे सारस्वत को भी चोट लगी है। पुलिस ने घायल की पत्नी सुपर्णा दास की तहरीर के आधार पर अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

# नीट पेपर लीक: विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन, फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में बीरवार को एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल पंत पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया।

संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और परीक्षा को पारदर्शी तरीके से दोबारा कराने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष शार्दुल नेगी ने कहा कि नीट परीक्षा में जिस तरह की अनियमितताएं सामने आई हैं, उससे देश के लाखों होनहार छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्होंने इसे युवाओं के सपनों के साथ जरूर खिलवाड़ करार दिया। विधानसभा





अध्यक्ष अभिषेक कुमार और नगर अध्यक्ष आयुष आर्या ने संयुक्त रूप से कहा कि पेपर लीक की घटनाओं से मेधावी छात्रों का मनोबल टूट रहा है और सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन देशव्यापी उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, सभासद अंकित चंद्रा, धीरज बिष्ट, बंटू आर्य, पीके शर्मा, संजय कुमार संजू, अभिषेक कुमार, रोशन धामी, कमलेश, दिनेश चंद्र तथा आयुष आर्य आदि मौजूद रहे।

### ट्यूशन गया छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 12 वर्षीय छात्र अचानक लापता हो गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना काठगोदाम क्षेत्र के ब्यूरा खाम निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका 12 वर्षीय पोता बीते 12 मई को घर से पांच बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकला लेकिन तब से वह वापस नहीं लौटा। छात्र की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्होंने तहरीर देकर छात्र के सकुशलता की गुहार लगाई। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि दादा की तहरीर के आधार पर छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही छात्र को सकुशल बरामद कर लिया जायेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## अखण्ड नाम सकीर्तन में शामिल हुए विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** रविंद्रनगर वार्ड न. 37 मे आयोजित अखण्ड नाम सकीर्तन मे समापन दिन मुख्यातिथि के रूप मे शामिल हुऐ रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने सकीर्तन का श्रवण किया व ईश्वर के चरणों में आराधना कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना।

विधायक शिव अरोरा बोले अखण्ड नाम कीर्तन स्वयं को ईश्वर से जोड़ने का बेहतर मार्ग है उन्होंने कहा वह लगातार रुद्रपुर क्षेत्र में जगह-जगह आयोजित हो रहे अखंड नाम सकीर्तन में शामिल हो रहे हैं और जिस प्रकार से बंगाली समुदाय में अखंड नाम सकीर्तन को लेकर आस्था प्रेम का भाव नजर आता है वह अकल्पनीय ओर आद.तीय है। विधायक बोले तीन दिन 24 घंटे लगातार बिना रुके चले यह अखंड नाम कीर्तन को अंतरमुख में धारण करने मात्र से मन को शांति के अनुभूति होती है। इस दौरान पार्षद विष्णु सिंह, हीरा मंडल, विपुल गाईन, सुकुमार मंडल, संजय हलदार, कोषाध्यक्ष विवेक महलदार, प्रकाश अधिकारी, वीरेंद्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेसियों ने फूंका केन्द्र सरकार का पुतला

## परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की आवश्यकता पर दिया जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नीट यूजी परीक्षा में सामने आई कथित गड़बड़ियों, पेपर लीक और अव्यवस्थाओं को लेकर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की और परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं पर नाराजगी जताई।



प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा देश के 551 शहरों तथा विदेशों के 14 शहरों में आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा में भारी लापरवाही, अकर्मण्यता और अव्यवस्थाएं देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में व्यापक अनियमितताओं के कारण देश की शिक्षा व्यवस्था की साख प्रभावित हो रही है और छात्रों का भविष्य संकट में पड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी पेपर लीक की घटनाओं के बाद परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के बड़े बड़े दावे किए गए थे, लेकिन दो वर्ष के भीतर ही फिर से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के पास सक्षम एजेंसियां और मजबूत प्रशासनिक तंत्र होने के बावजूद लगातार पेपर लीक की घटनाएं होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड समेत देश के कई राज्यों में समय समय पर पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन सरकार इन पर प्रभावी रोक लगाने में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पुतला फूंकने वालों में जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हालदार, गोपाल भसीन, रामस्वरूप भारती, संजय ठुकराल, विक्रम सिंह विर्क, इंद्रजीत सिंह पार्षद, बाबू खान पार्षद, अशफाक अंसारी पार्षद, भूपेश सोनी, सतनाम सिंह, विक्रम सिंह, रामसेवक कोली, अमित कोली, प्रकाश दास, देवेंद्र कुमार, गगन ग्रा.वर, संजीव नदी, रवि विश्वास, मोहन कुमार पूर्व पार्षद, सुरेश यादव ,महेश कोली, दिनेश कोली, अबरार अंसारी पूर्व पार्षद, आबिद हुसैन, नरेश राय, ओमप्रकाश गंगवार, संजीव राठौर, ललित बिष्ट, जमी चंदा, दीपक सागर, आनंद शर्मा, बाबू विश्वकर्मा, सतीश कुमार, राहुल प्रजापति, कुंवर पाल कोली, रमन विश्वास, राजवीर सिंह विर्क, महेंद्र पाल, परवेज कुरैशी पार्षद, आदेश गंगवार ,अशोक रस्तोगी, राधेश्याम बंसल, वीरेंद्र कोली, अमित, रविंद्र गुप्ता, सुनील, प्रदीप यादव, हरीश, संत राम, कमल सैनी, गौतम घरामी, अजय वैद,सत्यजीत, विकास, भुकन लाल, रिषभ गुप्ता, आकाश गुप्ता, आजम खान आदि शामिल थे।

## एक नजर

## पूर्व प्रबंध कमेटी से प्रशासक को चार्ज दिलाने बावत उपजिला अधिकारी को लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड देहरादून मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरधारी सिंह रावत ने उप जिला अधिकारी को पत्र भेजकर वक्फ संख्या 137 / 138 का विधिवत चार्ज पूर्व प्रबंध समिति से प्रशासक कामिल खान को दिलाने को कहा है। 8 मई को जारी पत्र में वक्फ संख्या 137, 138 जामा मस्जिद व मदरसा रहमानियां का समस्त चार्ज प्रशासक को हस्तगत कराते हुए अवगत करने को कहा है।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक गिरधारी सिंह रावत ने एसडीएम तुषार सैनी को भेजे पत्र में कहा है कि पुरानी प्रबंध कमेटी से वक्फ संख्या 137, 138 जामा मस्जिद व मदरसा रहमानियां के समस्त मूल अभिलेख, मूल पत्रावलियां, नगद राशि, बैंक पासबुक, बिल वाउचर तथा दुकानों के नव निर्माण से संबंधी समस्त पत्रावलियां नवनियुक्त प्रशासक कामिल खान को यथाशीघ्र हस्तगत कराने का अनुरोध किया है। मुख्य कार्यपालक रावत द्वारा पूर्व में किए गए अनुरोध पर आज तक कार्रवाई नहीं होने की भी जानकारी देते हुए कहा है कि प्रशासक द्वारा अभी तक पूर्व प्रबंध कमेटी से चार्ज नहीं मिलने की जानकारी दी है।

## श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा करें सुनिश्चित: सीडीओ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। बाल कल्याण समिति को विभिन ईंट के भट्टों का निरीक्षण कर वहां पर श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी , मुख्य शिक्षा अधिकारी तथा सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि ड्राप आउट बालिकाओं तथा बालकों के हॉटस्पॉट्स का चिन्हीकरण करके उनके पुनर्वासन हेतु रणनीति बनाई जाए।



सीडीओ ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता रोस्टर जारी किया जाए तथा बाल विवाह के हॉटस्पॉट्स का भी चिन्हीकरण किया जाए तथा विभिन विद्यालयों में गुड टच बेड टच पर जागरूकता अभियान आयोजित किए जाए। जिला प्रोबेशन अधिदारी द्वारा अवगत कराया गया की माह अप्रैल तथा मई में 4 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। साथ ही प्रोवेशन अधिकारी में बताया कि गुड टच बेड टच व बाल विवाह पर विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति डॉक्टर रत्नेश, सदस्य बाल कल्याण समिति चंद्रकला राय, गौरव टागरा, उमेश सिंह, जितेंद्र कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर चांदनी आदि उपस्थित थे।

## बारिश के मौसम से पूर्व व्यापक सफाई अभियान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद द्वारा बरसात के मौसम से पूर्व नगर क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है ताकि जलभराव की संभावनाओं को समय रहते रोका जा सके। इसी क्रम में कुटिया के पीछे एवं खाटू श्याम मंदिर के पास सफाई का कार्य कराया गया। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने मौके पर पहुंचकर चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया तथा उन्होंने सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने नालियों की नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने हेतु विशेष जोर दिया। वहीं पालिका अध्यक्ष की सक्रिय कार्यशैली एवं जनता के बीच निरंतर उपस्थित के कारण आम नागरिकों को काफी सहूलियत मिल रही है तथा नगर वासियों में नगर पालिका के प्रति विश्वास और संतोष की भावना मजबूत हो रही है। नगर पालिका परिषद खटीमा नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर आशीष श्रीवास्तव, सुनील कुशवाहा, ब्रह्मानंद, शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने 45 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**नानकमत्ता ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आपरेशन प्रहार के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को रबर की ट्यूब में भरी 45 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरा.पी ने अपना नाम कुलदीप सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी ग्राम पक्की खमरिया बताया हैं,आरोपी के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत कराया गया है । पकड़ने वाल पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र पंत सिपाही दिनेश चन्द्र, दीपक कुमार शामिल हैं।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग लग

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में तेलीपुरा रोड स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में रामनगर से एक फायर यूनिट टीम घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर देखा कि आग अमान अहमद पुत्र नईम अहमद नामक व्यक्ति के तेलीपुरा रोड पर स्थित स्टार प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी थी। जिसे फायर यूनिट द्वारा मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर आग बुझाने शुरू किया आग का विकराल रूप देखते हुए फायर स्टेशन रामनगर से दूसरा फायर टेंडर मय यूनिट सहित बुलाया गया दोनों गाड़ियों द्वारा मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर आग को कड़ी मशक्कत कर पूर्ण रूप से बुझाया गया।



फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया आग लगने से पीड़ित व्यक्ति को लगभग डेढ़ लाख रूपए का नुकसान हुआ है। प्लाईवुड फैक्ट्री में रखी प्लाई / बोर्ड आदि जल गये।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया। आग लगने के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। इस दौरान फायर स्टेशन टीम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी .गोपाल सिंह रावत,भुवन जोशी,कश्मीर सिंह,सलामत,भोपाल सिंह,देवेंद्र कुमार,प्रशांत कुमार,शम्भु गिरी, नरेश कुमार,पुष्कर सिंह पाल, देवेंद्र कुमार, विपिन कुमार, शैलेंद्र सिंह, अजीत सिंह,पुष्कर सिंह पाल आदि शामिल रहे।

## हिंद पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत




शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** हिंद पब्लिक स्कूल के छात्रों का 12वीं सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र दीपांशु ओझा ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। खुशी जोशी ने 86.4 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय तथा आस्था चौधरी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक नीरज कुमार ने सफल रहे छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत के कारण ही परीक्षा फल सराहनीय रहा। उन्होंने इस सफलता में अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान बताया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं शत प्रतिशत परीक्षा फल पर उत्सव का माहौल था। इस अवसर पर प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन जोशी, उप प्रधानाचार्य पूजा जोशी, नीम कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, डिक्सी वेस्टियन, रंजीत मेहरा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# कोलम्बस के विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में लहराया विद्यालय का परचम

**92.4 प्रतिशत के साथ सृष्टि पाल ने किया विद्यालय टॉप**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मॉडल कॉलोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय कोलम्बस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई इन्टर की परीक्षा में इस बार भी विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कला वर्ग की मेधावी छात्रा सृष्टि पाल ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। वहीं कला वर्ग की छात्रा अतुल्या यादव ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व विज्ञान वर्ग के छात्र अनस अहमद ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सृष्टि पाल ने 92. 4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। विज्ञान वर्ग में विद्यालय के अनस अहमद ने 90.6 प्रतिशत अंक, कला वर्ग में सृष्टि पाल ने 92.4 प्रतिशत अंक व वाणिज्य वर्ग में जगजीवन सिंह गिल ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विषयवार उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। उत्कर्ष प्रताप सिंह ने कम्प्यूटर साइंस में 99 अंक, प्रभपुनीत सिंह ढिल्लन ने अंग्रेजी विषय में 96 अंक, अनस अहमद ने गणित में 96 अंक, श्वेता सिंह ने साइकोलॉजी में 98 अंक, सृष्टि पाल व उत्कर्ष गुप्ता ने हिन्दी विषय में 96 अंक, उत्कर्ष गुप्ता ने इतिहास विषय में 96 अंक, सृष्टि पाल ने राजनीति शास्त्र में 95 अंक, जगजीवन सिंह गिल ने अर्थशास्त्र में 98 अंक, अलीशा परवीन ने लेखाशास्त्र में 94 अंक, रोहित कपूर ने बिजनेस स्टडीज में 95 अंक, प्रगति उपाध्याय ने फिजिकल एजुकेशन विषय में 96 अंक, अलविरा मिर्जा जीव विज्ञान में 93 अंक, मानस सिंह ने रसायन विज्ञान में 92 अंक, अनस अहमद ने भौतिक विज्ञान में 86 अंक प्राप्त किए। इस प्रकार विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 186 विषयों में विषयवार डिस्टिंक्शन प्राप्त की।

सीबीएसई इन्टर बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन केसर दास ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान किया, साथ ही प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने हर्ष जताते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की। विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक दिवसीय देव भूमि उद्यमिता योजना अभिविन्यास कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता ।** नगर के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में "देवभूमि उद्यमिता योजना" के अंतर्गत एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल, देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रो0 मृत्युंजय शर्मा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।



गुरुवार को महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम में अपने संबोधन में प्राचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक कौशल एवं नवाचार आधारित उद्यमिता को स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने विशेष रूप से उत्तराखंड की जनजातीय कला एवं संस्कृति, विशेषकर थारु जनजाति की हस्तकला एवं उससे जुड़े स्वरोजगार के अवसरों पर आधारित प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रो. मृत्युंजय शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को आगामी बूट कैंप, उद्यमिता विकास कार्यक्रम (इडीपी) एवं मेगा स्टार्टअप समिट से संबंधित जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के प्रोजेक्ट ऑफिसर भूपेन्द्र सिंह मेहरा ने विद्यार्थियों को उद्यमिता, नवाचार एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम की संभावनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर मृत्युंजय शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं 79 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## महापौर ने कृष्णा कॉलोनी में किया सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण का शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर दो कृष्णा कॉलोनी में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने महापौर का जोरदार स्वागत करते हुए उनका नागरिक अभिनंदन किया तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की।



महापौर ने कोमल क्लीनिक से निर्भय गंगवार के घर तक 5.03 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही प्रेमपाल के घर से हरीश शुक्ला के घर तक 4.35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छता से जुड़े कार्यों में लगातार तेजी लाई जा रही है।

इस दौरान पार्षद महेन्द्र पाल मौर्य, मुकेश रस्तौगी, पार्षद पवन राणा, प्रेम पाल गंगवार, वीनू, कृष्ण पाल गंगवार, तारक सरकार, नंद किशोर चौहान, सूर्यनाथ मौर्य, मोहन स्वरूप गंगवार, निर्भय गंग.वार, रामौतार शर्मा, छत्रपाल राठौर, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने रचा सफलता का नया इतिहास

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक रामनगर ने एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2025ख्26 में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर क्षेत्र में गौरव का नया अध्याय जोड़ा है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि अपने अभिभावकों को भी गौरवान्वित किया।



विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से शानदार अंक प्राप्त कर सफलता की नई ऊँचाइयों को छुआ। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया और केक काटकर इस उपलब्धि की खुशी साझा की गई। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों के टॉपर्स की सूची में अनुष्का ठाकुर 94.8%,नूपुर गोयल 94.8%,विवेक यादव 94%,मन रावत 91.8%,प्रिंस बोहरा 91.8%,अंशु नेगी 91.2%,शौर्य रावत ने 91.2%,मनोज रावत 90.8%,महक बिष्ट 90.8%,ओजस्वी जोशी 90.4%,निशा 90%,भूपेंद्र सिंह 90%,सोमिल सिंह 88.8%,मानसी रावत 88.4% शामिल है।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीएम की घोषणा के बाद भी पहेनियां पुल न बनने पर नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा चिंतित

**देवहा पोशक नहर पर पुल निर्माण हेतु यूपी कैनाल से मिली एनओसी: एई तिवारी लोनिवि**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने वर्षों से लंबित पहेनियां के समीप नहर पर पुल निर्माण नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है। यहां पत्रकारों के रूबरू हुए विधायक राणा ने कहा कि निर्माण हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2023 में घोषणा की थी।

घोषणा के तीन वर्ष गुजरने के बाद भी पुल का निर्माण नहीं हो सका। जिस कारण विकासखंड के लगभग 15 से अधिक ग्राम पंचायतों का सीधा संपर्क बरसात में टूट जाता है। नानकमता के विधायक राणा ने अपने कैंप कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं के अनुरूप कार्य पूरे होने पर प्रदेश में कई लंबित विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। जिसे आम जनता को सीधा लाभ मिल सकता है।

इधर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पीपी तिवारी ने देवहा पोशाक नहर के पहेनियां ग्राम पंचायत सीमा पर पुल के पुनर्निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश केनाल विभाग से निर्माण संबंधी अनापत्ति मिल चुकी है।

एई तिवारी ने बताया कि सीएम घोषणा 171/ 2023 के कार्य की स्वीकृति अंतिम चरण में है। 35 मीटर लंबे, डबल लेन पुल निर्माण हेतु 2 करोड़ 48 लाख 8000 रुपए की डीपीआर शासन से स्वीकृत हो चुकी है। विभाग समिति की

बैठक में इस कार्य को स्वीकृति मिल चुकी है। बजट मिलते ही पुल निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। फिलहाल आवागमन संबंधी वैकल्पिक व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है।

**संबन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरी पुत्री दीपिका उर्फ प्रियंका मेरा कहना नहीं मानती है, हर समय घर में कलेश करती है, जिस कारण मैं अपनी पुत्री दीपिका उर्फ प्रियंका को अपनी हर प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, और अपने व अपने परिवार के सभी रिश्तेनाते खत्म करता हूं, मेरी पुत्री अब अपनी मर्जी से विवाह करें या किसी से कोई रिश्ता रखे, मुझे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा, मेरी पुत्री अपने हर प्रकार के निर्णय के लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगी।

महेन्द्र कुमार पुत्र श्री श्रीनिवास
निवासी-गली नं.-6, इन्द्रा कालौनी, रुद्रपुर,
जिला उधम सिंह नगर

## उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी का द्विवार्षिक अधिवेशन एक व दो जून को

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की केंद्रीय पदाधिकारीयों की बैठक देवभूमि व्यापार मंडल रामनगर के सभागार में संपन्न हुई ।बैठक में पार्टी के द्विवार्षिक अधिवेशन , राष्ट्रीय एवं प्रदेश के राजनैतिक हालात को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में द्विवार्षिक महाअधिवेशन 1 एवं 2 जून को रामनगर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पी सी तिवारी एवं प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की धामी सरकार हर मोर्चे पर असफल रही है। मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण आज जहां भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है वही आर्थिक मोर्चे पर भी देश गंभीर संकट में आ गया है। मोदी सरकार अपनी नाकामियों को स्वीकार करने के बजाय जनता को उपदेश देने का काम कर रहे है।

पार्टी ने गुड़गांव, नोएडा,लखनऊ में मजदूर आंदोलन के दौरान मजदूरों, उनके नेताओं पर लगाए गए मुकदमे वापस लेने और जेल में बंद मजदूर नेताओं को बिना शर्त रिहा करने की मांग की है।

बैठक में प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं पुलिस द्वारा सतपुली,गर्मपानी, बाजपुर देहरादून, चंपावत में की गई उत्पीडात्मक कार्रवाई पर आक्रोश व्यक्त किया और प्रदेश सरकार द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर रोष व्यक्त किया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यह अधिवेशन और संवाद कार्यक्रम राज्य एवं देश में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और सकारात्मक परिवर्तन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

बैठक की अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने की, जबकि संचालन प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी द्वारा किया गया। इस दौरान बैठक में कुलदीप मधवाल, नरेश नौटियाल, दिनेश उपाध्याय,भोपाल सिंह रावत, अमीनुररहमान, विशन दत्त सनवाल, आसिफ, एडवोकेट गोपाल राम, सुनील पर्नवाल आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:- 91 / नामा०सूचना/2026-27 दिनांक:-14/5/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0-10 कमांक 362 पर श्री प्रथ पाल सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 1070 रू० वार्षिक है। उपहार विलेख के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्रीमती जसदीप कौर पत्नी श्री प्रथ पाल सिंह निवासी वार्ड नं0 10, अनाज मण्डी गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# स्क्रेप गोदाम में लगी भीषण आग

- दस अग्निशमन वाहनों ने घंटों बाद पाया काबू
- भीषण आग के चलते आस पास के भवनों को कराया खाली
- अग्निकांड की इस घटना में एक करोड़ से ज्यादा का नुकसान होने की सम्भावना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गुरुवार प्रातः अशोक लेलेंड कम्पनी के समीप ग्राम जयनगर छतरपुर मार्ग पर अज्ञात कारणों से एक स्क्रेप गोदाम में लगी भीषण आग से गोदाम में रखा करोड़ों रुपयों का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भयानव थी कि उससे निकल रहे काले धुंए से आसपास के क्षेत्र के अंधेरे में ढक लिया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टिगत आसपास के भवनों को खाली करवा दिया गया। घटना की सूचना पर दमकल विभाग व विभिन्न कम्पनियों के अग्निशमन वाहनों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटनास्थल का अग्निशमन अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार ओमेक्स कालोनी निवासी कमल अरोरा इण्डस्ट्रीयल स्क्रेप का कारोबार करते हैं।

उन्होंने ग्राम जयनगर छतरपुर मार्ग पर सुप्रीम इंटरप्राईजेज के नाम से इण्डस्ट्रीयल स्क्रेप का गोदाम बनाया हुआ है। जहां करोड़ों कीमत का विभिन्न तरह का स्क्रेप रखा रहता है। कमल अरोरा ने बताया कि आज गुरुवार प्रातः करीब साढ़े आठ बजे उन्हें कर्मचारियों ने बताया कि गोदाम से धुंआ निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह तत्काल गोदाम पहुंचे जहां उन्होंने देखा कि गोदाम से आग की तेज लपटें निकल रहीं है।

मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने घटना की सूचना तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना देने के कुछ देर में ही दमकल के कई वाहन वहां आ पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया, परंतु आग की विक. रालता को देखते हुए और वाहन बुलाने पड़े। उन्होंने बताया कि दमकल के लगभग दस वाहनों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर बाबू पाया।

कमल अरोरा ने बताया कि अग्निकांड में उन्हें एक करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान होने की सम्भावना है। गोदाम में भारी मात्र में प्लास्टिक सामान, लोहा, ड्रम, गत्ता सहित अन्य कई इण्डस्ट्रीयल स्क्रेप रखा हुआ था। उन्होंने बताया कि इस घटना में गोदाम में बना उनका कार्यालय भी पूरी तरह से आग की चपेट में आकर राख हो गया है। जिसमें सभी आवश्यक कागजात, एसी, कम्प्यूटर, फर्नीचर, सीसीटीवी आदि सामान जल गया है।

साथ ही गोदाम में रखीं दो मोटरसाईकिलें भी आग की भेंट चढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, सम्भतया आग शार्ट सर्किट के कारण लग सकती है। आग से गोदाम का भवन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। वहीं सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी सुशील गावा समेत तमाम लोगों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग द्वारा सीमा पैमांइश किए की जा रही चहार दीवारी का कड़ा विरोध

- विधायक गोपाल सिंह राणा व भुवन कापड़ी ने एसडीएम तुषार सैनी को दी सीमा की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नानक सागर डैम व कॉलोनी से लगी उत्तराखंड की जमीन पर बिना सर्वे पैमांइश के यूपी कैनाल विभाग द्वारा चहारदीवारी करने का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं इस जमीन पर काबिज ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है।

यूपी कैनाल विभाग द्वारा चहार दीवारी करने के विरोध में नानकमत्ता एवं खटीमा के विधायक उप जिलाधिकारी तुषार सैनी से मिले और बिना उत्तराखंड एवं यूपी के स्वामित्व वाली भूमि की पैमांइश किए चहार दीवारी का विरोध किया। जिस पर एसडीएम सैनी ने यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तलब कर मामले की जानकारी लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

?एसडीएम सैनी से मिले नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने बताया कि नानकसागर डैम एवं कैनाल विभाग की कॉलोनी से उत्तराखंड सरकार के स्वामित्व वाली कई एकड़ भूमि है। यूपी सरकार बिना सर्वे पैमांइस के अवैध तरीके से चहार दीवारी कर रहा है। विधायकों ने कहा कि नानक सागर कॉलोनी से लगी कई एकड़ भूमि स्वामित्व योजना के तहत राजस्व विभाग द्वारा लोगों को मालिकाना हक दिया गया है। विधायक राणा व कापड़ी ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश को यूपी सरकार द्वारा परसम्मित बंटवारे में अभी तक हिस्सा नहीं दिया है। जबकि बिना सर्वे पैमांइश किए उत्तराखंड की जमीन को हथियाने का कुचक्र चलाया जा रहा है। एसडीएम सैनी ने नानक सागर कॉलोनी की जमीन के संबंध में शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

इधर उप जिलाधिकारी तुषार सेनी ने बताया कि विधायक नानकमत्ता गोपाल सिंह राणा एवं खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी की शिकायत पर उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग के साथ संयुक्त सर्वे किया जाएगा ताकि दोनों प्रदेशों की सीमा का कोई विवाद ना रहे।

इसके लिए उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग के अधिकारी से संपर्क किया जा रहा है।

## एक नजर

# केंद्रीय विद्यालय लोहाघाट के पारस सिंह बने जिला टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** केंद्रीय विद्यालय लोहाघाट के छात्र पारस सिंह ने सीबीएसई परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद चम्पावत में प्रथम स्थान हासिल किया है। पारस की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पारस सिंह ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े बाराकोट के काकड़ गांव के मूल निवासी हैं। उनके पिता राजेंद्र सिंह एयरफोर्स से सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान में थाना ढूंगा मोहल्ले में परिवार के साथ रह रहे हैं। पारस ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। उन्होंने भविष्य में जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने का लक्ष्य तय किया है।



**सीबीएसई परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर चम्पावत जिले में पाया पहला स्थान**

विशेष बात यह भी है कि पारस के अग्रज जतिन सिंह ने दो वर्ष पूर्व इसी विद्यालय से इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर टॉपर बनने का गौरव हासिल किया था। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य स्वामी ने बताया कि विद्यालय के छात्र भावेश राय ने 91.02 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा संचित राय ने 86.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कुल 27 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे और सभी छात्र सफल रहे। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ऑकलैंड पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार, सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था ऑकलैंड पब्लिक स्कूल का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यालय में यथार्थ जोशी ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मनीष गोस्वामी ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अपूर्वा कॉलोनी ने 87 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान अपने नाम किया। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# चारूबेटा पहाड़ी कॉलोनी निवासी हरी दत्त पांडे का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** चारूबेटा पहाड़ी कॉलोनी निवासी हरी दत्त पांडे (75 वर्ष) का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। स्वर्गीय हरी दत्त पांडे पहले टीए से सेवानिवृत्त हुए थे, जिसके बाद उन्होंने डीएससी में भी अपनी सेवाएं दीं। वह अपने पीछे पत्नी निलावती पांडे सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में क्षेत्र के अनेक लोग शामिल हुए। बनबसा शारदा घाट पर उनके पुत्र भुवन चंद्र पांडे ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों और शुभचिंतकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंत्येष्टि में चंद्रशेखर पांडे, मुकेश पांडे, पूरन पांडे, गणेश पांडे, गोविंद सिंगवाल, उमेद सिंह बोरा, खड़क सिंह भंडारी, डॉ. डीसी जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट को बड़ी सौगात



- 16 पदों के सृजन को कैबिनेट की मंजूरी
- मुख्यमंत्री धामी के फैसले से चम्पावत में खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट बैठक में जनपद चम्पावत के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने लोहाघाट स्थित छमनिया में निर्माणाधीन राज्य के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के सुचारू संचालन हेतु प्रधानाचार्य सहित कुल 16 पदों के सृजन को मंजूरी प्रदान कर दी है।

सरकार के इस फैसले को क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। महिला खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण और संस्थागत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया जा रहा यह कॉलेज भविष्य में उत्तराखंड में महिला खेल सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र बनेगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद कॉलेज में प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी। साथ ही प्रशिक्षकों और अन्य आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता से छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिल सकेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, विशेषकर बेटियों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में पदों के सृजन से संस्थान की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी तथा छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण खेल प्रशिक्षण एवं बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

लोहाघाट क्षेत्र में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना को पहले ही बड़ी उपलब्धि माना जा रहा था और अब पदों के सृजन को मंजूरी मिलने से इसके जल्द पूर्ण रूप से संचालित होने की उम्मीद भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं, खासकर बेटियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# पहली बार खुद समस्याएं लेकर जिला मुख्यालय पहुंचीं महिलाएं

- डीएम ने मौके पर ही दिलाया समाधान का भरोसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** वर्षों तक मुख्यधारा से लगभग कटे रहे जनपद चम्पावत के दूरस्थ खीरद्वारी गांव की आदिम जनजाति अब धीरे-धीरे समाज और प्रशासन से जुड़ने लगी है। इसका भावुक और प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब गांव की महिलाएं अपनी समस्या लेकर पहली बार जिला मुख्यालय पहुंचीं और सीधे जिलाधिकारी मनीष कुमार से मिलीं। खीरद्वारी गांव की उज्ज्वला गैस कनेक्शन धारक महिलाओं की मुख्य समस्या गैस सिलेंडर रिफिलिंग को लेकर थी। महिलाओं ने बताया कि उन्हें गैस भरवाने के लिए दूरस्थ क्षेत्र जाना पड़ता है, जबकि टनकपुर उनके लिए अधिक नजदीक और सुविधाजनक है।

महिलाएं पहले तहसील पहुंचीं। जैसे ही जिलाधिकारी मनीष कुमार को उनके आने की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत उन्हें अपने पास बुलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के सामने पहुंचते ही महिलाएं उन्हें पहचान गईं और खुशी से बोलीं "ये तो हमारे गांव आए थे। लीलावती देवी, गीत देवी, हरि देवी, विद्या देवी, कलावती देवी और हीरा देवी ने जिलाधिकारी को अपनी समस्या बताई। मौके पर मौजूद तहसीलदार के चालक रमेश जोशी ने उनका प्रार्थना पत्र लिखा। जिलाधिकारी ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट को बुलाकर समस्या का समाधान उसी दिन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने महिलाओं से कहा कि वह स्वयं उनके गांव का दौरा कर चुके हैं और वहां की समस्याओं को भलीभांति जानते हैं। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी समस्या के लिए सीधे फोन करें, अधिकारी स्वयं गांव पहुंचकर समाधान करेंगे। महिलाओं का कहना था कि वे जिलाधिकारी का नाम सुनकर यहां आई थीं। गांव में चर्चा थी कि वह गरीबों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हैं। जिला मुख्यालय पहुंचने और जिलाधिकारी के व्यवहार व त्वरित कार्रवाई को देखकर उन्हें पहली बार लगा कि उनकी भी सुनवाई करने वाला कोई है।

# भाजयुमो ने फूंका तमिलनाडु के नेता उदय निधि स्टालिन का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मंडल अध्यक्ष शुभम पाण्डेय के नेतृत्व में तमिलनाडु के नेता उदय निधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के संबंध में दिए गए आपत्तिजनक एवं अभद्र बयान के विरोध में पुतला दहन किया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शुभम पाण्डेय ने कहा कि सनातन धर्म करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है और इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणियाँ न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य भी करती हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा ऐसे बयानों की कड़ी निंदा करता है और मांग करता है कि संबंधित व्यक्ति देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।कार्यक्रम में जिला महामंत्री गोविंद यादव, तनुज गिल्होत्रा (मंडल अध्यक्ष, गदरपुर), पप्पू जी (मंडल अध्यक्ष, बाजपुर ग्रामीण), अंकित सोई, गुनगुन पवार (जिला मंत्री), अनुज तिवारी, समन मुंजाल, व्यापारी नेता उशांत सब्बरवाल, राहुल सैनी, राकेश ठाकुर, विक्की राजहंस, शिवा तिवारी, अंकित पांडे, कमल सक्सेना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।भारतीय जनता युवा मोर्चा ने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म और देश की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान की रक्षा के लिए वह सदैव मुखर रहेगा और किसी भी प्रकार के अपमान को सहन नहीं किया जाएगा।



# मिस्टर इंडिया मैन फिजिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में इंटर बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन द्वारा मिस्टर इंडिया मैन फिजिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।जिसमें रामनगर के छोई निवासी कल्पित बिष्ट द्वारा सभी प्रतिभागियों को शिकस्त देते हुए मिस्टर इंडिया चैंपियनशिप में मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर ट्रॉफी अपने नाम करते हुए रामनगर का नाम रोशन किया है।

कल्पित बिष्ट सफलता का श्रेय अपने माता-पिता अपने गुरु परम संधू व जो जिम में उनके साथ में बॉडी बिल्डिंग करते हैं उन सब लोगों को दिया है।कल्पित बिष्ट ने कहां की हर बॉडी बिल्डर का सपना मिस्टर इंडिया बना होता है जो कि आज मेरा पूरा हो गया और आगे भी इसी तरीके कई कंपटीशन में हिस्सा लेकर रामनगर और अपने प्रदेश उत्तराखंड का नाम रोशन किया जाएगा। उनकी इस जीत पर रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, कांग्रेस नेता पुष्कर दुर्गापाल, भाजपा नेता इंदर रावत, गणेश रावत, शिशुपाल सिंह रावत, विपिन काण्डपाल, राकेश नैनवाल, भगीरथ लाल चौधरी, आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, संजय डर्बी, दिनेश मेहरा, प्रभात ध्यानी सहित तमाम जनप्रतिनिधि ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# बाराही धाम देवीधुरा में होगा भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान

- 16 मई को कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पुष्कर सिंह धामी 16 मई को बाराही धाम देवीधुरा में भाजपा द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 मई को प्रातः 9:30 बजे बाराही मंदिर परिसर से शुरू होगा तथा 16 मई को सायं 5 बजे संपन्न होगा।

भाजपा जिला महामंत्री मुकेश कलखुडिया ने बताया कि 12 सत्रों में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण महाअभियान में जिले के भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, विधायक, वर्ष 2022 के विधानसभा प्रत्याशी, दायित्वधारी, जिला पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष तथा महामंत्री अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के प्रत्येक सत्र के विषय, समय और वक्ताओं को निर्धारित कर दिया गया है। प्रथम सत्र "हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान" विषय पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट संबोधित करेंगे। दूसरे सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप बिष्ट अपने विचार रखेंगे। तीसरे सत्र में कार्यकर्ता विकास, संवाद एवं अपेक्षाओं पर दायित्वधारी सुरेश भट्ट मार्गदर्शन देंगे। चौथा सत्र कार्य पद्धति पर आधारित होगा जिसमें कुंदन लटवाल वक्ता होंगे। पांचवें सत्र में "देश के सम्मुख राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियां" विषय पर महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट विचार रखेंगी। छठे सत्र में कार्य विस्तार विषय पर विकास गुप्ता प्रकाश डालेंगे। सातवें सत्र में अनुस. ूचित जाति-जनजाति मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवीर घुनियाल संबोधित करेंगे।

नवां सत्र सोशल मीडिया पर केंद्रित रहेगा जिसमें प्रदेश आईटी संयोजक प्रवीण लखवार वक्तव्य देंगे। दसवें सत्र में मीडिया प्रबंधन विषय पर प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर जानकारी देंगे। ग्यारहवें सत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी "सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं एवं उनका क्रियान्वयन" विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। अंतिम बारहवें सत्र में "विचार परिवार" विषय पर प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल राणा प्रकाश डालेंगे। प्रशिक्षण महाअभियान के संयोजक सतीश चंद्र पांडे ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विशेष रूप से नए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में संगठनात्मक कार्यप्रणाली और विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त करने को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।



# भूमि विवाद को लेकर कोतवाल से वार्ता की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बहादुरगंज मुंडिया कलां निवासी उपकार सिंह पुत्र हरदयाल सिंह ने भूमि विवाद को लेकर कोतवाल नरेश चौहान चौहान को शिकायती पत्र सौंप कर न्याय की मांग की है। उन्होंने बताया ग्राम मुंडिया कलां स्थित खाता संख्या-290, गाटा संख्या 403/6 (रकबा 0.060 हेक्टेयर) तथा 403/7 (रकबा 0.090 हेक्टेयर) भूमि का काबिज है। संबंधित भूमि चकबंदी प्रक्रिया के अधीन बताई गई है।उपकार सिंह का आरोप है कि उनके पड़ोसी उनकी भूमि पर अवैध रूप से कूड़ा-कचरा डाल रहे हैं और कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि कई बार मना करने पर भी विपक्षी पक्ष नहीं मान रहा और विरोध करने पर विवाद की स्थिति बन रही है। मांग की है कि चकबंदी अधिकारी के माध्यम से भूमि की पैमाइश/नपत कराई जाए तथा चौकी दोराहा को निर्देश दिए जाएं कि नपत होने तक संबंधित भूमि पर मिट्टी डालने और किसी प्रकार का निर्माण कार्य कराने से रोका जाए। वही कोतवाल ने पीड़ित को जांच का कार्रवाई करने का भरोसा दिया है ।वहां पर किसान नेता हरप्रीत सिंह निज्जर, गुलजार सिंह, जसविंदर सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पलटी, पांच घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जहां भिकियासैंण से दिल्ली जा रही एक वेगेनार कार रामनगर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई,हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना देर रात रामनगर के पंपापुरी स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय के पास की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार वेगेनार कार में दो परिवारों के कुल पांच लोग सवार थे, जो भिकियासैंण से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज गति में आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में चालक ने अपनी कार दूसरी ओर काट दी। बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक काम नहीं करने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई,इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ऑटो चालक और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को कार से बाहर निकाला, सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया।

हादसे में घायल लोगों की पहचान चालक गिरीश मठपाल निवासी शिनार भिकियासैंण, ख्याली राम जोशी निवासी संजय कॉलोनी सेक्टर-23 फरीदाबाद, उनकी पत्नी दीपा जोशी, मनोहर सिंह और उनकी पत्नी जानकी देवी निवासी ग्राम नौबड़ा भिकियासैंण के रूप में हुई है, चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दीपा जोशी और जानकी देवी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

वहीं चालक गिरीश मठपाल ने बताया कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार को बचाने के लिए उसने अपनी कार दूसरी तरफ मोड़ी, लेकिन ब्रेक नहीं लगने के कारण वाहन पलट गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# रोजगार मेले का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर सेवायोजन कार्यालय रामनगर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कम्पनी केएस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा टाटा मोटर्स लिमिटेड पंतनगर रुद्रपुर के लिए कौशल्या लर्न एंड अर्न योजनान्तर्गत नेप्स ट्रेनी के पदों के लिए प्रतिभाग किया गया।

रोजगार मेले में कुल 50 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।साक्षात्कार के उपरान्त नियोजक द्वारा कुल 23 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया और 11 अभ्यर्थियों का द्वितीय साक्षात्कार के लिए चयन किया गया।नगर सेवोयाजन अधिकारी प्रियंका गड़िया द्वारा प्रतिभागी बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग द्वारा संच. ालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने वर्तमान रोजगार बाजार परिप्रेक्ष्य में उक्त मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागी कंपनी क्यूएस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधि दिनेश चन्द्रा, जोनल हेड राकेश पाल द्वारा नैप्स ट्रेनी के पदों के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रामनगर के प्रभारी प्रधाचार्य नवनीत लोहनी, प्रकाश चन्द्र आदि मौजूद रहे।




# पुलिस ने एक चोर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जल संस्थान रामनगर के जेई शीशपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जल संस्थान टेड़ा रामनगर में एक व्यक्ति द्वारा तारों को काट दिया गया, जिससे मैड पम्प क्षतिग्रस्त होने के कारण नदी मे लगे पम्पो की विद्युत सप्लाई बन्द हो गई। आरोपी भूपराम पुत्र खेमराम निवासी ग्राम बलरामपुर नगोही शाहजहांपुर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# भीषण गर्मी के चलते शहर में प्याऊ लगवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बाजपुर।** क्षेत्रान्तर्गत शीतल जल प्याऊ लगवाये जाने की मांग को लेकर महिला मोर्चा ने भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कुसुम सैनी के नेतृत्व में एसडीम डॉ अमृता शर्मा को ज्ञापन शॉप कर कार्यवाही करने की मांग की। भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुसुम सैनी ने कहा भीषण गर्मी के चलते विधानसभा क्षेत्र एवं शहर में शीतल जल प्याऊ लगवाएं जाने की मांग की।जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बचाए जा सके। उन्होंने कहा आम जनता बाजपुर शहर में अपनी जरूरत का सामान खरीदने के लिये आते है, चूंकि गर्मी के मौसम की शुरूआत हो चुकी है तथा आम जनता के लिये पीने के पानी हेतु प्याऊ लगवाये जाने की आवश्यकता है। इस मौके पर दिव्या गोयल,अर्चना शर्मा,पूनम शर्मा, नीलम राठी आदि मौजूद थीं।

# संविदा उपनल कर्मियों के नियमितिकरण व चयनित वेतनमान पर हाई कोर्ट का कड़ा रुख

## कहा-पूर्व के आदेशों का अनुपालन ना करने पर क्यों ना सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम किया जाए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षो से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नही करने और उन्हें चयनित वेतनमान नहीं दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। वीरवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश थपलियाल की कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को कैबिनेट में रखा गया है जिस पर निर्णय लेने के लिए उन्होंने कोर्ट से अतिरिक्त समय देने की मांग की। इस पर न्यायालय ने कहा कि इस विषय पर अलग से समय दिया जाएगा लेकिन पूर्व के आदेशों का अनुपालन अब तक क्यों नहीं हुआ जो कि कोर्ट के आदेशों को अवहेलना है, क्यों नहीं संबन्धित अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट के आदेशों का अनुपालन न करने पर उनके खिलाफ चार्ज फ्रेम किया जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि इस पर आने



वाले मंगलवार यानी 19 मई तक कोर्ट को अवगत कराएं, आखिरकर कोर्ट के आदेशों का अनुपालन कयों नही हो रहा है? वहीं शासकीय अधिवक्ता द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय मांगा गया। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से प्रस्तुत एक अनुबंध पर भी न्यायालय ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना कि यह अनुबंध न्यायालय के आदेशों के खिलाफ है साथ ही न्यायालय ने शासन से यह भी पूछा कि न्यूनतम वेतनमान और जीएसटी कटौती रोकने जैसे स्पष्ट आदेश होने के बावजूद नए अनुबंध की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। मामले के अनुसार संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष उनका पक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व मे कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में एक आदेश जारी किया था लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। न ही इसे उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड में लाया गया है। पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन मुख्य सचिव उत्तराखंड की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

### संशोधित सेवा नियमों पर उठाए गंभीर सवाल

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने पिटकुल में निदेशक पद की भर्ती प्रक्रिया से जुड़े संशोधित सेवा नियमों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बता दें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव को व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल कर यह स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं कि भर्ती नियमों में बताई गई त्रुटि को सुधारने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं? मामला अनुपम सिंह बनाम प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग एवं अन्य से संबंधित है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रियंका अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि संशोधित भर्ती नियमों के अनुसार निदेशक पद के लिए वही व्यक्ति पात्र माना जाएगा, जिसने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में चीफ इंजीनियर/जनरल मैनेजर या उससे उच्च पद पर कार्य किया हो जबकि पुराने नियमों में केवल चीफ इंजी. नियर/जनरल मैनेजर या समकक्ष पद का अनुभव पर्याप्त था और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में होना आवश्यक नहीं था। याचिकाकर्ता का कहना है कि पिटकुल में बोर्ड ऑफ डायरेटर्स के भीतर चीफ इंजीनियर या जनरल मैनेजर का कोई पद अस्तित्व में ही नहीं है। ऐसे में संशोधित नियम उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर कर देंगे। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष वर्ष 2026 की पूर्व याचिका में ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे का भी उल्लेख किया गया। उसमें सरकार ने स्वीकार किया था कि नियमों में अनजाने में त्रुटि रह गई है और उसे सुधारने की प्रक्रिया जारी है। खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार स्पष्ट करे कि नियमों में सुधार के लिए कया कार्रवाई की गई है तथा यह भी बताए कि त्रुटि को कब तक ठीक किया जाएगा, साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि जब तक नियमों की त्रुटि दूर नहीं हो जाती तब तक पिटकुल में निदेशक पद पर भर्ती के लिए कोई नया विज्ञापन जारी न किया जाए। अगली सुनवाई 25 मई सोमवार को निर्धारित है।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट परिसर में आज नो व्हीकल डे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ईंधन के वैश्विक संकट और राष्ट्र पर इसके बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार आज हाईकोर्ट परिसर में नो व्हीकल डे मनाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में बीरवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि वर्तमान में देश जिस ईंधन संकट से गुजर रहा है उसमें सभी नागरिकों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय से जुड़े सभी पक्षों से इस अभियान में योगदान देने की अपील की है। बताया है कि यह अपील न्यायाधीशों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बार के सभी सदस्यों के लिए प्रभावी होगी। इसके साथ ही उच्च न्यायालय परिसर में स्थित अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से शुक्रवार आज निजी या सरकारी वाहनों का उपयोग न करने का आग्रह किया गया है। ईंधन बचाने के इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे शुक्रवार आज अपने कार्यालय आने के लिए केवल साइकिल का उपयोग करें या पैदल ही आएं। न्यायालय प्रशासन का मानना है कि इस छोटे से बदलाव से न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जन-जन तक पहुँचेगा। दूरी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने उन वकीलों के लिए विशेष राहत प्रदान की है जो हल्द्वानी या भवाली जैसे दूर.दराज के क्षेत्रों से नैनीताल आते हैं। बार के ऐसे बाहरी सदस्यों को शुक्रवार (आज) वर्चुअल मोड (ऑनलाइन) के माध्यम से अदालती कार्यवाही में शामिल होने का विकल्प दिया गया है ताकि उन्हें आवागमन की असुविधा न हो।

## एक नजर

### उत्तराखंड वुडबॉल टीम रायपुर रवाना

**नैनीताल।** वुडबॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में आयोजित होने वाली वुडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु उत्तराखंड वुडबॉल टीम 14 से 17 मई तक रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित 20वीं सीनियर एवं 14वीं जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने बसस्टेशन रुद्रपुर से दिल्ली रायपुर को रवाना हुई। बता दें उत्तराखंड वुडबॉल टीम के खिलाड़ियों में आशीष कबड़वाल, संदीप, अतुल, दीपक, अनमोल, हर्षित, अक्षय, ललित, ऋतिक, प्रांजल, विवेक, रोहित, नितिन, रियांश, सौरव, गणेश, अथर्व एवं निष्कर्ष शामिल हैं। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने टीम को प्रतियोगिता हेतु रवाना कर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी।

### कुविवि में अब अधिकांश बैठकें होंगी ऑनलाइन

**नैनीताल।** प्रधानमंत्री द्वारा सरकारी संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से अनावश्यक खर्चों में कटौती और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील के क्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समय एवं वित्तीय मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुए आगामी आदेशों तक विश्वविद्यालय की अधिकांश बैठकों को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय की वैधानिक निकायों की बैठकें/शोध की मौखिक परीक्षाएं तथा विभिन्न संकायों एवं विभागों की अन्य बैठकें अब ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराई जाएंगी। केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ऑफ लाइन बैठक आयोजित की जा सकेगी जिसके लिए कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस निर्णय से समय की बचत के साथ-साथ यात्रा एवं अन्य प्रशासनिक व्ययों में भी कमी आएगी साथ ही डिजिटल कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और कार्यों के निष्पादन में तेजी आएगी।

### विकासपरक योजनाओं की जानकारी दी

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने वीरवार को नैनीताल विधानसभा के तहत भवाली में भवाली नगर एवं भवाली गांव में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गांव के बुर्जुग लोगों से मुलाकात कर सरकार की विकासपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभों को बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डबल इंजन सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं इसका सबको अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने मिशन 2027 के तहत पार्टी गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान राजेंद्र कपिल, नवीन लाल, नन्हे लाल, सतीश सरपंच, जयवीर, नंद लाल आर्य, पूरन बिष्ट, रमेश बिष्ट, मुन्नी देवी, बसन्ती देवी, चंद्रा देवी, किरन बिष्ट, श्याम बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण के मामले में सुनवाई 6 हफ्ते बाद

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चंपावत के बनबसा में वन विभाग की भूमि पर हुए अतिक्रमण के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्याधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के सचिव को निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है उनके मामलों को दुबारा से सुने और उसकी रिपोर्ट न्यायलय में 6 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। अगली सुनवाई कोर्ट ने 6 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

### गंदगी फैलाने वालों पर पालिका की सख्ती

**नैनीताल।** पालिका की टीम ने वीरवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर कई लोगों के चालान किए वहीं अब गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने बताया कि नगर में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पालिका ने कार्रवाई तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को गंदा करने वालों के खिलाफ नियमित चालानी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि बृहस्पतिवार पालिका की टीम ने गंदगी फैलाने पर द नैनीताल कैफे के संचालक आदिलए तिब्बती बाजार में मोमो रेस्टोरेंट में लवकुश व रेहड़ी लगाकर गंदगी करने पर नवीन व महेंद्र के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 6 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

### एमएल साह विद्या मंदिर में मेधावी छात्रा सम्मानित

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं



के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। समारोह में मुख्य रूप से बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अलंकृता पांडे, दीक्षा जोशी तथा राफिया रफत और ख्वाइश हुसैन को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने बच्चों की इस कामयाबी को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। इस दौरान प्रधानाचार्य अनुपमा साह ने घोषणा की कि विद्यालय प्रशासन इन प्रतिभावान छात्र.छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन मेधावियों को जल्द ही विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

## 39.58 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड विजन को साकार करने हेतु कुमाऊँ पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में मादक



पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में वीरवार को रेंज एसओटीएफ टीम एवं थाना बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक महिला अभियुक्ता को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चे. कंग के दौरान राबिया पत्नी फहीम उर्फ बबलू निवासी अली मस्जिद के पास नाले के पास बंद गली थाना कोतवाली वनभूलपुरा को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्ता के कब्जे से कुल 39.58 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता के विरुद्ध थाना वनभूलपुरा में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। टीम में थाना वनभूलपुरा पुलिस टीम उप निरीक्षक मनोज यादव व कानि. दिलशाद अहमद शामिल रहे।

## टैक्सी पलटी खाकर गिरी, चालक समेत 6 सवार बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत नैनीताल-ज्योलीकोट ज्योली रानीबाग मोटर मार्ग में देर शाम नैनीताल से हल्द्वानी को जा रही टैक्सी वाहन अनियंत्रित होकर कौसानी के पास में मोटर मार्ग से नीचे पलट गई। गनीमत रही कि वाहन मात्र एक पलटी खाकर दस फुट में ही रुक गया। बता दें वाहन में चालक



सहित कुल 6 लोग सवार थे। पुलिस चौकी दोगड़ा के चौकी इंचार्ज ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए हल्द्वानी भेज दिया गया जिसमें एक सवारी साबिर को पीठ में गहरी अंदरूनी चोट लगने की आशंका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टैक्सी वाहन नंबर यूके 04 टी-3045 को चालक मनोज कनवाल निवासी चौहानपाटा रानीबाग देर शाम साढ़े चार बजे उक्त मार्ग से नैनीताल से सवारियां भरकर हल्द्वानी को जा रहा था कि कौसानी गांव के पास उक्त वाहन अनियंत्रित होकर खाई की ओर लुढ़क गया। चालक के अनुसार ब्रेक ना लगने के कारण वह वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया। दुर्घटना में पूर्णिया बिहार निवासी रिजवान (19), साबिर (46), राजू (19), मोहम्मद जाकिर (35), रिजवान द्वितीय (36) घायल हो गए है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए हल्द्वानी भेज दिया गया।

## नीट पेपर लीक से गुस्साए कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार का



पुतला दहन किया और जमकर नारेबा. जी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य अरनव कम्बोज ने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं ने देशभर के लाखों छात्रों और अभिभावकों का भरोसा तोड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने में पूरी तरह किल रही है। पूर्व चेयरमैन दीप चंद्र सती ने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग भी उठाई गई। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में वकील अहमद, पीयूष बिष्ट, रोहित बुधलाकोटी, कमल अधिकारी, सलमान वारसी, सरताज फारूकी, विक्रम सामंत, रंजीत कौर आदि मौजूद रहे।

## नैनीझील में समा रहा सीवर व घरों का गंदा पानी

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी की पहचान नैनीझील लगातार प्रदूषण की चपेट में आती जा रही है। शहर के विभिन्न हिस्सों से सीवर और घरों और नालों का गंदा पानी झील में सामने से इसकी सेहत पर गंभीर असर पड़ रहा है। हालात यह हैं कि सालभर कहीं न कहीं से सीवर व गंदा पानी सीधे झील में पहुंचता रहता है जिससे झील प्रदूषित हो रही है। मामले में जल संस्थान के ईई रमेश गर्बियाल ने बताया कि सीवर लीकेज की शिकायत मिलने पर तुरंत टीम को भेजा गया था। इसमें सामने आया कि रिकशा स्टैंड के समीप सार्वजनिक शौचालय के चैंबर से लीक होकर सीवर नाले के रास्ते झील में समा रहा है। जिस पर पालि. का के अधिकारियों से चैंबर सही कराने की अपील की गई थी साथ ही संचालक के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई थी। अन्य स्थानों पर भी विभाग नजर रख रहा है।

## 5.51 करोड़ में नवीन अग्रवाल के नाम रहा डीएसए पार्किंग का ठेका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लंबे इंतजार और कई चरणों की प्रक्रिया के बाद नैनीताल की बहुचर्चित डीएसए पार्किंग का टेंडर बीरवार को हो ही गया। नगर पालिका की ओर से आयोजित निविदा प्रक्रिया में सर्वाधिक 5.51 करोड़ रुपये की बोली लगाकर नवीन अग्रवाल ने ठेका अपने नाम कर लिया। पालिका प्रशासन ने ठेकेदार को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है और रात 12 बजे के बाद पार्किंग संच. ालन औपचारिक रूप से ठेकेदार को सौंप दिया जाएगा। वीरवार को नगर पालि. का सभागार में टेंडर समिति की मौजूदगी में डीएसए कार पार्किंग के टेंडर खोले गए। पालिका की ओर से इस बार न्यूनतम 4.25 करोड़ रुपये की आधार राशि निर्धारित की गई थी। टेंडर प्रक्रिया में नवीन अग्रवाल, सुमित जेठी, तिनिष्क इंफटेक और परिधि एसोसिएट्स ने भाग लिया। तकनीकी परीक्षण के दौरान आवश्यक दस्तावेज पूर्ण नहीं होने पर परिधि एसोसिएट्स को प्रारंभिक चरण में ही बाहर कर दिया गया। इसके बाद वित्तीय बोली में नवीन अग्रवाल ने सबसे अधिक 5.51 करोड़ रुपये की बोली लगाकर बाजी मार ली। वहीं तिनिष्क इंफ्राटेक ने 4.54 करोड़ और सुमित जेठी ने 4.38 करोड़ रुपये की बोली लगाई। ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि सफल ठेकेदार को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। नगर पालिका रात 12 बजे के बाद डीएसए पार्किंग का संच. ालन नई व्यवस्था के तहत ठेकेदार को सौंप देगी। टेंडर समिति में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, मुख्य कोषाधिकारी कमलेश भंडारी, ईओ रोहिताश शर्मा, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता एलएम कश्यप, टीएस दीपेंद्र बमोला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीडीओ पांडे पैदल पहुंचे कार्यालय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के क्रम में वीरवार को जिले के सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे स्वयं पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे। श्री पाण्डे ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन की बचत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले के सभी



अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि दैनिक कार्यों में वाहनों का सीमित उपयोग करें तथा अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचेंए ताकि ईंधन की खपत को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि पैदल चलना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति छोटी-छोटी दूरी के लिए वाहन के बजाय पैदल चलने की आदत अपनाएए तो ईंधन बचत के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा मिलेगा। सीडीओ ने भीमताल विकास भवन परिसर सहित विकास विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से ईंधन बचाव अभियान को जन सहभागिता के रूप में अपनाने की अपील की।

# मतदाता सूची के मतदाताओं की मैपिंग प्रगति की समीक्षा

## निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को एडीएम राय ने दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत की जा रही तैयारियों एवं पुनरीक्षण से पूर्व संपादित गतिविधियों के संबंध में वीरवार को जिला स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिक. ारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता में समस्त उप जिलाधिक.



ारी, तहसीलदार एवं आयोग द्वारा अधिसूचित विभिन्न विभागों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्ष 2025 की मतदाता सूची के मतदाताओं की मैपिंग की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत की जा रही पूर्व तैयारी संबंधी गति. विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्ष 2023 की निर्वाचक नामावली के प्रत्येक मतदाता की वर्तमान निर्वाचक नामावली के मतदाताओं के साथ सही एवं शुद्ध रूप से मैपिंग सुनिश्चित की जाए तथा अनमैप्ड मतदाताओं की सूची का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। बैठक में एआरओ नेट सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्राप्त विसंगतियों एनोमली) के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी द्वारा समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही एआरओ नेट में प्रदर्शित अनियमितताओं के आधार पर संबंधित मतदाताओं के मध्य व्यापक जागरूकता अभियान संचालित करते हुए उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने हेतु सूचित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आयोग के निर्देशानुसार ई-रोल अपडेट से संबंधित कोई भी प्रपत्र एसेप्टेड अवस्था में लंबित न रहे तथा प्रपत्र 6 से लेकर 8 तक किसी भी दशा में क्रमश 15, 30 एवं 45 दिवस से अधिक अवधि तक लंबित न रखे जाएं। अपर जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिये गए हैं कि जहां आगामी एसआईआर प्रस्तावित है उसमें सभी बातों की पुष्टि अवश्य करा लिया जाए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई/उपजिला. धिकारी प्रमोद कुमार/सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे/ तहसीलदार हल्द्वानी कुलदीप पांडे तथा वर्चुअल माध्यम से परितोष वर्मा/ नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी सहित उप जिलाधिकारी नैनीताल/रामनगर/धारी/कालाढू ंगी एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिक. ारी उपस्थित रहे।

## 5 अतिसंवेदनशील गांव चिन्हित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल द्वारा विकास खण्ड धारी के संत सोमवारी महाराज राजकीय इंटर कॉलेज पदम पुरी, साधन सहकारी समिति पदम पुरी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात् विकास खण्ड धारी के सभी पटलों का भौतिक निरीक्षण किया गया एवं सभी कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात विकास खण्ड सभागार में सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों से 5 अतिसंवेदनशील गाँव को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए जिसमें जंगली जानवरों से बचाव के लिए सोलर लाइट व फैन्सिंग लगवाने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात् भालूगाड़ वाटरफॉल का भ्रमण किया गया जहाँ एन आरएलएम द्वारा संचालित आउटलेट का निरीक्षण किया गया। साथ ही भालूगाड़ जलप्रपात का



भ्रमण किया गया। विधायक प्रति. निधि प्रकाश चंद्र नानू द्वारा संवेदन शील क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों के विधार्थियों को सुरक्षित विद्यालय आने जाने हेतु परिवहन व्यवस्था, परी ताल में पूर्व में हुई दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कराने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में सोलर लाइट लगवाने हेतु प्रस्ताव रखे गए। भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के साथ सहायक परियोजना निदेशक, खण्ड विकास अधिकारी धारी, मुख्य उद्यान अधिकारी, एसडीओ वन विभाग, मुख्य कृषि अधिकारी, अधिसासी अभियन्ता जल संस्थान, अधिसासी अभियन्ता जल जीवन मिशन भालूगाड जल प्रपात समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह विष्ट जी इत्यादि उपस्थित रहे।

## पेपर लीकः लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर खष्टी बिष्ट ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नीट जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा में शामिल होने वाले लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि



भ्रष्टाचार का आखिर कोई फुल स्टॉप है भी या नहीं, यह बड़ा सवाल बन चुका है। उत्तराखंड में भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार पेपर लीक जैसे गंभीर मामले सामने आते रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। अब नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में भी गड़बड़ी की खबरें सामने आना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बच्चे डाक्टर बनने का सपना लेकर दिन-रात मेहनत करते हैं, अपने शौक और जरूरतों को त्यागकर कोचिंग और पढ़ाई में जुटे रहते हैं, लेकिन भ्रष्ट तंत्र उनके सपनों पर पानी फेर देता है। खष्टी बिष्ट ने कहा कि पूरे देश में 20 से 22 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होते हैं और अपने भविष्य को लेकर उम्मीदें संजोते हैं। लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनके विश्वास को तोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान से जुड़े तार वहां की सरकार पर भी सवाल खड़े करते हैं, लेकिन सरकारें संवेदनहीन हो चुकी हैं और युवाओं की पीड़ा सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी उम्र के लोगों को हालात समझाना आसान होता है, लेकिन मासूम बच्चों के कोमल मन पर भ्रष्टाचार का जो आघात पहुंचा है, उसकी भरपाई संभव नहीं है।

## नीलगिरी हाउस ने जीती चैंपियनशिप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में इंटर हाउस बास्केट बॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में शिवालिक एवं बालिका वर्ग में नीलगिरी हाउस ने जीती।

विद्यालय मैदान में पिछले चार दिन से चल रही प्रतियोगिता में लीग के आधार पर मैच खेले गए। बालक वर्ग से शिवालिक एवं विंध्या हाउस तथा बालिका वर्ग में नीलगिरी एवं विंध्या हाउस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुँचे।

बालक वर्ग के फाइनल मैच में कांटे के मुकाबले के बीच शिवालिक हाउस ने विंध्या हाउस को 24-21 के अंतर से हरा कर प्रतियोगिता अपने नाम की। बालिका वर्ग में नीलगिरी हाउस ने 10-6 के अंतर से अपनी प्रतिद्वन्दी विंध्या हाउस को हरा कर प्रतियोगिता जीती। प्रतियोगिता के उपरान्त पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित विन्या जिसमें विजेता एवं



उपविजेता टीमों को पुस्कारों के साथ टीम चैंपियनशिप प्रदान की गयी। बालक वर्ग में शिवालिक हाउस के कार्तिक रावत को और बालिका वर्ग में नीलगिरी हाउस की याचना सनवाल को बेस्ट प्लेयर के रूप में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य/निदेशक एसएस नेगी द्वारा सभी खिलड़ियों की सराहना करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाली विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए सभी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल कोच पूनम परिहार एवं मनोज आर्या ने रेफरी की तथा एसएस बिष्ट ने स्कोरर की भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अहिन पाण्डे द्वारा किया गया।

# PBKS ने MI को 201 रन का लक्ष्य दिया

■ प्रभमिसरन सिंह का अर्धशतक, अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली, शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट लिए



**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने अभी खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 201 रन का टारगेट दिया है। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। आखिर में जेवियर बार्टलेट ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

मुंबई के लिए शार्दूल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए। वहीं दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। शुरुआत में पंजाब ने तेज रन बनाए, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। इसके बावजूद उमरजई और बार्टलेट की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर दीपक चाहर ने धीमी गेंद पर उमरजई की विस्फोटक पारी का अंत कर दिया। बड़े शाट की कोशिश में उमरजई गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और लान्ग आन पर विल जौक्स ने आसान कैच पकड़ लिया।

उमरजई ने सिर्फ 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 छक्के शामिल रहे। शार्दूल ठाकुर का विकेट लेने का सिलसिला जारी है। उन्होंने क्रास-सीम गेंद पर मार्को यास को बोल्ड कर दिया। गेंद नीचे रही, जैनसन ने लाइन के पार बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन बाउंस को पूरी तरह पढ़ नहीं सके। गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। कार्बिन बाश ने धीमी क्रास-सीम गेंद पर शशांक सिंह को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। गेंद उम्मीद से धीमी रही और नीचे भी रही, जिससे शशांक शाट खेलने से चूक गए। उन्होंने रिव्यू लिया, लेकिन अल्ट्राएज में बल्ले का कोई संपर्क नहीं मिला और बाल ट्रैकिंग में तीनों रेड आए। शशांक ने 2 रन बनाए। 14वें ओवर की दूसरी बाल पर शार्दूल ने सूर्यांश शेडगे को आउट कर पंजाब को मुश्किल में डाल दिया। लेग स्टंप पर आई फुल गेंद को शेडगे ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में शार्ट मिडविकेट की तरफ चली गई। वहां राज बावा ने अपनी बाईं ओर शानदार डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। शेडगे 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। राज बावा ने शानदार गेंद पर कूपर कोनोली को बोल्ड कर मुंबई को एक और बड़ी सफलता दिलाई। शार्ट आफ लेंथ गेंद पिच से अंदर आई, कोनोली कट शाट खेलने की को. शिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे आफ स्टंप पर जा लगी। कोनोली 22 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। शार्दूल ने एक ही ओवर में मैच का रुख बदल दिया। ओवर की शुरुआत में प्रभसिमरन ने शानदार सिक्स लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में वह कार्बिन बाश को कैच दे बैठे।

# लियाम ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लिया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैम्पशायर के ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने तत्काल प्रभाव से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 वर्षीय डॉसन ने अपने 20 सीजन लंबे करियर में 380 विकेट लेने के साथ ही 18 शतक भी लगाए। इंग्लैंड के लिए आठ वर्ा बाद वापसी करने से पहले डॉसन को 2024 में प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन अवॉर्ड्स में पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।

हालांकि 2026 के सीजन की शुरुआत में हैम्पशायर के पहले पांच मुकाबलों में चार मैच खेलने और सीमित सफलता के बाद उन्होंने लाल गेंद क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला कर लिया। वह हैम्पशायर के लिए सीमित ओवर प्रारूप में और द हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए खेलना जारी रखेंगे। इस साल टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के दल का हिस्सा होने को मद्देनजर देखते हुए वह सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।

डॉसन ने कहा, मैंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को लंबा करने के लिए यह फैसला लेने के लिए सही समय था। मुझे गर्व है कि मैंने हैम्पशायर के लिए 200 से अधिक मुकाबले खेले और इन वर्ा में कई खिलाड़ियों के साथ सुनहरी यादें साझा कीं। मैं हैम्पशायर के लिए सफेद गेंद क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं और इस सफलता को जारी रखना चाहता हूं।

## खेल विशेष

### अलावेस ने ला लीगा चैंपियन बार्सिलोना को चौंकाया

**मैड्रिड, वार्ता।** पहले से ही ला लीगा चैंपियन एफसी बार्सिलोना बुधवार को डेपोर्टिवो अलावेस से 1-0 से हार गया। टाइटल जीतने के तीन दिन बाद, बार्सिलोना रविवार और सोमवार को अपने जश्न के असर से परेशान दिखा, और उसने अपने नॉर्मल लेवल से काफी नीचे का परफॉर्मेंस दिया। इब्राहिम डायबेट ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अलावेस के लिए मैच का एकमात्र गोल किया। इस जीत ने अलावेस को बॉटम थ्री से बाहर निकाला और उसके बचने की उम्मीदें जदिा रखीं। सेविला ने विलारियल से 3-2 से जीत हासिल की, और स्टैंडिग में 10वें स्थान पर पहुंच गया। विलारियल, जिसने अगले सीजन के यूएफा चैंपियंस लीग में पहले ही जगह पक्की कर ली है,

### अजीत ने 71 किग्रा कैटेगरी में डबल ब्रॉन्ज मेडल जीते

**गांधीनगर, वार्ता।** भारत ने 2026 एडब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप में अपना शानदार कैंपेन जारी रखा, क्योंकि अजित नारायण ने कॉम्पिटिशन के चौथे दिन शानदार परफॉर्मेंस देते हुए क्लीन एंड जर्क और ओवरऑल टोटल दोनों इवेंट्स में पुरुषों की 71 किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीते। एशिया के कुछ बेहतरीन वेटलिफ्टर्स के खिलाफ मुकाबला करते हुए, अजित ने जबरदस्त ताकत और धैर्य दिखाते हुए कुल 314 किंग्रा वजन उठाया, जिसमें क्लीन एंड जर्क में 174 किंग्रा का शानदार प्रदर्शन भी शामिल था, जिससे भारत को पोडियम पर अच्छी जगह मिली। इस कैटेगरी में गोल्ड मेडल वॉन जू री (पीआरके) ने जीता, जिन्होंने कुल 351 किंग्रा वजन उठाया।

### यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 193 रन से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में गुरूवार को 193 रन से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने शिवम भान 131(80), रोहन राणा 42(21) और अक्षय सिग्नेचर 45(43) की शानदार पारियों की मदद से 40 ओवर में 10 विकेट पर 339 रन बनाए। खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर के बॉलर समर कोहार ने 24 रन देकर 2 विकेट, संपर्क गुप्ता ने 47 रन देकर 2 विकेट और इमरोजप्रीत सिंह ने 62 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने 23 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन बनाए। इमरोजप्रीत सिंह ने 31(21) और प्रांजल सैनी ने 27(22) रन बनाए और मैच 193 रन से हार गया।

# स्वितोलिना ने 16 ब्रेकपॉइंट बचाकर रायबाकिना को हराया

**रोम, वार्ता।** एलिना स्वितोलिना ने एलेना रायबाकिना के खिलाफ 20 ब्रेक पॉइंट का सामना किया, उनमें से 16 बचाकर बुधवार रात को वर्ल्ड नंबर 2 पर उलटफेर भरी जीत हासिल की और आठ साल में पहली बार इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं। स्वितोलिना ने 2 घंटे और 23 मिनट में 2-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके जो लड़ने का जज्बा दिखाया, वह लंबे समय से उनके शानदार करियर की पहचान रहा है, जिसमें दो रोम टाइटल शामिल हैं।

उन्होंने ए टाइटल लगातार दो सालों 2017 और 2018 में जीते थे, जिसमें से आखिरी बार वह सेमीफाइनल में पहुंची थीं। स्वितोलिना ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, हमारी प्यारी बेटी, स्काई को जन्म देने के बाद, कोर्ट पर इस तरह के पल मेरे लिए वाकई खास हैं। टॉप 10 में वापस आना, बड़े मैच खेलना, उन्हें जीतना, इससे मुझे आगे बढ़ने और आगे बढ़ने का एक बहुत ही शानदार और बहुत कीमती एहसास होता है। इस जीत के साथ, स्वितोलिना डब्ल्यूटीए टूर पर रायबाकिना के खिलाफ 4-4 से बेहतर हो गई हैं और अब उनका सामना एक और मल्टी-टाइम चैंपियन, इगा स्वियाटेक से होगा। तीन बार की रोम विनर स्वियाटेक, बुधवार को जेसिका पेगुला पर 67 मिनट में 6-1, 6-2 से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई थीं।

# वापसी कर रही CSK की नजरें प्लेऑफ पर



**लखनऊ, वार्ता।** सीजन की शुरुआत में हार का सामना करने के बाद अचानक प्लेऑफ में जगह बनाने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनने वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने कैंपेन को काफी बदल दिया है और अब शुक्रवार को 59वें मैच में बाहर हो चुकी लेकिन खतरनाक दिखने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स 20 लीग मैच 6 से एक अनचाही चुनौती का सामना कर रही है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में, दांव आधिकारिक तौर पर सिर्फ एक तरफ हो सकते हैं,

लेकिन दोनों टीमों से जुड़ी इमोशनल बातें इस मुकाबले में और दिलचस्पी जगाती हैं जो प्लेऑफ की दौड़ पर काफी असर डाल सकती हैं। चेन्नई के लिए, मिशन सीधा है: जीत का सिलसिला जारी रखना और टॉप-4 में अपनी पकड़ मजबूत करना। लखनऊ, जो एक उतार-चढ़ाव भरे कैंपेन के बाद पहले ही मुकाबले से बाहर हो चुका है, के लिए बाकी मैच इज्जत बचाने और दूसरों के सपनों को तोड़ने का आखिरी मौका है। इस सीजन में सीएसके से ज्यादा तेजी से किस्मत बदलने वाली कुछ ही टीमों ने देखा है। चेन्नई फेंचाइजी ने अपने कैंपेन की शुरुआत लगातार तीन हार के साथ की, जिससे टीम के बैलेंस को लेकर आलोचना हुई और अनुभवी खिलाड़ी एमएस धोनी के अलावा बाकी खिलाड़ियों की चिंता भी हुई, जो इस सीजन में नहीं खेले हैं, लेकिन हार मानने के बजाय, सीएसके ने डिसिप्लिन्ड बॉलिंग, निडर बैटिंग और युवा मैच-विनर खिलाड़ियों के आने से खुद को लगातार फिर से बनाया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की लीडरशिप में, चेन्नई ने अब अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और लगातार तीन जीत के साथ लखनऊ पहुंची है। यह वापसी संजू सैमसन के लगातार अच्छे प्रदर्शन से हुई है, जिन्होंने 11 पारियों में 169 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 430 रन बनाए हैं। धीमी शुरुआत के बाद, सैमसन ने दो सेंचुरी के साथ लय वापस पाई और तब से सीएसके की बैटिंग लाइन-अप का सेंटरपीस बन गए हैं।

एक और बड़ा बूस्ट विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल से मिला है, जिन्होंने सीजन का पहला हाफ बेंच पर बिताया, लेकिन तुरंत असर दिखाया। एलएसजी के खिलाफ रिवर्स मैच में सिर्फ 23 गेंदों पर उनकी जबरदस्त 65 रन की पारी ने सीएसके के वापसी के दौरान अपनाए गए अटैकिंग अप्रोच को दिखाया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी प्रेशर में अच्छा किया है। हरियाणा के पेसर अंशुल कंबोज 19 विकेट लेकर टूर्नामेंट की खोजों में से एक बनकर उभरे हैं, जबकि इंग्लिश ऑलराउंडर जेमी ओवरटन ने 14 विकेट लेकर पेस और कंट्रोल जोड़ा है। अफगान स्पिनर नूर अहमद और कैरेबियाई लेफ्ट आर्म स्पिनर अकील होसेन ने बीच के ओव. रों में और मजबूती दी है। इस बीच, लखनऊ का सीजन उल्टी दिशा में गया है।

# ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नम्बर पर पहुंचे विराट कोहली

■ पर्पल कैप पर भुवनेश्वर का कब्जा



**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ नाबाद 105 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबील) केवल जीत दिलाई। इसी के साथ वह ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं गेंदबाजी सूची में भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए है।

विराट कोहली ने रायपुर में केकेआर के खिलाफ आरसीबी के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल करियर का नौवां शतक लगाया। इस पारी की बदौलत वह इस सीजन सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। केकेआर के खिलाफ नाबाद शतकीय पारी के बाद को. हली के आईपीएल की 12 पारियों में 165-75 के स्ट्राइक रेट से 484 रन हो गए हैं। उनसे आगे केवल बी साई सुदर्शन (501 रन) और हाइनरिक क्लासन (508 रन) हैं। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा 481 रन हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रन के साथ पांचवें नंबर पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल के नाम 467 रन हैं।

# मेसी ने MLS में मियामी को जीत दिलाई



**वाशिंगटन, वार्ता।** लियोनेल मेसी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एमएलएस मैच में सिनसिनाटी को 5-3 से हराया। मेसी ने 24वें मिनट में गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन हाफटाइम के बाद केविन डेन्की और पावेल बुचा के गोल ने बुधवार को सिनसिनाटी को बढ़त दिला दी।

आठ बार के बैलन डी' ओर विजेता मेसी ने रोड्रिगो डी पॉल के क्रॉस के बाद एक शांत फिनिश के साथ घंटे भर पहले बराबरी कर ली। मेजबान टीम ने ब्राजील के मिडफील्डर इवांडर के जरिए बढ़त हासिल की, जिन्होंने एरिया के बाहर जगह बनाकर टॉप-लेफ्ट कॉर्नर में एक लंबी दूरी का शॉट मारा।

लेकिन मियामी 79वें मिनट में फिर से बराबरी पर आ गई जब सब्स्टीट्यूट माटेओ सिल्वेटी बॉक्स में आए और दूर कोने में एक शॉट मारा, जिससे मेसी के साथ शुरू हुआ मूव खत्म हो गया। फ्लोरिडा की टीम ने तब बढ़त बना ली जब गोलकीपर रोमन सेलेन्टानो ने मेसी की फ्री-किक को रोक दिया, जिससे जर्मन बर्टेराम को रिबाउंड पर गोल करने का मौका मिला।

सेलेन्टानो की रात और भी खराब होती गई क्योंकि मेसी की लंगड़ाने की कोशिश को रोकने के प्रयास में उन्होंने गलती से गेंद अपने ही नेट में डाल दी। इस नतीजे के बाद इंटर मियामी 13 गेम में 25 पॉइंट्स के साथ ईस्टर्न कॉन्फेंस में दूसरे नंबर पर है, जो लीडर नैशविले से दो पॉइंट्स पीछे है, जबकि सिनसिनाटी नौ पॉइंट्स पीछे है।

# सिंधु, सात्विक-चिराग लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में



**पटुमवान (थाईलैंड), वार्ता।** तीन सीडेड भारतीय एंट्री, जिनमें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (1), पीवी सिधु (6), और लक्ष्य सेन (7) शामिल हैं,

गुरुवार को थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सात्विक-चिराग ने अपने मलेशियाई अपोनेंट्स गुंटिंग ब्रायन जेरेमी और हाइकल मुहम्मद को 21-12, 21-19 से हराया, सिधु ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज के खिलाफ 21-13, 21-15 से जीत हासिल की, जबकि लक्ष्य ने चीन के झू झुआन चेन पर 21-12, 21-13 से शानदार जीत दर्ज कर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2025 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी ने अपने मलेशियाई विरोधियों को 44 मिनट में सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई,

जहां उनका मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी से होगा। सिंधु ने शुल्ज पर एक जैसे गेम में दबदबा बनाया और 28 मिनट में 21-13, 21-15 से जीत हासिल की।

दूरभाष : 955947-252133 ई-मेल :- mandiramnagar@gmail.com

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रामनगर (नैनीताल)**

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/दु0आ0कि0बा0/2026-122 दिनांक: 12/05/2026

**सूचना/विज्ञप्ति**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रामनगर (नैनीताल) में जैविक उत्पादों का कारोबार करने हेतु लाईसेंस प्राप्त व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी परिसर में किसान बाजार की 10 दुकानों का आवंटन टेण्डर / नीलामी अथवा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाना है। किसान बाजार की दुकान आवंटन की शर्ते मण्डी समिति के नोटिस बोर्ड पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

अतः कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रामनगर (नैनीताल) से जैविक उत्पाद का कारोबार करने हेतु लाईसेंस प्राप्त व्यक्ति / फर्म दिनांक 15/05/2026 से दिनांक 21/05/2026 तक निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर समिति द्वारा जारी शर्तो को पढ़ते हुए आवेदन पत्र को पूर्णरूप से भर कर दिनांक 26/05/2026 तक समिति कार्यालय में जमा कर सकते है। किसी भी आवेदन पत्र को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष, दुकान आवंटन कमेटी में निहित होगा।

(सहील अहमद) सचिव/सदस्य दुकान आवंटन कमेटी।
(जुबक मौहन सक्सैना) महा प्रबन्धक (वित्त) / अध्यक्ष दुकान आवंटन कमेटी।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, अल्मोड़ा**
**Office of the Executive Engineer, P.D., PWD, Almora (Uttarakhand)**
**Email address- eepdalmora@rediffmail.com**

पत्रांक:- 1379/निविदा दिनांक:- 07/05/2026

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदाएँ दिनांक 04.06.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.05.2026 से 03.06.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय अवकाश को छोड़कर) 10:00 बजे पूर्वान्ह से 5:00 बजे अपरान्ह तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 04.06.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1- अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम वृत्त, लो0नि0वि0 अल्मोड़ा। 2-अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 अल्मोड़ा।
3- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 अल्मोड़ा। 4-अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बागेश्वर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा की वैधता (दिवस) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनरियाकोट निशनी कत्यारी मार्ग में क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य। | 18000.00 | 45 दिन | रू0 1000+18% जी.एस.टी. | 04 माह | डी0 एंव उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 2 | काठगोदाम रानीबाग भीमताल खुटानी पदमपुरी धानाचुली पहाड़पानी शहरफाटक मौरनौला देवीधूरा लोहाघाट एवं पंचेश्वर मोटर मार्ग के किमी0 62.00 से 73.00 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुनः निर्माण कार्य। (राज्य मार्ग सं0 10) | 6000.00 | 45 दिन | रू0 1000 + 18% जी.एस.टी. | 02 माह | डी0 एंव उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 3 | काठगोदाम रानीबाग भीमताल खुटानी पदमपुरी धानाचुली पहाड़पानी शहरफाटक मौरनौला देवीधूरा लोहाघाट एवं पंचेश्वर मोटर मार्ग के किमी0 62.00 से 75.00 में क्षतिग्रस्त | 4000.00 | 45 दिन | रु0 500+18% जी.एस.टी. | 02 माह | डी0 एंव उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 4 | दीवारों का पुनः निर्माण कार्य। (राज्य मार्ग सं0 10) गाड़ी दुबटिया मोटर मार्ग के किमी0 1 में क्षतिग्रस्त स्कपर का पुनः निर्माण कार्य। | 16000.00 | 45 दिन | रू0 500 +18% जी.एस.टी. | 02 माह | डी0 एंव उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |

निविदा दिनांक 04.06.2026 अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट-ठेकेदार द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र विक्रय किया जायेगा।

### नशा मुक्ति केन्द्र में हुई हत्या का खुलासा

# नाबालिग साथी ने स्टील का कुण्डा घोप कर मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुड़की पर 112 से सूचना प्राप्त हुयी कि अनमोल जीवन समिति नशा मुक्ति केन्द्र ढण्डेरी ख्वाजगीपुर रुडकी में एक व्यक्ति आशीष मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पडा हुआ मिला जिसके शरीर पर गम्भीर चोट के निशान दिख रहे थे व आस-पास काफी मात्रा में खून बिखरा हुआ था।

**❖गाली-गलोज व धमकाने से तंग आकर की हत्या**

जानकारी के अनुसार घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर घटना स्थल को सुरक्षित करते हुये फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाया गया। सूचना पर पर एसपी ग्रामीण व सीओ रुड़की भी घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुचें। नशा मुक्ति केन्द्र के बन्द व्यक्तियो से पूछताछ की गयी तो जांच में सामने आया कि मृतक आशीष की हत्या उसी के साथ रहने वाले एक 15 वर्षीय नाबालिक युवक द्वारा की गयी है। पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक अक्सर नाबालिक के साथ गाली गलोज करता था व मारपीट की धमकी देता था जिस कारण मृतक हत्या की गयी। प्रकरण में आरोपी नाबालिग को नियमानुसार पुलिस संरक्षण में लेकर घटना के संबंध में कोतवाली रुडकी पर वादी नवीन गौतम निवासी बसेडी खादर कोतवाली लक्सर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दिनांक 13.05.2026 को मु0अ0सं0 202/2026 धारा 103/3(5) बनाम नाबालिक पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस टीम-प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिष्ट, व0उ0नि0 धर्मेन्द्र राठी, उ0नि0 नवीन चौहान, अ0उ0नि0 नरेन्द्र सिंह राठी, हे0कानि0 दिनेश गुप्ता, हे0कानि0 नूर मलिक, का0 लईक अहमद शामिल रहे।

# दुष्कर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार वादिया के द्वारा प्रतिवादी राशिद पुत्र सुल्तान निवासी पुहाना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार, रेशमा पत्नी सुहेल निवासी पंचठागढी जनपद मुजफ्फरनगर. व शबाना के विरूद्ध लिखित तहरीर दी कि प्रतिवादी रशीद के द्वारा वादिया के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार करने व रेशमा व शबाना द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 24/26 धारा 69. 115(2)351(3), 89 पंजीकृत कराया गया जिसकी विवेचना महिला उपनिरीक्षक मनसा ध्यानी के सुपुर्द की गई थी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के द्वारा वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राठी के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 14 5.26 को अभियुक्त राशिद पुत्र सुल्तान निवासी पुहाना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त' राशिद को पकडने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राठी, उपनिरीक्षक चंद्र मोहन सिंह, हेड कांस्टेबल



रजत, कांस्टेबल अनिल शर्मा शामिल रहे।

# दूल्हे के रिसेप्शन समारोह में युवती ने जमकर काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** शहर के एक बैंकट हॉल में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूल्हे के रिसेप्शन समारोह में एक युवती ने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। युवती के आरोपों के बाद खुशियों का माहौल तनाव में बदल गया और बिना दुल्हन की विदाई के ही बारात को वापस लौटना पड़ा।

क्या है पूरा मामला: मिली जानकारी के अनुसार, युवक की शादी दो दिन पहले संपन्न हुई थी और बुधवार रात शहर के एक नामी बैंकट हॉल में रिसेप्शन (प्रीतिभोज) का कार्यक्रम चल रहा था। मेहमान खाने-पीने और जश्न में डूबे थे, तभी बुर्का पहनकर एक युवती वहां पहुंची और दूल्हे पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

युवती के गंभीर आरोप-युवती का दावा है कि दूल्हे के साथ उसके पिछले 8 वर्षों से संबंध थे। उसने आरोप लगाया कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया और अब उसे धोखा देकर दूसरी जगह शादी कर ली। युवती के इस खुलासे के बाद कार्यक्रम में मौजूद रिश्तेदारों और मेहमानों के बीच कानाफूसी शुरू हो गई और देखते ही देखते भीड़ छंटने लगी।

बिना दुल्हन के लौटी बारात:-घ्हंगामे की सूचना मिलते ही वधू पक्ष (लड़की वाले) भी सकते में आ गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए वधू पक्ष ने तुरंत अपनी बेटी की विदाई रोकने का फैसला किया। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि:घ्"जब तक युवक इस मामले का निपटारा नहीं करता और युवती के आरोपों की सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक बेटी को विदा नहीं किया जाएगा। देर रात तक चले इस ड्रामे के बाद दूल्हे और उसके परिजनों को बिना दुल्हन के ही बैरंग वापस लौटना पड़ा। फिलहाल यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और मामले की जानकारी पुलिस तक भी पहुँचने की खबर है।

## सीएचसी मंगलौर की व्यवस्थाओं पर अस्पताल प्रशासन ने रखा अपना पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर गुरुवार को सोशल मीडिया पर सीएचसी मंगलौर की व्यवस्थाओं को लेकर वायरल वीडियो पर अस्पताल प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपना पक्ष रखा है। चिकित्सा अधीक्षक गंभीर सिंह तालियांन ने बताया कि ब्ब्ज्ट फुटेज में दिखा कि मरीज विधायक की गाड़ी आते ही परिसर में जमीन पर लेट गया जिससे घटना पूर्व नियोजित लगती है। विधायक को दी गई सूचना कि मरीज का सुबह से इलाज नहीं हो रहा तथ्यात्मक नहीं है। अस्पताल में नियमित उपचार चल रहा था। उनका उद्देश्य आरोप लगाना नहीं बल्कि तथ्य सामने लाना है। जरूरत पड़ी तो उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। साथ ही जनता से अपील की गई कि स्वास्थ्य सेवाओं को राजनीति से दूर रखें।

### मरीज को समय पर उचित इलाज न मिलने से नाराज

# चौ. इस्लाम की ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक से हुई तीखी बहस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब मरीज को समय पर उचित इलाज न मिलने से नाराज पूर्व नगर पालिका चेयरमैन चौधरी इस्लाम की ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक से तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि ष्तू-तू मैं-मैं तक जा पहुंचा।

सूचना मिलते ही मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। विधायक ने कहा डबल इंजन की सरकार के दावों के बावजूद आमजन आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तरस रहा है। मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है यह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने सीएमओ को जांच कर दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पूर्व पालिका अध्यक्ष चौधरी इस्लाम ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मरीज शहाब को घंटों तक भर्ती नहीं किया गया और स्टाफ टालमटोल करता रहा। इस बीच मरीज शहाब की पत्नी ने भी अस्पताल कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि जब वह पति के इलाज के लिए गुहार लगा रही थीं तो अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और धक्का-मुक्की तक की। घटना के बाद अस्पताल में काफी



देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंगलौर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी दवाइयों का अभाव और स्टाफ का रवैया लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ है।

# जेठी जुमेरात पर कलियर में उमड़ी जायरीन की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** जेठ माह की दूसरी जुमेरात पर कलियर में भारी संख्या में जायरीन साबिर पाक की जियारत को कलियर पहुंचे। जायरीनों ने दरगाह पर जियारत कर मुरादें मन्नतें मांगी। इस दौरान कलियर के बाजारों में भारी भीड़ रही। कलियर में जेठ के महीने में आने वाली हर जुमेरात पर साबिर पाक की दरगाह में जियारत के लिए भारी संख्या जायरीन कलियर आते हैं।बुधवार शाम से ही दूर दराज से जायरीन जियारत करने के लिए कलियर पहुंचना शुरू हो गए थे। जेठ की दूसरी जुमेरात पर जायरीन कलियर दरगाह साबिर पाक पहुंचे। मान्यता है कि जेठ माह की चार जूमेरात का विशेष महत्व होता है। दरगाह में जियारत करने वाले लोग यहां पर गेहूं, गुड़ आदि को भी दान करते है।जेठ के महीने में लोग अपनी अपनी गेहूं की फसल को काटकर फारिग हो जाते हैं। कुछ जायरीन अपनी फसल का थोडा सा गेहूं लेकर कलियर साबिर पाक के लंगर में पेश कर अपनी मन्नते मांगते है।आने वाली फसलों ओर अमन शांति के लिए दुआ करते हैं। जेठ महीने की दूसरी जुमेरात होने की वजह से जायरीन साबिर पाक की दरगाह पर अपनी मन्नतें लेकर आए।साबिर पाक की दरगाह के अलावा दरगाह इमाम साहब ,किलकिलि साहब ,पीर गायब अली साहब ,अब्दाल साहब पर भी जायरीनों ने जियारत की।

# युवती ने बंधक बनाकर दुष्कर्म करने व जबरन देह व्यापार में धकेलने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हरियाणा निवासी एक 20 वर्षीय युवती ने कलियर पुलिस को तहरीर देकर उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और जबरन देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के करनाल जिले की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मानसिक तनाव के चलते बीते 18 मार्च को कलियर दरगाह पर आई थी। इस बीच उसकी मुलाकात आसिफ और जोगिंदर नाम के दो युवकों से हुई। उन्होंने युवती को अकेला देख कर उसे मदद का झांसा दिया और अच्छे कपड़ों व खाने का लालच देकर उसे अपने विश्वास में लेकर दोनों युवक उसे बहला-फुसलाकर भगवानपुर के पास रायपुर स्थित एक कमरे में ले गए। वहां आसिफ की पत्नी भी मौजूद थी। पीड़िता का आरोप है कि वहां उसकी पत्नी ने उसे दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जिसके बाद वह बेसुध हो गई। और अगले दिन जब उसे होश आया तो वह नग्न अवस्था में थी।और उन्होंने उसे कमरे में बंधक बनाए रखा और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता ने बताया कि उसे जबरन देह व्यापार के धंधे में धकेले का प्रयास कर उसके साथ मारपीट करते थे।पीड़ित युवती किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर आई और उसने पुलिस को आपबीती सुनाई।युवती ने आरोपियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है।कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

# बैंक कर्मियों ने प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन ने रिक्त पदों पर नई भर्ती समेत अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को झबरेड़ा स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बैंक कर्मियों ने प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ मुंह पर काला मास्क लगाकर काम करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ के आह्वान पर आयोजित इस देशव्यापी आंदोलन के तहत झबरेड़ा शाखा के कर्मचारी सुबह से ही काला मास्क पहनकर कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने न केवल मास्क लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे बैंक के कामकाज को प्रभावित किए बिना अपनी बात प्रबंधन तक पहुँचाना चाहते हैं, लेकिन यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो वे कड़े कदम उठाने को विवश होंगे। संघ के



पदाधिकारियों के अनुसार, बैंक में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों के कारण मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे बैंकिंग सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उनकी प्रमुख मांगों में रिक्त पदों पर अविलंब नई नियुक्तियां हो। प्रबंधन द्वारा अन्य लंबित मांगों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल सांकेतिक प्रदर्शन है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बैंक प्रबंधन ने उनकी मांगों की अनदेखी जारी रखी, तो आगामी 25 और 26 मई 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल की जाएगी। इस हड़ताल से देश भर में बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप रह सकती हैं। इस दौरान मुख्य रूप से आनन्द कुमार, पायल, प्रवीण, टिल्लू और सतीश कुमार समेत शाखा के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में संघ के निर्णय का समर्थन करने और आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया गया है।

# केबल तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर पर वादी विनोद कुमार अवर अभियन्ता विघुत वितरण उपखण्ड लंढौरा के द्वारा गाधारौणा 11000 लाईन से बिजली का केबल काटकर ले जाने के सम्बन्ध मे अन्तगर्त धारा 136 विघुत अधि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर को घटना के अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसके अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा तत्काल टीम का गठन करते हुए घटना के अनावरण में लगाया गया। टीम द्वारा 31 सीसीटीवी खगांले गये। पकडे गये आरोपियों के नाम-सैफ अली पुत्र सकील अहमद व रविप ुत्र सतीश निवासीगण खेमपुर थिथौला खेमपुर थिथौला मंगलौर हरिद्वार।

**खोया पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया का दिनांक 10.04.2026 को बैनामा कही गुम हो गया जिसकी बही सं० 1 जिल्द 2925 के पृष्ठ 243 से 264 पर क्रमांक 11160 पर दिनांक 03.12.2015 को उपनिबन्धक रूडकी द्वितीय मे दर्ज है।
श्रीमति बेबी पत्नी आलोक कुमार नि. ग्राम लतीफपुर खुब्बनपुर, तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार।
मो०नं०-9917942729

## मांगों को लेकर कर्मचारियों का धरना जारी

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग ग्राम लाठरदेवा हुण के पास स्थित असाई ऑटो ग्लास फैक्ट्री के बाहर फैक्ट्री कर्मचारीयो द्वारा दूसरे दिन भी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखा ।फैक्ट्री कर्मचारीयो का कहना है कि सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान से भी काफी कम वेतन उन्हें दिया जा रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन लगातार उनका शोषण कर रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन से कई बार अपनी मांगों को लेकर वार्ता करने का प्रयास किया गया लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन उनकी कोई बात सुनने व मानने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान नहीं दिया जाता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों के बीच पहुंचे लेबर इंस्पेक्टर विपिन कुमार का कहना है कि कर्मचारियों व फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता की गई । सरकार द्वारा तय किए गए नियम के अनुसार ही कर्मचारियों को वेतन व अन्य सुविधाएं फैक्ट्री प्रबंधन को देने को कहा गया है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर ही मौजूद रहे।

# यूसीसी के तहत तीन तलाक व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी के तहत देश का पहला आपराधिक मुकदमा हरिद्वार जिले के बुग्गावाला थाने में दर्ज किया गया है। यह मामला ट्रिपल तलाक, हलाला, दहेज की मांग और वैवाहिक उत्पीड़न से जुड़े गंभीर आरोपों पर आधारित है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। दहेज में अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई और विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी पक्ष ने तीन तलाक देकर संबंध समाप्त करने और हलाला के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया।

बुग्गावाला पुलिस ने शिकायत का परीक्षण करने के बाद यूसीसी के प्रावधानों और अन्य लागू धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। चूंकि समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद यह पहला मामला माना जा रहा है, इसलिए कानूनी और सामाजिक हलकों में इसकी व्यापक चर्चा हो रही है।हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। दस्तावेजी साक्ष्यों, बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हरिद्वार में दर्ज यह मुकदमा यूसीसी के व्यावहारिक क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

### सनातन धर्मप्रकाश चन्द कालेज में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

# शिक्षिकाओं-छात्राओं को सिखाए अग्निशमन के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिक्षिकाओं-छात्राओं को अग्निशमन के गुर सिखाने के लिए सनातन धर्मप्रकाश चन्द इण्टर कालेज रुड़की में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। जहां पर सिलेंडर लिकेज से होने वाली अग्नि दुर्घनाओं को रोकने व प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग के बारे में सभी जानकारी दी गयी। बताया कि आग ज्यादा फैलने पर सुरक्षित स्थान पर निकलने व तत्काल 112 पर सूचना देने को भी जागरुक किया गया। प्रेक्टिकली भी उपकरणों के प्रयोग का दिया गया डेमो

जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारियों के आदेश एवं निर्देश के अनुपालन के क्रम में अग्निशमन केन्द्र रुड़की की टीम ने सनातन धर्मप्रकाश चन्द इण्टर कालेज रुड़की में जाकर अध्यापिकाओं-छात्राओं को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि, एलपीजी सिलेंडर लिकेज से होने वाली अग्नि दुर्घनाओं को केसे रोका जा सकता है, आदि के बारे में विस्तार से बताया गया एवं आपातकालीन नंबर 112 के महत्व को भी अवगत कराया गया। क्योंकि छात्राएं समाज का एक अभिन्न अंग है आप सभी को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि एवं जानकारी होना नितांत आवश्यक है साथ ही आपातकालीन स्थिति (अग्निकांड/ भूकम्प के समय हमे क्या करना/क्या नहीं करना) एवं प्राथमिक चिकित्सा के बारे में भी बताया एवं समझाया गया। राष्ट्र की संपत्ति/ जनहानि रोकने के लिए भी आवश्यक टिप्स दिये



गए। प्रधानाचार्य से निवेदन किया गया कि विद्यालय प्रांगण में स्थापित अग्निशमन उपकरणों को हमेशा उच्च कोटि एवं कार्यशील दशा में रखें समय-समय पर माक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित करते रहे। माक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित करने पर स्कूल प्रबंधन ने टीम का आभार व्यक्त किया गया। ऐसे जन जागरण कार्यक्रम आयोजित करने पर समाज में एक जागृति पैदा होती है।

# सुल्तानपुर मस्जिद में मीनार निर्माण की अफवाह निकली बेबुनियाद, एसडीएम ने की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सोशल मीडिया पर मस्जिद की मीनार का निर्माण कार्य जारी रहने की खबर फैलने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया लक्सर एसडीएम अनिल शुक्ला और क्षेत्राधिकारी (ब्व) देवेन्द्र नेगी पुलिस बल के साथ सुल्तानपुर स्थित बड़ी मस्जिद पहुंचे और जमीनी हकीकत का जायजा लिया

अधिकारियों ने मस्जिद के मुतवल्ली और जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की गहन निरीक्षण के बाद प्रशासन ने पाया किमीनार का कोई भी नया निर्माण कार्य नहीं हो रहा थामस्जिद के पहले फ्लोर पर केवल अधूरे काम की फिनिशिंग और पत्थरों की साफ-सफाई का काम चल रहा थामीनार निर्माण पर प्रशासन द्वारा लगाई गई रोक यथावत जारी है। प्रशासन की सख्त हिदायत है। एसडीएम अनिल शुक्ला ने स्पष्ट किया कि बिना वैधानिक अनुमति के मीनार निर्माण की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं, मस्जिद प्रबंधन ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है अपील प्रशासन ने आम जनता से सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न देने और क्षेत्र में शांति



व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है मस्जिद के मुताबिक कमरुद्दीन ने कहा कि प्रशासन के किसी भी आदेश के खिलाफ कुछ भी कार्य नहीं किया जाएगा आगे तभी कार्य होगा जब प्रशासन की मंजूरी होगी


# सम्पादकीय

## ब्रिक्स बैठक का आगाज

गुरुवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया है। यह सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बड़ी बेबाकी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने विचार खुलकर रखे। उनका यह कहना बिल्कुल सही है कि अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और संस्थागत सुधारों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि अभूतपूर्व भू राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चतता का इस समय विश्व सामना कर रहा है और इसके पीछे सशर्त संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। भारतीय विदेश मंत्री ने साफ किया कि ये संकट अलग नहीं हैं, बल्कि ऐसा संगम हैं जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और इसका सबसे ज्यादा असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। जैसीकि उम्मीद थी उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर खुलकर अपनी बात रखी और साथ ही चिंता जताते हुए कहा कि लगातार तनाव, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए खतरा बन रहा है। उन्होंने होर्मुज स्टेट और लाल सागर जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में निर्बाध आवाजाही को वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया और सबसे बड़ी बात उन्होंने गाजा संघर्ष को मानवीय संकट बताया और इसका हल दो राष्ट्रीय समाधान के आधार पर ढूंढने की वकालत की। डा. जयशंकर ने यह भी स्पष्ट स्थिरता चुनिंदा नहीं हो सकती और शांति टुकड़ों में स्थापित नहीं की जा सकती। उन्होंने खुलकर एक तरफा प्रतिबंधों और दबावों की आलोचना की जो अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप नहीं हैं। ब्रिक्स ऐसे समय में हो रहा है जब वास्तव में दुनिया के सामने चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। पश्चिम एशिया संकट तो है ही, साथ ही कई वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध भी बराबर जारी है। इसके अलावा भी कई जगह ऐसी हैं जहां टकराव की बातें सामने आती रहती हैं। जैसे चीन-ताईवान के बीच संघर्ष, कभी भी जन्म ले सकता है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इस बैठक में किस तरह के फैसले सामने आते हैं, यह तो बैठक के बाद ही पता चलेगा, इस समय तो यह उम्मीद ही की जा सकती है कि ब्रिक्स से जुड़े सभी देश अपनी जिम्मेदारी का ठीक से निर्वहन करेंगे और टकराव का रास्ता छोड़कर सहयोग की ओर बढ़ेंगे। यही आज विश्व के हित में होगा।

## श्रीमुख से...

### युद्ध कोई विकल्प नहीं है



आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाला बयान स्वागत योग्य है, यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा, यह एक बहुत बड़ा कदम है, मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है, यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निकालना चाहिए, दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी, ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी, ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन में हैं, मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा ताकि शांति बनी रहे।

**-फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

## सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार





**अतुल गोयल**

विश्वभर में हर वर्ष 15 मई को मनाया जाने वाला 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' मानव सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था 'परिवार' के महत्व को पुन: स्मरण करने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1993 में घोषित यह दिवस समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और नैतिक मूल्यों के निर्माण में परिवार की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करता है। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' की थीम है 'परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण', जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि बढ़ती आर्थिक विषमता, सामाजिक असंतुलन, तकनीकी बदलाव और बदलती जीवनशैली का सबसे गहरा प्रभाव परिवारों और विशेष रूप से बच्चों पर पड़ रहा है। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं होता बल्कि व्यक्ति के जीवन का पहला विद्यालय, पहला संस्कार केंद्र और पहली सामाजिक प्रयोगशाला होता है। मनुष्य बोलना, चलना, व्यवहार करना, प्रेम करना, सम्मान देना और जिम्मेदारियां निभाना सबसे पहले परिवार से ही सीखता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में परिवार को सदैव सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा है। यहां परिवार का अर्थ केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं था बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, मामा-मौसी सहित बहुपीढ़ीय संयुक्त परिवार भारतीय समाज की पहचान हुआ करते थे। 'वसुधैव कुटुंबकम' का आदर्श इसी व्यापक पारिवारिक दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें संपूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया।

भारतीय जीवन पद्धति में परिवार केवल आर्थिक इकाई नहीं बल्कि संवेदनाओं और संस्कारों का जीवंत केंद्र था। घर के आंगन में दादा-दादी की कहानियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का आधार बनती थी। त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक चेतना के अवसर होते थे। भोजन एक साथ बैठकर किया जाता था और जीवन के छोटे-बड़े निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते थे। उस समय परिवार में 'मैं' से अधिक 'हम' की भावना महत्वपूर्ण थी किन्तु आधुनिकता, शहरीकरण, उपभोक्तावाद और डिजिटल जीवनशैली ने परिवार की पारंपरिक संरचना को गहराई से प्रभावित किया है। आज महानगरों में जीवन की तीव्र गति और प्रतिस्पर्धा ने रिश्तों की आत्मीयता को कमजोर किया है। लोग एक ही घर में रहते हुए भी भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। भोजन की मेज पर संवाद की जगह मोबाइल फोन ने ले ली है। पहले जहां शाम का समय परिवार के साथ बिताया जाता था, वहीं अब अधिकांश समय अलग-अलग कमरों में स्क्रीन के सामने बीतता है। तकनीक ने सुविधा तो बढ़ाई है परन्तु रिश्तों की गर्माहट को कहीं न कहीं कम भी किया है।

इस बदलते परिवेश का सबसे गहरा प्रभाव बच्चों पर दिखाई देता है। आज का बच्चा डिजिटल रूप से अत्यंत सक्षम है लेकिन भावनात्मक रूप से पहले की तुलना में अधिक अकेला होता जा रहा है। परिवारों में संवाद की कमी, माता-पिता की व्यस्तता और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस इसी वास्तविकता की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बच्चों के भविष्य को किस प्रकार प्रभावित कर रही हैं। विश्व के अनेक देशों में आज भी करोड़ों बच्चे गरीबी, कुपोषण, शिक्षा की कमी और असुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिन परिवारों की आय अस्थिर होती है या जिनके पास स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं होती, वहां बच्चों का समग्र विकास बाधित हो जाता है। आर्थिक असमानता केवल आय का अंतर नहीं बल्कि अवसरों की असमानता भी है। गरीब परिवारों के बच्चे अक्सर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षित वातावरण से वंचित रह जाते हैं, जिससे पीढ़ियों तक गरीबी और वंचना का चक्र बना रहता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, युद्ध, विस्थापन, बेरोजगारी और तकनीकी बदलाव जैसी चुनौतियां परिवारों पर अतिरिक्त दबाव डाल रही हैं। प्रवासन के कारण लाखों परिवार टूट रहे हैं। माता-पिता रोजगार की तलाश में दूर शहरों या देशों में चले जाते हैं और बच्चे भावनात्मक दूरी का सामना करते हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र इस वर्ष परिवार-केंद्रित सामाजिक सुरक्षा नीतियों पर विशेष जोर दे रहा है। बाल कल्याण, मातृत्व सहायता, पितृत्व अवकाश, सस्ती बाल देखभाल सेवाएं, प्रारंभिक शिक्षा और परिवार समर्थक नीतियां केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि भविष्य के स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। भारतीय समाज में भी पारिवारिक संरचना तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों का विस्तार हुआ है। गांवों की तुलना में महानगरों में पारिवारिक विघटन अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में युवा महानगरों और विदेशों की ओर जा रहे हैं, जिसके कारण बुजुर्ग माता-पिता अकेले रह जाते हैं। आर्थिक सहायता तो मिल जाती है लेकिन भावनात्मक सहारा धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। सबसे अधिक प्रभावित यदि कोई वर्ग हुआ है तो वह बुजुर्गों का है। कभी परिवार की धुरी माने जाने वाले बुजुर्ग आज अनेक घरों में उपेक्षा और अकेलेपन का जीवन जीने को विवश हैं।

पहले परिवार के निर्णयों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी लेकिन आज अनेक बुजुर्ग स्वयं को अप्रासंगिक महसूस करने लगे हैं। वृद्धावस्था में व्यक्ति को केवल दवा और धन की आवश्यकता नहीं होती बल्कि सम्मान, संवाद और अपनापन भी उतना ही आवश्यक होता है। भारत में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या बदलते सामाजिक ढांचे का गंभीर संकेत है। अनेक रिपोर्टों में यह सामने आया है कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग मानसिक अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक अलगाव का अनुभव कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक दूरी कम करने का दावा करती है लेकिन वास्तविक मानवीय संवाद का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जब समाज में सामूहिक बंधन कमजोर होते हैं, तब व्यक्ति अकेलेपन और असुरक्षा का शिकार हो जाता है। वर्तमान भारतीय समाज में यही स्थिति दिखाई दे रही है। आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद मानसिक तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण परिवारों के भीतर बढ़ती भावनात्मक दूरी भी है।

## अखिलेश की संवेदनशीलता ने दिखाई प्रेम की राह



**रोहित कौशिक**

हमारे समाज और राजनीति में कुछ खबरें कभी पुरानी नहीं होती। इसलिए ऐसी खबरों पर लगातार चिंतन-मनन होता रहता है। इस दौर में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राजनीति में बढ़ती नफरत को कम करने की कोशिश की जा रही है ? क्या इस दौर में व्यक्तिगत हो चुकी राजनीति की धारा मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ? क्या इस दौर में राजनीतिक शुचिता की बात करने वाले राजनेता अपने दिल की सफाई कर पाए हैं। क्या इस दौर में ऊपर से साफ-सुथरे दिखने वाले राजनेता अपने दिल में जमे कटुता के मैल को साफ कर पाए हैं?

अगर गंभीरता से इन प्रश्नों के उत्तर खोजने की कोशिश की जाएगी तो हमारे अंदर निराशा का भाव ही पैदा होगा। सच्चाई तो यह है कि इस दौर की राजनीति में लगातार नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। एक तरफ विकास के लोक लुभावन नारे लगाए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ साम्प्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देकर जानबूझकर राजनीति में नफरत का भाव पैदा किया जा रहा है। नफरत की इस गर्मी में प्रेम की ठंड़ी फुहार का अहसास हुआ है। नफरत की राजनीति के इस दौर में प्रेम पैदा करने की पहल हुई है। यह पहल की है उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। वहीं अखिलेश यादव जिन्हें बदनाम करने की तमाम कोशिशें होती रहती हैं। वही अखिलेश यादव जिन्हें अक्सर नफरत की राजनीति का शिकार बनाया जाता है। हालांकि खबर के लिहाज से यह बात थोड़ी पुरानी हो चुकी है, लेकिन विश्लेषण के हिसाब से कोई भी खबर पुरानी नहीं होती है। इस अंधकार भरे समय में राजनेताओं की संवेदनशीलता पर लगातार बहस और विचार-विमर्श होते रहना चाहिए। जिस दौर में राजनीति में आज आदमी की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर हिन्दू-मुस्लिम के मुद्दे को ही प्रमुख बना दिया गया है, उस दौर में यदि किसी राजनेता की संवेदनशीलता की खबर आती है तो उस पर लगातार बहस होनी चाहिए।

दरअसल कुछ दिनों पहले बहराइच सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े मुद्दे पर विरोध जताते हुए अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं। उत्तर प्रदेश के बहराइच में भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका गया था। जब भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल, अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं तब उनका चेहरा और बाल आग की चपेट में आ गए। उनका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। उन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के मेदांता अस्पताल ले रेफर कर दिया गया। अनुपमा जायसलवाल, अखिलेश यादव का पुतला जलाते हुए आग से झुलसी थी। इसके बावजूद अखिलेश यादव उन्हें देखने के लिए मेदांता अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सियासी कड़वाहट के बीच अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता ने सबको हैरान कर दिया। अखिलेश यादव का वह फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था जिसमें वे मेदांता अस्पताल में अनुपमा जायसवाल से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। अखिलेश यादव को अपने सामने देखकर अनुपमा जायसवाल के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई थी।

उस समय अखिलेश यादव ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भा की थी। अखिलेश यादव ने यह पहल कर एक बड़ी लकीर खींच दी। उन्होंने अपनी इस पहल से यह संदेश भी दिया कि लोकतंत्र में वैचारिक असहमति हो सकती है लेकिन व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं होनी चाहिए। इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता की काफी प्रशंसा हुई थी। इस मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट कर जानकारी भी दी थी। अखिलेश यादव ने इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था कि हम नहीं चाहते कि समाज के बीच आग जले। हम चाहते हैं समाज में सौहार्द की फुहार हो।

## क्या भारत प्रतियोगी परीक्षाएं कराने की क्षमता खो चुका है!

**विजय शंकर पाण्डेय**

पूर्व आईएएस अधिकारी वी एस पाण्डेय लिखते हैं इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं।

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET को पेपर लीक के आरोपों के कारण निरस्त किया जाना केवल एक परीक्षा का संकट नहीं है, बल्कि यह भारत की पूरी परीक्षा प्रणाली पर लगा गंभीर प्रश्नचिन्ह है। लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत, मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और पारिवारिक अपेक्षाओं के साथ इन परीक्षाओं में बैठते हैं, लेकिन जब प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही बाजार में बिकने लगें, व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर घूमने लगें, और बाद में परीक्षाएं रद्द करनी पड़ें, तब यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि मेहनत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई बन जाती है। हाल के घटनाक्रम में NEET-UG 2026 को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द किया गया है और जांच एजेंसियां सक्रिय हुई हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का दायरा अत्यंत विशाल है। हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी सरकारी




नौकरियों, मेडिकल, इंजीनियरिंग, विश्वविद्यालय प्रवेश तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में भाग लेते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं इतनी सामान्य हो गई हैं कि अब ईमानदार परीक्षार्थी स्वयं को ठगा हुआ महसूस करने लगे हैं। 2019 से 2024 के बीच देश में कम से कम 65 बड़ी परीक्षाएं पेपर लीक या परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित हुईं। लाखों सपनों की कब्रगाह बन चुका है भारत का परीक्षा तंत्र। हर साल करोड़ों युवा रात-दिन एक करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अफसर। लेकिन जब परीक्षा हॉल में बैठने से पहले ही प्रश्नपत्र व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर वायरल हो जाता है, तो उन सपनों का क्या होता है? यह केवल एक परीक्षा का निरस्त होना नहीं है कृ यह उस पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है जिस पर 140 करोड़ लोगों का भविष्य टिका है। पेपर लीक की एक लंबी और शर्मनाक सूची है । भारत में पेपर लीक कोई नई घटना नहीं है। यह एक दशकों पुरानी बीमारी है जो हर बार नए रूप में सामने आती है। इसके कुछ उदाहरण NEET-UG 2024, 5 मई 2024 को देशभर में लगभग 24 लाख परीक्षार्थी बैठे। परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बिहार में 13 लोग गिरफ्तार हुए जिन्होंने प्रश्नपत्र खरीदा था। गुजरात के गोधरा में एक परीक्षा केंद्र पर धांधली पकड़ी गई। ब्ठप् जांच और सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप हुआ। छज्। के महानिदेशक को बर्खास्त किया गया।

UGC-NET जून 2024, 18 जून को परीक्षा हुई, 19 जून को रद्द। डार्कनेट पर प्रश्नपत्र लीक की पुष्टि हुई। UP पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024, लगभग 48 लाख अभ्यर्थी प्रभावित। परीक्षा व्यापक लीक के बाद रद्द करनी पड़ी। CBSE 2018, कक्षा 12 की अर्थशास्त्र और कक्षा 10 की गणित का प्रश्नपत्र लीक हुआ। लाखों छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ी। SSC CGL 2017, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की परीक्षा में लीक के आरोपों ने देशव्यापी प्रदर्शन और CBI जांच को जन्म दिया। AIPMT 2015, सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक लीक के चलते पूरी परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया। व्यापम घोटाला, मध्यप्रदेश (2013 और आगे) दर्जनों परीक्षाओं में सुनियोजित धोखाधड़ी। इससे जुड़े कई व्यक्तियों की रहस्यमय मौतें। अब तक का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला माना जाता है। REET 2021, राजस्थानरू शिक्षक भर्ती परीक्षा में सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता से बड़े पैमाने पर लीक। BPSC 67वीं परीक्षा 2022, बिहार-प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल, परीक्षा रद्द। West Bengal SSC घोटाला: शिक्षक भर्ती में पैसे लेकर नौकरी देने और OMR शीट से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप। यह सूची यहीं समाप्त नहीं होती। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र कृ हर राज्य में यही कहानी दोहराई गई है। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है, जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं। सबसे दुखद पक्ष यह है कि हर बार सजा विद्यार्थियों को मिलती है। कोई छात्र दो-दो वर्ष ड्रॉप लेकर तैयारी करता है, कोई गरीब परिवार खेत बेचकर कोचिंग की फीस देता है, कोई छात्र मानसिक दबाव में अवसाद तक पहुंच जाता है। लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद वही छात्र फिर से महीनों तैयारी करने को मजबूर हो जाता है। परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह का अर्थ है कि पूरी मेरिट व्यवस्था पर जनता का भरोसा टूटना। सवाल यह है कि आखिर भारत जैसी तकनीकी शक्ति रखने वाला देश सुरक्षित परीक्षा प्रणाली क्यों नहीं बना पा रहा? इसका सबसे बड़ा कारण है भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क।ऐसा इस लिए है क्योंकि स्पष्ट रूप से देश की प्रशासनिक व्यवस्था ने एक प्रकार से भ्रष्टाचार को आत्मसात सा कर लिया हो और जब देशमें सर्वत्र भ्रष्टाचार व्याप्त हो तो परीक्षाएं कैसे साफ सुथरी रह सकती हैं। जरा सोंचे कि जब बिना रिश्वत या सिफारिश के शायद ही किसी सरकारी दफ्तर में काम होता है और पूरा प्रशासनिक प्रणाली भ्रष्टाचार से ग्रसित हो तो वही व्यवस्था इम्तहान कैसे ईमानदारी से करा पाने में सक्षम हो सकती है।

**(लेखक भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं)**

## युद्धविराम के बाद से लेबनान में 23 बच्चे मारे गए, 93 घायलः यूनिसेफ

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि 17 अप्रैल से लागू युद्धविराम के बाद से लेबनान में कम से कम 23 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 93 बच्चे घायल हुए हैं। यूनिसेफ ने बुधवार को जारी बयान में कहा, ष्स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम 23 बच्चे मारे गए और 93 घायल हुए हैं। दो मार्च से अब तक कुल 200 बच्चों की मौत और 806 बच्चे घायल हुए हैं, यानी औसतन हर दिन लगभग 14 बच्चे मारे गए या फिर घायल हुए हैं। बयान में यह भी कहा गया कि पिछले सात दिनों में ही लेबनान में हमलों में मारे गए और घायल बच्चों की संख्या 59 पहुंच गई हैं। मंगलवार सुबह बेरूत के दक्षिण में एक कार पर हुए हमले में दो बच्चों और उनकी मां की मौत हुई है।



कीव। रूसी हमले के बाद एक आवासीय इलाके में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए घर के मलबे को हटाते बचावकर्मी।

## यूरोपीय बाजार में भारतीय समुद्री उत्पादन को भेजने की छूट

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ की एक अधिसूचना के अंतर्गत की गई घोषणा के अनुसार भारत से झींगा और मछली जैसे मत्स्य पालन उत्पादों को वहां के बाजार में निर्यात की छूट बनी रहेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि ईयू की ओर से 12 मई को प्रकाशित संशोधित मसौदा सूची में भारत को शामिल किया गया है ताकि यूरोपीय संघ के बाजार में जलीय कृषि उत्पादों का निर्यात जारी रखा जा सके। नई घोषणा से ईयू के 4 अक्टूबर 2024 को जारी कार्यान्वयन विनियमन 2024/2598 में पहले हुई चूक से भारतीय निर्यात को में उत्पन्न चिंता दूर हुई है।

# सिर्फ औपचारिकता निभाने चीन नहीं गए हैं ट्रम्पः व्हाइट हाउस

### कहाः ताइवान मुद्दा सबसे अहम, ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि अमेरिका ताइवान को हथियार देने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को मंजूरी दी है, हालांकि उसकी डिलीवरी अभी शुरू नहीं हुई है।

ताइवान दुनिया में चिप निर्माण का बड़ा केंद्र है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ट्रम्प अमेरिका में चिप उत्पादन बढ़ाने के लिए ताइवान के साथ व्यापारिक सहयोग मजबूत करना चाहते हैं। इसी सिलसिले में एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने हैं। ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं। इसके अलावा टेक, रक्षा, कृषि और वित्त क्षेत्र के कई बड़े कारोबारी भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।



■ ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं


व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प इस दौरे पर सिर्फ औपचारिकता निभाने नहीं गए हैं, बल्कि कुछ ठोस परिणाम चाहते हैं। अमेरिकी प्रशासन को उम्मीद है कि चीन अमेरिकी सोयाबीन, बीफ और विमानों की खरीद बढ़ाने का ऐलान कर सकता है। साथ ही दोनों देशों के व्यापारिक विवाद सुलझाने के लिए बोर्ड ऑफ ट्रेड जैसी व्यवस्था पर भी चर्चा हो सकती है। हालांकि अभी तक किसी भी संभावित समझौते की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। इस दौरे के दौरान सबसे बड़ा मुद्दा ईरान बना हुआ है। अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झटका दिया है। होर्मुज स्ट्रेट के प्रभावित होने से तेल और गैस आपूर्ति बाधित हुई है और ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है। ऐसे में ट्रम्प चीन से ईरान पर दबाव डालने की कोशिश कर सकते हैं, क्योंकि चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यह ट्रम्प का 2017 के बाद पहला चीन दौरा है। इससे पहले दोनों नेता पिछले साल अक्तूबर महीने में बुसान में मिले थे। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प और शी जिनपिंग की यह मुलाकात आने वाले समय में अमेरिका-चीन संबंधों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## शी जिनपिंग बोलेः गलत कदम से छिड़ सकता है संघर्ष

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है कि ताइवान मुद्दे पर किसी भी प्रकार की गलत रणनीति दोनों देशों को 'संघर्ष' की ओर धकेल सकती है। गुरुवार को महाशक्ति शिखर सम्मेलन के तहत हुई बैठक में ट्रम्प ने शी को 'महान नेता' और 'मित्र' बताते हुए कहा कि दोनों देशों का 'भविष्य शानदार' होगा।

शी ने औपचारिक स्वागत समारोह के बीच अपेक्षाकृत सख्त लहजे में यह भी कहा कि दोनों देशों को 'प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार' होना चाहिए। उन्होंने शुरुआत में ही ताइवान मुद्दे को चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण विषय बताया। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार शी ने कहा कि ताइवान प्रश्न चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यदि इसे गलत तरीके से संभाला गया, तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं, जिससे पूरे चीन-अमेरिका संबंध अत्यंत खतरनाक स्थिति में चले जाएंगे। यूरोन्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब सवा दो घंटे तक चली प्रारंभिक



■ चीन के राष्ट्रपति ने कहाः अमेरिका-चीन के बीच टकराव का कारण बन सकता है ताइवान

वार्ता के बाद व्हाइट हाउस के जारी आधिकारिक विवरण में ताइवान का कोई उल्लेख नहीं किया गया। इससे संकेत मिला कि दोनों नेता इस मुद्दे पर किसी ठोस सहमति तक नहीं पहुंच सके। ट्रम्प की यह यात्रा लगभग एक दशक बाद किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली चीन यात्रा है।

भव्य स्वागत समारोह के बावजूद व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अब भी दोनों देशों के बीच प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। शी ने ट्रम्प का स्वागत ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में रेड कार्पेट, सैन्य बैंड, तोपों की सलामी और स्कूली बच्चों के स्वागत नारों के साथ किया। ट्रम्प ने समारोह के दौरान कहा कि चीन और अमेरिका के संबंध पहले से कहीं बेहतर होने जा रहे हैं। इसके विपरीत शी ने प्राचीन यूनानी राजनीतिक सिद्धांत 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' का उल्लेख करते हुए कहा कि उभरती शक्ति और स्थापित शक्ति के बीच प्रतिस्पर्धा युद्ध का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान स्थापित कर सकते हैं? सहयोग दोनों पक्षों के लिए लाभकारी है, जबकि टकराव दोनों को नुकसान पहुंचाता है। वर्ष 2017 में ट्रम्प की पिछली चीन यात्रा के बाद से दोनों देश व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और कई वैश्विक मुद्दों पर लगातार मतभेदों में उलझे रहे हैं। ताइवान लंबे समय से दोनों देशों के बीच तनाव का प्रमुख कारण रहा है। अमेरिका 'वन चाइना' नीति के तहत केवल बीजिंग को मान्यता देता है, लेकिन अमेरिकी कानून के अनुसार वह ताइवान को आत्मरक्षा के लिए हथियार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे अपने नियंत्रण में लेने के लिए बल प्रयोग की संभावना से भी इन्कार नहीं करता। हाल के वर्षों में उसने ताइवान पर सैन्य दबाव बढ़ाया है। शी की टिप्पणियों के बाद ताइपे ने प्रतिक्रिया देते हुए चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए 'एकमात्र खतरा' बताया और कहा कि अमेरिका ने ताइवान के प्रति अपने 'स्पष्ट और दृढ़ समर्थन' की बार-बार पुष्टि की है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं की वार्ता अब तक सकारात्मक माहौल में हुई है। ट्रम्प ने शी को 'मित्र' बताया और दोनों नेताओं ने 'रचनात्मक, रणनीतिक और स्थिर संबंध' स्थापित करने पर सहमति जताई है। ताइवान मुद्दे के अलावा बीजिंग में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान शी और ट्रम्प ने अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण रुख अपनाया तथा बैठक को बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संबंधों को स्थिर करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। शिखर सम्मेलन का प्रमुख परिणाम वह नई रूपरेखा रही, जिसे शी ने 'रणनीतिक स्थिरता पर आधारित रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंध' करार दिया।

### चीनी पीएम ने एलन मस्क, टिम कुक, जेन्सेन हुआंग से की मुलाकात

**बीजिंग।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने गुरुवार को एलन मस्क (टेस्ला), टिम कुक (एप्पल) और जेन्सेन हुआंग (एनवीडिया) जैसे अमेरिका के दिग्गज उद्योगपतियों से मुलाकात की और अपील की कि वे चीन एवं अमेरिका के बीच संबंधों के 'स्वस्थ विकास' को बनाए रखने में सहयोग करें। यह महत्वपूर्ण बैठक बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाले उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। बीजिंग में एक दर्जन से अधिक अमेरिकी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कियांग ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और व्यापारिक तनाव के बावजूद 'मित्र और भागीदार' बने रहने की पूरी क्षमता है। ट्रम्प की इस चीन यात्रा में उनके साथ अमेरिका के 16 प्रमुख उद्योगपतियों का एक बड़ा समूह आया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प चीन के साथ नए निवेश और व्यापार बोर्ड बनाने की संभावनाओं पर काम करना चाहते हैं।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की बैठक

■ एयरोस्पेस सहयोग पर चर्चा, डफ-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी दिखा

**कैनबरा।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रायल आस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने श्भविष्य के एयरोस्पेस सहयोगश पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है, जहां फोटो सेशन के दौरान बोइंग एमक्यू-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी पीछे दिखाई दिया। दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई।

इस वार्ता का खास फोकस अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता , प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर था। आईएएफ के बयान में कहा गया कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने आपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। आस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया। बैठक के दौरान आस्ट्रेलिया की ओर से जारी एक तस्वीर में बोइंग डिफेंस आस्ट्रेलिया का एमक्यू-28 घोस्ट बैट पीछे दिखाई दिया। यह एक मानव रहित लड़ाकू विमान है, जिसे इस तरह से बनाया गया है कि यह पायलट वाले लड़ाकू विमानों और हवाई प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के साथ मिलकर काम कर सके।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति ईरानी एक्ट्रेस को मैसेज करते थे

■ दावाः मैक्रों को इस वजह से पत्नी ने थप्पड़ मारा, पिछले साल वीडियो वायरल हुआ था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को वियतनाम में उनकी पत्नी ब्रिजित मैक्रों ने ईरानी मूल के एक्ट्रेस के कारण थप्पड़ मारा था। न्यूयार्क पोस्ट के मुताबिक, यह दावा फ्रांसीसी पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने अपनी नई किताब 'एन (आलमोस्ट) परफेक्ट कपल' में किया है। यह किताब बुधवार को प्रकाशित हुई। किताब में कहा गया है कि यह विवाद ईरानी मूल की अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच कथित चौट की वजह से हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों अभिनेत्री को मैसेज भेजते थे। एक मैसेज में उन्होंने कथित तौर पर लिखा था कि मुझे तुम बहुत खूबसूरत लगती हो। फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैक्रों और फराहानी के बीच कई महीनों तक 'प्लेटोनिक रिलेशनशिप' (दोस्ती वाला रिश्ता) बना रहा। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि यह रिश्ता सिर्फ भावनात्मक और निजी बातचीत तक सीमित था। मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं। हालांकि, ब्रिजित मैक्रों की टीम ने इन सभी दावों को गलत बताया है। उनके प्रतिनिधियों ने कहा कि ब्रिजित कभी अपने पति का मोबाइल फोन नहीं देखतीं और किताब में कही गई बातें सच नहीं हैं। दूसरी तरफ अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी ने भी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ किसी रिश्ते की खबरों को पहले ही खारिज कर दिया था।

## बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने रचा इतिहास

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह पोस्ट-कोविड दौर में मुख्य भूमिका निभाते हुए दुनिया भर में 3700 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय पुरुष अभिनेता बन गए हैं। धुरंधर फ्रेंचाइजी की शानदार सफलता के साथ रणवीर ने न सिर्फ सिनेमाघरों में अपना दबदबा फिर से स्थापित किया है, बल्कि खुद को आज के भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में भी शामिल कर लिया है। पोस्ट-कोविड दौर में रणवीर की थिएटर यात्रा फिल्म 83 से शुरू हुई, जिसने दुनिया भर में 184.36 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म को इसकी भावनात्मक कहानी और रणवीर के दमदार अभिनय के लिए काफी सराहा गया। इसके बाद वह जएशभाई जोरदार में नजर आए, जिसने वैश्विक स्तर पर 24.1 करोड़ रुपये कमाए, जबकि सर्कस ने 39.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# बांग्लादेश में खसरे से मृतकों की संख्या 432 हुई

### मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप गंभीर होता जा रहा है, इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 432 हो गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत हुई है।

देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है, जिससे स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसे हाल के वर्षों का सबसे बड़ा प्रकोप बताया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, ये मौतें बुधवार सुबह तक के 24 घंटों में दर्ज की गईं। इसी अवधि में, 1489 संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे संदिग्ध संक्रमणों की कुल संख्या 53056 हो गई। इसके अतिरिक्त, 126 पुष्ट मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल पुष्ट मामलों की संख्या 7150 हो गई।



■ देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ मुश्ताक हुसैन ने कहा कि समय पर टीकाकरण न होने के कारण खसरे के मामले तेजी से फैले हैं। उन्होंने कहा, यदि प्रकोप को देखते हुए कोई उचित कदम उठाया गया होता, तो मृत्यु दर काफी कम हो सकती थी। हुसैन ने यह भी कहा कि एक बार जब मामले 50 हजार का आंकड़ा पार कर जाते हैं, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए, और ऐसा न करके काफी गलत किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले वर्ष अपर्याप्त टीकाकरण और कुपोषण ने इस प्रकोप को बदतर बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। वायरोलाजिस्ट और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ महबूबा जमील ने इस वर्ष खसरे के मामलों में असामान्य वृद्धि के बारे में बताया। उन्होंने कहा, यदि टीकाकरण गतिविधियां जारी रहती हैं, तो अगले कुछ हफ्तों में संक्रमण में कमी आनी शुरू हो सकती है। जिन क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान चलाए गए हैं, वहां अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति दिख रही है। जमील ने बताया कि संक्रमण के मामले में सिलहट जिला वर्तमान में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। सचेतन नागरिक समाज के बैनर तले प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने ढाका के धनमंडी 27 क्षेत्र में एक मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने खसरे से संबंधित मौतों के लिए पूर्व अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और उनके स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की भी मांग की।

## कोरोना मौतों का आंकड़ा आधिकारिक संख्या से तीन गुना अधिकः WHO

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोविड-19 महामारी से दुनिया भर में मौतों की वास्तविक संख्या 2.2 करोड़ से अधिक पहुंच गई है, जो आधिकारिक तौर पर दर्ज 70 लाख मौतों से करीब तीन गुना ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ की बुधवार को जारी 'वर्ल्ड हेल्थ स्टैटिस्टिक्स 2026' रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच सभी कारणों से वैश्विक अतिरिक्त मौतों (एक्सेस डेथ्स) का अनुमान 2.21 करोड़ लगाया गया, जबकि कोविड-19 से आधिकारिक तौर पर 70 लाख मौतें दर्ज की गईं। इसका मतलब है कि कोविड से दर्ज हर एक मौत के मुकाबले महामारी से जुड़ी लगभग दो अतिरिक्त मौतें हुईं।

# फिलीपींस की संसद में गोलीबारी से मचा हड़कंप

### सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की

**मनीला।** फिलीपींस की संसद के भीतर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां कुछ हथियारबंद नकाबपोशों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की, जिसके बाद हमलावर हवा में गोलियां चलाते हुए वहां से भाग गए।

यह घटना बुधवार रात तब हुई जब सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद भवन के अंदर छिपे हुए थे। उनपर मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप हैं और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है। रोजा सोमवार से ही अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद में छिपे हुए थे, लेकिन इस गोलीबारी के बाद वह वहां से गायब हो गए हैं। राष्ट्रपति की प्रवक्ता क्लेयर कास्त्रो के





■ फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं

मुताबिक, सीनेटर अब संसद परिसर में नहीं हैं। रोजा पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के खास सहयोगी और पूर्व पुलिस प्रमुख रहे हैं और उन पर नशीली दवाओं के खिलाफ खूनी अभियान चलाने का आरोप है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इसी मामले में पूर्व राष्ट्रपति पहले से ही नीदरलैंड में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं है। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की और दोषियों को पकड़ने का भरोसा दिया। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। रोजा को 'बाटो' के नाम से जाना जाता है। उन पर आरोप है कि जब वे पुलिस प्रमुख थे, तब उन्होंने 'ओप्लान तोखांग' नाम की योजना के तहत कई लोगों की जान ली। हालांकि रोजा ने इन आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि आईसीसी को उन्हें गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं है। वे सोमवार से ही संसद भवन के अंदर थे और सुरक्षा एजेंसियों को चकमा दे रहे थे।





